सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 21.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-192 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 03 जनवरी 2025
02 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर एंड लद्दाख थ्रू द एजेस पुस्तक का किया विमोचन

# कश्मीर का नाम हो सकता है कश्यप : शाह

- आर्टिकल-370 ने कश्मीर में अलगाववाद के बीज बोये
- मोदी सरकार ने आतंकवाद का खात्मा किया



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस पुस्तक को लॉन्च किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कश्मीर का नाम ऋषि कश्यप के नाम पर पड़ा होगा। शाह ने कहा कि शासकों को खुश करने के लिए लिखे इतिहास से छुटकारा पाने का समय है।

उन्होंने आगे बताया कि अगर भारत को समझना है तो इस देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। भारत का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है और निर्भरता के समय में कोशिशें की गई कि हम इसे भुला दें। एक झूठ फैलाया गया कि यह देश कभी एकजुट नहीं हो सकता और लोगों ने इसे मान लिया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, हमारे देश का इतिहास हजारों साल पुराना है। हर कोने से दुनिया भर की सभ्यता को कुछ न कुछ देने के लिए कई गतिविधियां हुई, लेकिन हमारी गुलामी के कालखंड में हमारा प्रजातीय आत्मविश्वास तोड़ने के क्रम में इसको विस्मृत कराने के कई प्रयास किए गए। एक झूठ फैलाया गया कि देश कभी एक था ही नहीं। देश की आजादी की कल्पना ही बेईमानी है, क्योंकि यह देश कभी था ही नहीं। ढेर सारे लोगों ने इस झूठ को स्वीकार कर लिया। जब इसके मूल में जाते हैं तो हमें मालूम पड़ता है कि अंग्रेजों के समय में लिखे गए इतिहास में कोई खराब इरादा नहीं होगा। लेकिन इनके अल्पज्ञान के कारण उनकी देश की व्याख्या ही गलत थी। एक प्रकार से देखे तो दुनिया भर के अधिकांश देशों का अस्तित्व जियो पॉलिटिकल अस्तित्व है। सीमाओं से बने हुए देश हैं या तो किसी युद्ध से जन्मे हैं। अमित शाह ने अनुच्छेद 370 और 35ए हटाने पर भी बात की। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 और 35ए ये हमारे देश को एक प्रकार से हमारे देश के साथ कश्मीर को एकरूप होने से रोकने वाले योगदान थे। उस वक्त भी जनता यह नहीं चाहती थी। संविधान सभा में भी बहुमत नहीं चाहता था, कि धारा 370 संविधान का हिस्सा बनें। पीएम मोदी के मजबूत संकल्प ने इसे कश्मीर से हटाया, जिसके बाद से कश्मीर और पूरे देश में विकास शुरू हुआ। अनुच्छेद ने 370 ने घाटी में अलगाववाद के बीज बोये जो बाद में आतंकवाद में बदल गए।

### हमने जो गंवाया वो जल्द करेंगे हासिल

गृह मंत्री ने पीओके का नाम लिए बिना कहा, कश्मीर में इन दिनों विकास ही विकास देखने को मिल रहा है और मुझे इस बात की खुशी है। मेरा विश्वास है कि हमने जो कुछ भी गंवाया है उसे जल्द से जल्द से वापस पा लेंगे, ये मुझे पूरा विश्वास है न केवल भौतिक विकास बल्कि हम कश्मीर की सांस्कृतिक ऊंचाइयों को भी बहुत जल्द प्राप्त करेंगे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 8,000 साल पुराने प्राचीन ग्रंथों का हवाला देते हुए भारत के साथ जम्मू कश्मीर और लद्दाख के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक एकीकरण पर जोर दिया।

# चंदन गुप्ता हत्याकांड में 28 दोषी करार

- एएनआई कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला
- तिरंगा यात्रा के दौरान हुई थी हत्या



**लखनऊ।** लखनऊ की विशेष एएनआई कोर्ट ने कासगंज में हुए चंदन गुप्ता हत्याकांड में छह साल बाद फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने 28 आरोपियों को दोषी करार दिया है जबकि दो को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है।

बता दें कि 26 जनवरी 2018 को कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसके बाद इलाके में हिंसा फैल गई थी। घटना को लेकर यूपी में कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठे थे। मामले में सलीम नाम के युवक को मुख्य आरोपी बनाया गया था। वहीं करीब 20 लोगों को नामजद किया गया था। चंदन एक सामाजिक संस्था चलाता था। उसके पिता सुशील गुप्ता कासगंज के एक अस्पताल में कंपाउंडर के रूप में काम करते थे। हत्या के बाद कासगंज का माहौल खराब हो गया था और हिंसा भड़क उठी थी। शहर में उपद्रव व आगजनी हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 49 लोगों को गिरफ्तार किया था। बृहस्पतिवार को एनआईए कोर्ट ने छह साल बाद फैसला सुना दिया। चंदन हत्याकांड में कोर्ट द्वारा सुनवाई होने और फैसला 3 दिसंबर को सुनाए जाने को लेकर शहर में पुलिस अलर्ट रही। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रो में पुलिस ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जगह जगह पुलिस तैनात रही।

## न्यूज डायरी

### टला बड़ा रेल हादसा



**फरीदाबाद।** एनएचपीसी अंडरपास के ऊपर से गुजर रही रेलवे की मेन डाउन लाइन (दिल्ली की तरफ जाने वाली) कैंटर की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गई। इस क्षतिग्रस्त लाइन पर मुंबई से देहरादून एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई। क्योंकि ट्रेन की गति काफी धीरे थे। लोको पायलट ने आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही रेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पांच घंटे तक ट्रैक की मरम्मत का काम चला। जिसकी वजह से ईएमयू और एक्सप्रेस ट्रेन प्रभावित हुई। ट्रक की मरम्मत के चलते एनएचपीसी अंडरपास को पूरी तरह से बंद कर दिया गया।

### 17 फरवरी को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि साल 1947 के 15 अगस्त को अस्तित्व आए किसी स्थान के धार्मिक स्वरुप को बरकरार रखने के प्रावधान वाले वर्ष 1991 के पूजा स्थल कानून लागू करने की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर 17 फरवरी को इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ सुनवाई करेगा।

### पीएम मोदी दिल्ली को देंगे तोहफा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी (जेजे क्लस्टर्स) के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैटों और दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं समेत कई विकास योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय में 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली तीन नई परियोजनाओं की भी आधारशिला रखेंगे। इनमें पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार के पूर्वी परिसर में एक अकादमिक ब्लॉक, द्वारका के पश्चिमी परिसर में एक अकादमिक ब्लॉक और नजफगढ़ के रोशनपुरा में वीर सावरकर कॉलेज का भवन भी शामिल है।

# कोर्ट कमिश्नर ने संभल जामा मस्जिद की दाखिल की सर्वे रिपोर्ट

**सील बंद लिफाफे को किया पेश**



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद पर चल रहे मामले में बृहस्पतिवार को एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश कर दी। यह रिपोर्ट 40 पन्नों की है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इसे सील बंद लिफाफे में जमा किया गया है। 19 और 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था। यह सर्वे संभल के चंदौसी जिला कोर्ट के निर्देश पर हुआ।

एडवोकेट कमिश्नर ने बताया कि स्वास्थ्य कारणों से रिपोर्ट पेश करने में थोड़ा समय लगा। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट पूरी कर कोर्ट में जमा कर दी गई है। रिपोर्ट की सामग्री तब तक सार्वजनिक नहीं की जाएगी जब तक सुप्रीम कोर्ट से कोई निर्देश नहीं आता। एडवोकेट कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश तक रिपोर्ट को खोला नहीं जाएगा। अगली सुनवाई के संबंध में एडवोकेट कमिश्नर ने कहा कि यह मुस्लिम पक्ष की कार्रवाई पर निर्भर करेगा। यदि वह हाईकोर्ट जाते हैं, तो उसके आधार पर मामले में आगे की प्रक्रिया तय होगी। यह मामला पहले ही सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। शीर्ष अदालत ने सर्वे रिपोर्ट को सील बंद लिफाफे में जमा करने का आदेश दिया था। रिपोर्ट में क्या जानकारी है, यह आदेश आने तक सामने नहीं आएगा। संभल के जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर के बीच यह विवाद धार्मिक स्थलों की संरचना और अधिकारों को लेकर है। इस मामले ने कानूनी और धार्मिक विवाद का रूप ले लिया है।

### सीएम योगी ने टीबी मुक्त यूपी का किया आह्वान, टीबी मुक्त भारत का सपना अब होगा साकार

# टेक्नोलॉजी व अनुभव से बीमारी पर करेंगे वार

- टीबी मुक्त यूपी के लिए आगे आए सेवानिवृत्त अधिकारी और शिक्षाविद



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत संकल्प को साकार करने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को एक बैठक में सेवानिवृत्त आईएएस-आईपीएस, पूर्व कुलपतियों, शिक्षाविदों और अन्य वरिष्ठ नागरिकों को निक्षय मित्र के रूप में जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा की। ये वरिष्ठ नागरिक अब टीबी उन्मूलन के प्रयासों में जनजागरूकता फैलाने के लिए सहयोग करेंगे। वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और टीबी के खात्मे के लिए अपने योगदान की प्रतिबद्धता जाहिर की। पूर्व आईएएस अधिकारी रवीश मिश्रा ने कहा निक्षय मित्र का दायित्व मेरे लिए केवल प्रशासनिक कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह समाज की सेवा का अहम हिस्सा है। टीबी को खत्म करने के लिए जागरूकता फैलाना और इसे जड़ से समाप्त करना हमारी प्राथमिकता होगी। पूर्व कुलपति डॉ. अरविंद दीक्षित ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के टीबी हारेगा, देश जीतेगा संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाऊंगा। विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी गरीब इलाकों में टीबी के इलाज और रोकथाम के महत्व को समझाने के लिए कार्य करूंगा। पूर्व आईपीएस अधिकारी राजेंद्र पाल सिंह ने कहा टीबी के मरीजों की निगरानी, दवाओं के वितरण और इलाज की प्रगति को ट्रैक करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी रूप से इस्तेमाल किया जाएगा। इसके जरिए टीबी मरीजों को मिलने वाली सहायता को सही तरीके से वितरित किया जाएगा, जिससे कोई भी मरीज इससे अछूता न रहे।

### टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लिए बढ़े कदम

डॉ. एके त्रिपाठी, पूर्व निदेशक डॉ. आरएमएल मेडिकल साइंसेज और पूर्व डीन केजीएमयू ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझे निक्षय मित्र के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। मैं इस कार्य के लिए आभार प्रकट करता हूं और मुख्यमंत्री के टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश विजन को साकार करने के लिए जागरुकता बढ़ाने के साथ अन्य प्रयास करूंगा। मेरा उद्देश्य जल्द से जल्द उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाना है।

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का एलान

# 34 खिलाड़ियों को मिलेगा अर्जुन पुरस्कार

- मनु भाकर और गुकेश समेत चार खिलाड़ियों को मिलेगा खेल रत्न




**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का एलान गुरुवार को कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में विजेताओं को सम्मानित करेंगी।

मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा। खेल मंत्रालय ने बयान में कहा, समिति की सिफारिशों और सरकार की जांच के आधार पर खिलाड़ियों, कोच, विश्वविद्यालयों को पुरस्कार देने का फैसला किया गया है। 22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीता। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी 64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं। खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलेगा, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल किया गया है। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार मिलेगा। वहीं, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को ओवरऑल यूनिवर्सिटी विजेता के तौर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी मिलेगी।

# नीतीश के लिए दरवाजा खुला है : लालू यादव

**नीतीश कुमार ने सुना लालू यादव का ऑफर**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव के इंडिया ब्लॉक में वापस आने के प्रस्ताव पर कुछ अलग अंदाज में जवाब दिया। पत्रकारों द्वारा लालू के नए प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर जेडी(यू) प्रमुख ने कहा, क्या बोल रहे हैं? बता दें कि नीतीश कुमार ने पिछले एक दशक में दो बार इंडिया ब्लॉक के घटक आरजेडी के साथ गठबंधन किया है। हालांकि, लालू यादव के बेटे और उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव ने स्थानीय समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में अपने पिता द्वारा की गई टिप्पणियों को कमतर आंकते हुए दावा किया कि आरजेडी सुप्रीमो ने केवल मीडिया की जिज्ञासा को शांत करने का प्रयास किया था। लालू ने कहा था, हमारे दरवाजे (नीतीश के लिए) खुले हैं। उन्हें भी अपने दरवाजे खोलने चाहिए। इससे दोनों तरफ के लोगों की आवाजाही आसान हो जाएगी। यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस रुख की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें उन्होंने जेडी(यू) सुप्रीमो को एक साल से भी कम समय में होने वाले विधानसभा चुनावों में एनडीए के चेहरे के तौर पर पेश करने की बात कही है।

# मुख्तार अंसारी की जांच रिपोर्ट बेटे को उपलब्ध कराई जाए : सुप्रीम कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट का यूपी सरकार को निर्देश
- दो हफ्ते के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा
- हृदय गति रुकने से हुई थी मौत



बता दें कि 63 वर्षीय मुख्तार अंसारी मऊ सदर से पांच बार विधायक रहे। पिछले साल 28 मार्च को उत्तर प्रदेश में बांदा के एक अस्पताल में हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई थी। वे 2005 से ही जेल में थे। उनपर 60 से अधिक आपराधिक मामले लंबित थे और उन्हें भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मामले में दोषी करार दिया गया था। उनकी मौत से ठीक पहले उमर ने दिसंबर 2023 में शीर्ष अदालत का रुख किया। पिता की जान को खतरा होने के डर से उमर ने अदालत से उन्हें (मुख्तार) उत्तर प्रदेश के बाहर किसी भी जेल में स्थानांतरित करने की अपील की थी।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को पिछले साल 28 मार्च को जेल में बंद गैंगस्टर-राजनेता मुख्तार अंसारी की मौत पर मेडिकल और मजिस्ट्रेट जांच की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जस्टिस ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले की सुनवाई की। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की तरफ से अदालत में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। पीठ ने सिब्बल की दलीलें सुनीं। उमर अंसारी ने बताया कि उनके पिता की मौत से संबंधित मेडिकल और न्यायिक जांच की रिपोर्ट राज्य सरकार की तरफ से प्रस्तुत नहीं की गई है। 2023 में राज्य सरकार ने पीठ को आश्वासन दिया था कि जरुरत पड़ने पर वह बांदा जेल के भीतर अंसारी की सुरक्षा को मजबूत करेगी, तोकि उन्हें किसी तरह का नुकसान न पहुंचाया जाए। अदालत में राज्य सरकार की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज प्रस्तुत हुए। उन्होंने बताया कि उमर को दस्तावेज मुहैया कराए जाएंगे। पीठ ने कहा कि मुख्तार अंसारी का पोस्टमॉर्टम भी किया गया था और बाद में मजिस्ट्रेट जांच भी कराई गई थी।



# प्रशांत किशोर ने शुरू किया आमरण अनशन



बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग पर अड़े

**पटना।** बीपीएससी के अभ्यर्थियों का साथ देने के लिए प्रशांत किशोर उनके साथ आये थे। अभ्यर्थियों के साथ मिलकर आंदोलन भी किया, जिस वजह से पुलिस ने अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज भी किये थे। यहां तक कि पटना पुलिस ने उनपर प्राथमिकी भी दर्ज की। अब वह गांधी मैदान के बापू स्थल पर अपने समर्थकों और अभ्यर्थियों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गये हैं। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को ही इस बात की घोषणा की थी कि अगर सरकार बीपीएससी परीक्षा को रद्द नहीं करती है तो वह आमरण अनशन शुरू कर देंगे। इस संबंध में प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरी मांगों में परीक्षा रद्द करना और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करना है। उन्होंने कहा कि मैं उन भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग करता हूं जिन्होंने कथित तौर पर परीक्षाओं से भरे जाने वाले पदों को बिक्री के लिए रखा था। पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज किये जाने के बाद सरकार ने बात करने कम लिए बुलाया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकारा

- किसान नेता डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने के लिए नहीं कहा
- छह जनवरी तक आदेश का पालन करने का निर्देश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार को फटकार लगाई और कहा कि पंजाब सरकार के अधिकारी मीडिया में इस तरह का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन को तुड़वाने की कोशिशें हो रही हैं। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि हमने डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने का निर्देश नहीं दिया और हम सिर्फ उनके सेहत को लेकर चिंतित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अब पंजाब सरकार को डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता मुहैया कराने और उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की समय सीमा छह जनवरी तक बढ़ा दी है। डल्लेवाल बीती 26 नवंबर से आमरण अनशन कर रहे हैं और उनकी मांग है कि जब तक केंद्र सरकार किसानों को बातचीत के लिए आमंत्रित नहीं करेगी, तब तक वह अपना अनशन खत्म नहीं करेंगे। वहीं डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत के बाद सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता मुहैया कराने का आदेश दिया था। हालांकि तय समयसीमा के बावजूद पंजाब सरकार किसान नेता को अस्पताल में भर्ती नहीं करा सकी। पंजाब सरकार ने कहा कि वह बल प्रयोग नहीं करना चाहते क्योंकि इससे हालात बिगड़ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार तक डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने की समयसीमा तय की थी, लेकिन अब इस समयसीमा को छह जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को उनके आदेश के अनुपालन को लेकर सोमवार तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

# 43 पुरुष और 47 महिला वृद्धजनों को प्रदान किए इनर, गर्म शाल और मोजे

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचाव के दृष्टिगत गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित वृद्धाश्रम पहुंचकर वहाँ निवासरत 90 वृद्धजनों को गर्म कपड़े (इनर, शाल, मोजे) वितरित किया। गर्म वस्त्र पाकर वृद्धजन खुशी से झूम उठे।

इस दौरान वृद्ध जनों को फल, मिष्ठान, समोसा आदि खाद्य सामग्री का भी वितरण किया गया वृद्ध आश्रम पहुंचकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 43 पुरुष एवं 47 महिला वृद्धों को गर्म इनर, गर्म शाल और मोजे देकर सम्मानित किया। कहा कि सर्दी बढ़ रही है, सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े दिए गए हैं। बुजुर्ग सर्दी से अपना बचाव करें। यहां आकर आपसभी के बीच समय बिताने में हमेशा सुकून मिलता है।

वस्त्र पाकर वृद्धों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई डीएम ने आश्रम प्रबंधक और स्टाफ से कहा कि वह वृद्धजनों का ध्यान रखें, यह न महसूस होने दें कि उनका परिवार नहीं है। उन्होंने वृद्धजनों को हर संभव मदद दिलाने का भी भरोसा दिया। वृद्धजनों से मुलाकात के दौरान वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त करते हुए कहा कि यदि उन्हें कोई समस्या है तो उसे उनके संज्ञान में लाया जाय। व्यवस्थाओं पर वृद्धजनों की ओर संतोषजनक उत्तर प्राप्त होने पर डीएम द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों तथा सुपरवाईज़र को निर्देश दिया गया कि आवासित सभी बुज़ुर्गों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं वृद्धजनों को मुहैय्या करायी जायें डीएम ने समाज कल्याण विभाग और आश्रम प्रबंधक को वृद्धजनों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने बुजुर्गों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही मनोरंजन के लिए सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध करने को भी कहा। इस दौरान डीएम ने सभी बुजुर्गों को अपनेपन का एहसास कराया और वृद्धाश्रम से चलते समय सभी बुज़ुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर उनके दीघार्यु होने की ईश्वर से कामना की तथा पुनः वृद्धाश्रम आने का वादा भी किया। कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलना हर्ष की बात है। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# भाजपा से कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू पर युवकों ने की हवाई फायरिंग

अवधनामा संवाददाता



- गोली किसी को नहीं लगी
- विधायक ने खतरा जताते हुए कहा अगर ऐसी घटनाओं पर लगाम नहीं लगाई गई तो बड़ी घटना घटित हो सकती है

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली के मोहल्ला शिव कॉलोनी में बुधवार रात फायरिंग से दहशत फैल गई। मोहल्ला निवासी कस्ता से भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू से दो-तीन युवक उलझ गए। युवकों ने हवाई फायरिंग कर दी। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। बताया जा रहा है कि युवक विधायक के आवास के पास ही सड़क पर खड़े थे। जब भाजपा विधायक ने टोका तो युवकों ने विवाद शुरू कर दिया और फायरिंग कर भाग निकले। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है कस्ता सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू शहर के मोहल्ला शिव कॉलोनी में रहते हैं। बुधवार देर रात वह अपनी पत्नी ब्लॉक प्रमुख मितौली खुशबू सिंह के साथ घर के बाहर सड़क पर टहल रहे थे। उनके आवास के पास ही दो युवक खड़े विधायक ने उन्हें वहां से जाने को कहा। इस पर दोनों युवक भड़क गए और विधायक से बहस करने लगे।

युवकों ने फायरिंग कर दी। पुलिस आए इससे पहले वहां से भाग निकले। रात में ही विधायक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई विधायक के मुताबिक वह रोजाना घर के बाहर टहलते हैं। घर से 50 मीटर दूरी पर बाइक सवार दो लड़के खड़े थे। हमने ललकारा तो उन लोगों ने हवाई फायर किया। सीधे फायर करते तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी। जब तक गनर आता तब तक आरोपी भाग खड़े हुए। आशंका है कि युवकों को पहले से जानकारी होगी। विधायक प्रतिदिन बाहर टहलते हैं। विधायक ने खतरा जताते हुए कहा कि अगर ऐसी घटनाओं पर लगाम नहीं लगाई गई तो बड़ी घटना घटित हो सकती है कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू के आवास के पास बुधवार रात युवकों द्वारा हवाई फायरिंग किए जाने की घटना को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को दोपहर में भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, गोला गोकर्णनाथ के विधायक अमन गिरि और धौरहरा के विधायक विनोद शंकर अवस्थी मोहल्ला शिव कॉलोनी में कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू के घर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सभी जनप्रतिनिधियों ने घटना को लेकर रोष जताते हुए इस मामले में कड़ी कार्रवाई होने की बात कही है।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** थाना नीमगांव पुलिस द्वारा वाद सं0 34/24 धारा 125(3) द0प्र0सं0 में वारंटी अभियुक्त अखिलेश उर्फ रिंकू पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम ढखिया खुर्द थाना नीमगांव जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## छंटनी करने को लेकर संविदा बिजली कर्मी आक्रोशित

**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** संविदा बिजली कर्मी छंटनी करने को लेकर आक्रोशित हो गए। इस मामले को लेकर संविदा कर्मियों ने नयी बस्ती पावर हाउस पर इकठ्ठा हुए। नई कार्यदाई संस्था के खिलाफ अक्षीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। साथ ही छंटनी के नए नियम पर रोक लगाने की मांग की। गुरूवार को तमाम संविदा बिजली कर्मी नयी बस्ती पावर हाउस पर इकठ्ठा हुए। नई कंपनी के 50 प्रतिशत छंटनी को लेकर रोष जताया संविदाकर्मियों की 29 और 30 दिसंबर को संविदा समाप्त हो गयी है। रिनीवल होने से पहले ही जिलेभर में संविदा कर्मियों को रखने वाली कार्यदाई संस्था भी बदल गयी। नई कार्यदाई संस्था ने सभी पावर हाउस पर 50 प्रतिशत छंटनी कर तैनाती करने का नियम बनाया है। इससे सालों से काम कर रहे संविदा कर्मियों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। इस नियम के खिलाफ अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देकर नियम बदले की मांग की गयी है। मौजूदा समय में सभी पावर हाउस पर 40 संविदा कर्मी तैनात हैं। नये नियम के तहत 15 ही तैनात होगे। इसमें 24 घंटे ड्यूटी के लिए चार कर्मी तैनात होंगे।

## वोटर लिस्ट के अन्तिम प्रकाशन की तिथि बढ़ी

**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** सर्वसाधारण को सूचित करते हुए एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01.01.2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन की तिथि में संशोधन के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है, जिसके अनुसार निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन की संशोधित तिथि 06-01-2025 के स्थान पर दिनांक 07-01-2025 कर दी गई है।

## तीन जूडो का नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** कैडेट एवं सब जूनियर प्रदेशीय जूडो टीम की चयन प्रक्रिया सहारनपुर की तीन बालिकाओं का चयन किया गया। तीनों बालिकाएं पुणे में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर एवं कैडेट जूडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। उक्त जानकारी अंतर्राष्ट्रीय रेफ़्री एवं सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के सचिव दीपक गुप्ता ने देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की जूडो टीम में चयनित होने वाली सहारनपुर जनपद की शगुन कश्यप ने 44 किलो भार वर्ग, प्रज्ञा वर्मा ने 52 किलो भार वर्ग एवं रितिका मालियान ने 70 किलो से अधिक वजन वर्ग में अपना चयन सुनिश्चित किया। तीनों खिलाड़ी 18 तारीख से 25 जनवरी तक पुणे, महाराष्ट्र में होने वाली राष्ट्रीय सबजूनियर एवं कैडेट जूडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। तीन जूडोकाओं के चयन पर सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एसके शर्मा, उपाध्यक्ष पंकज बंसल, अनिल अग्गरवाल, पंकज मल्होत्रा, संजय गुप्ता, विवेक गर्ग, संजीव गुप्ता, सुषमा सिंह, धीरज जैन, विनय जिंदल, विधि जैन, प्रिसीपल प्रिया जैन आदि ने खुशी जाहिर की है।

## इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी ने मैच जीत फाइनल में किया प्रवेश

**सहारनपुर।** सेठ घनश्याम दास मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफ़ाइनल मैच में इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी ने एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी बी टीम को 62 रन से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है। ऑल राउंड प्रदर्शन करने वाले इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी के कप्तान आदिल खान को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया। गुरुवार को सेठ घनश्याम दास गुप्ता चेरिटेबल ट्रस्ट और एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित सेठ घनश्याम दास गुप्ता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला सेमी फ़ाइनल मैच एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी टीम बी और इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 227 रन बनाए। इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी की ओर से कप्तान आदिल खान ने 71 नाबाद ओर शामिख ने 34 नाबाद रनों का योगदान दिया।

# नोटिस पर नोटिस के बाद भी एक्ट्रेस व बीजेपी सांसद नहीं हुई पेश

अवधनामा संवाददाता



**आगरा।** आगरा के एमपी-एमएलए कोर्ट में अपने खिलाफ दायर वाद में अपना पक्ष रखने के लिए भाजपा सांसद और सिने अभिनेत्री कंगना रनौत लगातार चौथी तारीख पर भी कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। न ही उनकी ओर से कोई वकील ही पेश हुआ। इस पर न्यायालय ने वादी पक्ष की बहस सुनी और आदेश के लिए नौ जनवरी की तिथि नियत की है।

किसानों एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी करने के मामले में हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ दायर वाद में स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट ने उन्हें तीन बार नोटिस भेजे। तीनों ही बार नोटिस कंगना के दिल्ली और मनाली स्थित पते पर रिसीव भी हो चुके थे। तीन तारीखों पर कंगना रनौत कोर्ट में अपन पक्ष रखने नहीं आई थीं। आज इस मामले में चौथी तारीख थी। कंगना रनौत के आज भी कोर्ट में उपस्थित न होने पर न्यायालय ने वादी पक्ष की मौखिक बहस सुनी। वादी रमा शंकर शर्मा एडवोकेट और उनके गवाहों की लिखित बहस पहले ही कोर्ट में दाखिल हो चुकी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा एडवोकेट ने कंगना रनौत के विरुद्ध स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए में 11 सितंबर 2024 को एक बाद दायर किया है। यह वाद उन्होंने कंगना रनौत द्वारा अगस्त 2020 से दिसंबर 2021 तक केंद्र सरकार के काले कानून के विरोध में धरने पर बैठे किसानों को हत्यारा, बलात्कारी और अलगाववादी बताने तथा राष्ट्रपति महात्मा गांधी के प्रति अपमानजनक टिप्पणी का आरोप लगाया है।

पिछली तारीख पर कोर्ट ने कंगना को भेजे गए नोटिसों की तामीलात पर्याप्त मानते हुए अगली सुनवाई के लिए 2 जनवरी 2025 की तिथि नियत की थी। आज भी कंगना की ओर से कोर्ट में अपना पक्ष न रखे जाने पर कोर्ट ने वादी पक्ष की बहस सुनी। वादी रमाशंकर शर्मा एडवोकेट के अधिवक्ताओं की बहस सुनी। वादी पक्ष ने कंगना के बयानों से संबंधित सबूत भी कोर्ट में पेश किए। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह ने अब इस मामले में आदेश के लिए नौ जनवरी की तारीख तय की है।

# सर्द हवाओं ने सर्दी को बनाया और विकराल

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा, जिससे सूरज की हल्की किरणें भी जमीन तक नहीं पहुंच सकीं। न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया और 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली सर्द हवाओं ने सर्दी को और विकराल बना दिया। गलन भरी इस सर्दी ने न केवल लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर किया। बल्कि दिनभर दुकानों आदि के बाहर दुकानदार अलाव जलाकर सर्दी को कम करने की कोशिश करते रहे। हालांकि नगर पालिका के अलाव दिन के वक्त नजर नहीं आए। गुरुवार को सुबह से चल रही सर्द हवाओं ने लोगों को कंपकंपा दिया। पूरे दिन गलन इतनी तेज रही कि जो लोग जरूरी काम से बाहर निकले, वे भी अपने शरीर को गर्म कपड़ों से पूरी तरह ढककर ही निकले। हवा की तेज गति ने सर्दी का असर इतना बढ़ा दिया कि अलाव की गैरमौजूदगी में लोगों ने कूड़े और लकड़ियां जलाकर खुद को गर्म रखने का प्रयास किया। तेज सर्द हवाओं और गलन के कारण बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। जो लोग बाहर निकले भी, वे जल्दी से जल्दी अपने काम निपटाकर घर लौटने की कोशिश करते दिखे। सर्दी के इस प्रकोप के बीच केवल गर्म कपड़ों की दुकानें ही थोड़ी चहल-पहल से भरी रहीं। दुकानदारों का कहना है कि इन दिनों लोग विशेष तौर पर स्वेटर, जैकेट और दस्ताने खरीदने आ रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तापमान में और गिरावट का अनुमान लगाया है। इसके साथ ही सर्द हवाओं की गति भी तेज रहने की संभावना है। बढ़ती सर्दी पर डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनें और अत्यधिक सर्दी में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें। गुनगुने पानी का सेवन करने से जुखाम खांसी जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है।

# लक्षणयुक्त या हाईरिस्क लोगों का टेस्ट एवं एक्सरे अधिकतम क्षमता पर करें: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय कार्यशाला में जनपद के ग्राम प्रधानों, सीएचओ, एएनएम, शिक्षकों, ग्रह विभाग के अंतर्गत जिला कारागार के प्रतिनिधियों को 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यो के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

जनमंच सभागार में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, पुराने टीबी रोगी, टीबी रोगी के साथ रहने वाले व्यक्ति, डायबिटीज, एचआईवी ग्रस्ट व्यक्ति, नशा करने वाले व्यक्ति आदि को समय से चिन्हित कर स्क्रीनिंग करते हुए ईलाज किया जाए। संबंधित सभी विभाग बेहतर आपसी समन्वय कर अभियान को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करें। लक्षणयुक्त या हाईरिस्क लोगों का टैस्ट, एक्सरे अधिकतम क्षमता पर किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.प्रवीण कुमार ने सभी से जुट के इस अभियान मे योगदान देने की अपील की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सर्वेश कुमार सिंह ने कार्यशाला के माध्यम से बताया कि किस प्रकार जिले की कुल आबादी से 10 प्रतिशत जनसंख्या को चिन्हित करके आशा, संगनी, आंगनवाडी कार्यकत्री, एएनएम के माध्यम से टीबी के लक्षण पूछ के लाइन लिस्ट करके उन्हें नज़दीक के आरोग्य मंदिर में भी सीएचओ के पास भेजा जायेगा जहां से सन्दिगध मरीज़ो के बलगम के नमूने सपूटम ट्रांसपोर्टर के माध्यम से नजदीकी सीएचसी एवं पीएचसी पर जाँच के लिए भेजे जायेंगे एवं एक्स-रे हेतू भी मरीज़ो को संबंधित एक्स-रे सुविधा युक्त नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रो पर भेजा जायेगा, टीबी पाये जाने पर टीबी विभाग इलाज शुरू करेगा। रोज की पूरी रिपोर्टिंग निक्षय पोर्टल के माध्यम से होगी।

# बाईसी ब्रिगेड रेस्टोरेंट ने उत्तम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अनोखे तरीक़े से मनाया नववर्ष

अवधनामा संवाददाता



**आगरा।** एक ओर जहां रेस्टोरेंट सिर्फ महंगे दामों के व्यंजन व टैक्स के लिए मशहूर होते हैं तो वही सैन्य थीम पर सुसज्जित व आधारित बहु व्यंजन रेस्तरां बाईसी ब्रिगेड ने समाज के समक्ष अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने अनोखे ढंग से नव वर्ष की शुरुआत की।

आज जब लोग का अपने परिवार के वृद्धों के साथ बुरा बर्ताव व तिरस्कार के नित नए क़िस्से आम हो गए हैं, बाईसी ब्रिगेड रेस्तरां ने श्री राम लाल वृद्ध आश्रम की आश्रित वृद्ध महिला राजधानी गोयल का अपने कर्मचारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ धूमधाम से जन्मदिन मनाकर साल के प्रथम दिन की शुरुआत की।आश्रित वृद्ध श्रीमती राजधानी बनने के काटते हुए कहा कि उनके अपने बेटों के पास उनके लिए खाना नहीं था तब आज उनका जन्मदिन मनाना उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी, सभी उपस्थित हूँ की आंखें नम हो गई। बाईसी ब्रिगेड आज के बाद श्री रामलाल वृद्धाश्रम में आश्रित सभी वृद्धों का जन्मदिन अपने रेस्तरां में धूमधाम से मनाया करेगा। रामलाल वृद्धाश्रम में आश्रित जिस किसी भी वृद्ध का जन्मदिन हो बाईसी ब्रिगेड उन्हें अपने साथ दो अपने परिजनों को साथ लाने का निमंत्रण देगा व रेस्तरां में धूमधाम से मनायेगा। जिसके लिए श्री रामलाल वृद्धाश्रम के अध्यक्ष पंडित शिव प्रसाद शर्मा ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। आगामी दिनों में बाईसी ब्रिगेड आगरा ज़िले के आस पास के गाँव में संचालित सरकारी स्कूलों के दसवीं और बारहवीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्र व छात्राओं को बारी बारी से उसके परिवार और प्रधानाध्यापक के साथ रेस्तरां में सम्मानित करेगा। इस अवश्य अवसर पर प्रमुख रूप से विजयपाल सिंह चौहान एडवोकेट, ग्रुप कैप्टन डॉ. कुँवर जयपाल सिंह चौहान, प्रमुख समाजसेवी अनिल शर्मा, असलम सलीमि, जगदीश मिरचंदानी, आशा चौहान, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह चौहान, शैलेश तोमर, रामलाल वृद्धाश्रम के अध्यक्ष शिव प्रसाद शर्मा, सरिता शर्मा आदि प्रमुख रूप से रेस्तरां के स्टाफ़ के साथ उपस्थित थे।

# महापौर ने वार्ड 52 में किया सीसी रोड निर्माण का शुभारम्भ



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** महापौर अजय कुमार ने आज वार्ड सं. 52 में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य का रिबन काट कर एवं नारियल फोड़ कर शुभारम्भ किया। महापौर ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों को निरीक्षण भी किया। महापौर अजय कुमार आज सुबह वार्ड नं. 52 के मटिया महल पहुँचे। क्षेत्रीय पार्षद मनोज प्रजापति एवं क्षेत्रीय लोगों ने उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। महापौर ने मटिया महल में संजय मोहता के मकान से क्षितिज मेहता के मकान तक एक सी.सी सड़क एवं नाली निर्माण के कार्य का वेद मन्त्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर एवं रिबन काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने वार्ड के मटिया महल, प्राचीन शिव मन्दिर, मौहल्ला जाफ़रनवाज व रेडक्रॉस हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रेडक्रॉस हॉस्पिटल की मरम्मत कराने और वहाँ एक शौचालय निर्माण तथा जच्चा-बच्चा अस्पताल से नागपाल चक्की तक एक सीसी रोड बनवाने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उ.प्र. लगातार विकास के नये सोपान चढ़ रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम शहर में सी.सी. सड़को, नाली निर्माण और अन्य आवश्यक कार्यों का निर्माण कराकर सहारनपुर को एक बेहतर शहर बनाने के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद मनोज प्रजापति, संजय मोहता, जगमोहन पुरी, नीरज गुप्ता, सिद्धांत शर्मा व विक्रान्त जैन आदि क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आगरा के गधापाड़ा माल गोदाम में बिना अनुमति पेड़ काटने के मामले में अब नागरिक संगठनों ने उठाई आवाज

अवधनामा संवाददाता



**आगरा।** गधापाड़ा माल गोदाम में बिना अनुमति पेड़ काटने पर गणपति इंफ्रा और गणपति लीजिंग इंफ्रा पर मुकदमा दर्ज हुआ है। ईदगाह रेलवे स्टेशन के सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार ने हरी पर्वत थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वही अब इस मामले में सिविल सोसाइटी ऑफ आगरा ने आवाज उठाई है।

गधापाड़ा रेलवे का गुड्स यार्ड बिक चुका है,अब यहां शीघ्र ही रेलवे की निर्माण प्रक्रिया शुरू होगी ,उसके लिए जरूरत के मुताबिक पेड़ों को काट दिया गया है। नागरिक संगठनों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने इस 'हरियाली छति ' को लेकर आवाज उठाई है। सिविल सोसाइटी ऑफ़ आगरा , रिवर कनेक्ट कैंपेन टीम आदि संगठन इसे गंभीरता से लेते है और रेल मंत्री से मांग करते हैं कि अगर संभव हो तो 'डिसइंवेसमेंट' के नाम पर बेची गई इस संपत्ति की डील का रिव्यू करें। यह बिक्री ताजमहल की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में व आगरा के नागरिक हितों के विरुद्ध है।हम चाहते हैं कि विनेश के नाम पर की गई' सेल डीड' का ताज ट्रिपेजियम जोन अथॉरिटी से रिव्यू करवाया जाये। जो भी रिव्यू रिपोर्ट हो उसे सार्वजनिक किया जाये तथा उसके आधार पर रेलवे जरूरी कदम उठाये। हम चाहेंगे कि आगरा विकास प्राधिकरण आगरा की अवस्थापना जरूरतों के संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट करे। रेलवे यार्ड को आवासीय परिसर में तब्दील करने का कार्य जिस एजेंसी ने भी किया है,उसका अपना मनमाना फैसला लगता है। जन आपत्तियों संबधी प्राविधान को पूरी तरह से नजर अंदाज किया गया है।

सिविल सोसायटी अपेक्षा करता है कि रेलवे यार्ड के स्थान पर जो आवासीय परिसर विकसित किया जाना है,उसके बारे में प्रचारित है कि एक हजार से ज्यादा आवासीय संपत्तियां नव विकसित परिसर में बनेंगी। नागरिक संगठन जानना चाहते हैं कि इनमें रहने वाले'रहवासियो' की जरूरत पूरी करने लायक पेयजल, घरेलू कार्यों के लिये पानी और सीवर की जरूरत पूरी करने के लिए क्या इंतजाम प्रस्तावित हैं। इस क्षेत्र में जो भी नागरिक सुविधाएं मौजूद हैं वह पहले से ही जरूरत से कहीं कम हैं। नागरिकों की अवस्थापना सुविधाओं के प्रति प्रतिबद्धता रखने के कारण संगठन हमेशा इसको लेकर आवाज उठाता रहा है।जो अवस्थापना सुविधाएं वर्तमान में मौजूद हैं,उनकी स्थिति किसी नयी योजना को सहभागी बनाने लायक नहीं है। हम रेलवे से भी चाहेंगे कि इस सेल के संबंध में आधिकारिक रूप से जानकारी दें,अब तक जो भी सूचनाएं प्राप्त हुई है,द्वितीय माध्यम की है।शहरवासी यह भी जानना चाहेंगे कि रेलवे आगरा में क्या क्या और इन्वेस्टमेंट के नाम पर बेचने की तैयारी में है।

हम जनप्रतिनिधियों की ख्याति और शिष्टाचार को दृष्टिगत तो कुछ भी सार्वजनिक रूप से कहना नहीं चाहेंगे किंतु उनसे अपेक्षा करेंगे कि आगरा के हितों के प्रति सक्रियता बरतें। प्रेस वार्ता में उपस्थितों में सर्वश्री डॉ देवाशीष भट्टाचार्य,जगन प्रसाद तेहरिया, शिरोमणि सिंह, अनिल शर्मा, राजीव सक्सेना, असलम सलीमी, निधि पाठक आदि उपस्थित थे।

# माता सावित्रीबाई फुले के पद चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** आल इंडिया सैनी सेवा समाज के तत्वावधान में आयोजित माता सावित्री बाई फुले जयंती समारोह में केन्द्र सरकार से माता सावित्री बाई फुले को भारत रत्न प्रदान किए जाने की मांग की गई। दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित माता सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह का शुभारंभ औद्योगिक मंत्री जसवंत सैनी व बार संघ के अध्यक्ष अभय सैनी ने माता सावित्रीबाई फुले को पुष्पांजलि अर्पित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि हमें माता सावित्रीबाई फुले के पद चिन्ह पर चलना चाहिए और महिला शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि माता सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के लिए सबसे अधिक काम किया है। समाज को एकजुट होकर चलना चाहिए। बार संघ के अध्यक्ष एडवोकेट अभय सैनी ने कहा कि हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम माता सावित्रीबाई फुले, ज्योतिबा फुले के आदर्शो को लेकर आगे बढ़ेंगे और जिस प्रकार उन्होंने शिक्षा की अलग जगाई थी उसको भी आगे बढ़ाएंगे। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी ने कहा कि संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने महापुरुषों का जयंती समारोह इसीलिए मनाया जाता है ताकि आने वाली युवा पीढ़ी को भी समाज के महापुरुषों के बारे में जानकारी हो सके इससे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 03 जनवरी 2025



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मेला रामनगरिया की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0वी0के0सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में मेला रामनगरिया में विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु गठित समितियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समयसारिणी 07 तारीख तक बनाकर जारी करे, अभी तक मनोरंजन क्षेत्र, टेंट व साइकिल स्टैंड की कोई निविदा प्राप्त नही हुई है, जिलाधिकारी द्वारा उक्त निविदाओं को दोबारा जारी करने के लिये निर्देशित किया गया, मेला क्षेत्र में बनाये गये अस्थाई शौचालयों में नियमित सफाई कराने,मेला क्षेत्र की साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी रखने, एम्बुलेंस की तत्काल तैनाती व पैंटून पुल के सुदृढ़ीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मेला व्यवस्थित ढंग से लगाया जाये व विकास प्रदर्शनी में लगने वाले स्टॉल पूरे समय लगे, जिला पूर्ति अधिकारी को मेला क्षेत्र में एल0 पी0 जी0 की आपूर्ति के लिये 02 एजेंसियों को नामित करने व पूर्ति निरीक्षकों की ड्यूटी लगाने के लिये निर्देशित किया गया। अधिशासी अभियंता विद्युत, अग्निशमन अधिकारी, सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका,मेला मजिस्ट्रेट व मेला क्षेत्राधिकारी को सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण करने के लिये निर्देशित किया गया।

## वक्फ़ लुटेरों के चंगुल से आज़ाद हुआ अंजुमन इस्लामियां, नई कमेटी ने किया कार्यभार ग्रहण

मनव्वर रिज़वी



**जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की मौजूदगी में कमेटी के नए अध्यक्ष अनस चौधरी ने लिया चार्ज**

**गोरखपुर।** आखिरकार वक्फ़ लुटेरों को दरकिनार करते हुए अंजुमन इस्लामियां, खूनीपुर की नई कमेटी ने कार्यभार संभाल लिया। सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा गठित अंजुमन इस्लामिया की नव नियुक्त कमेटी ने अंजुमन इस्लामिया में बृहस्पतिवार को जिला अल्पसंख्यक अधिकारी की मौजूदगी में अपना पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही अंजुमन इस्लामिया के गेट और नोटिस बोर्ड पर नोटिस चस्पा किया गया साथ ही वक्फ़ अंजुमन इस्लामियां के किराएदारों को भी नोटिस भी जारी किया जिसमें किराएदारों ये निर्देशित किया गया कि अब वो अपना किराया नवनियुक्त कमेटी के सदस्य को दे और उनसे अध्यक्ष और सेक्रेटरी द्वारा हस्ताक्षर की गई रसीद भी ले। आपको बताते चलें कि गोरखपुर शहर के अलावा आस पास के इलाकों में अंजुमन इस्लामिया की बहुत सी सम्पत्ति है जिसपर किरायेदार आबाद हैं। सालों से यह वक्फ़ एक परिवार के चंगुल में था जिसमें कई सफेदपोश हिस्सेदार भी थे। सबसे बड़ी बात ये है कि अंजुमन इस्लामियां के नाम पर मकानों और दुकानों का किराया वसूला जाता रहा। तमाम दुकानें मोटी रकम लेकर पगड़ी पर दी जाती रही लेकिन वक्फ़ अभिलेखों में इसका कोई हिसाब किताब मौजूद नहीं जानकारों का यहां तक कहना है कि 38 साल से न तो वक्फ़ बोर्ड से कोई पत्राचार किया गया और न ही कोई रकम वक्फ़ बोर्ड में जमा की गई। इससे पूर्व भी आपको जानकारी दी जा चुकी है की1986 में चौधरी अब्दुल रहमान की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन वक्फ़ बोर्ड ने किया था। 29 जून 1989 को कमेटी का कार्यकाल पूरा होने के बाद किसी भी नई कमेटी को बोर्ड द्वारा मान्यता नही दी गई।

वहीं दूसरी तरफ अंजुमन इस्लामिया का अंतिम आडिट 1986 में हुआ। हैरानी की बात ये है कि अंजुमन इस्लामिया की तरफ से 1986 के बाद सुन्नी सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड से किसी भी तरह का न तो पत्राचार किया गया और न ही बोर्ड में कोई अंशदान ही जमा किया गया। इसके अलावा अंजुमन इस्लामिया के नाम पर जो निर्माण हुआ उसके लिए वक्फ़ बोर्ड से किसी भी तरह की कोई परमिशन नही ली गई । कुछ चुनिंदा लोगों द्वारा वक्फ़ अंजुमन इस्लामिया की सम्पत्ति को निजी सम्पत्ति बनाकर करोडों रुपये का वारा न्यारा कर लिया गया। बीते 13 दिसम्बर 2024 को सुन्नी सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड द्वारा नई कमेटी को तौलियत प्रमाण पत्रजारी कर दिया गया। जिसके बाद से ही अंजुमन इस्लामिया का कार्यभार नई कमेटी ने अपने हाथों में लेने की कवायद शुरू कर दिया था। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान कमेटी के अध्यक्ष अनस चौधरी, सेक्रेटरी नूरुल हक के अलावा उपाध्यक्ष मोहम्मद फारुक, सदस्य हाफिज बदरुद्दीन और अन्य लोग मौजूद रहे।

## गरीबों, असहायों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य : चौहान

### विधायक ने असहाय और जरूरतमंदों में बांटा कंबल



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवां ब्लॉक के गंगटही ग्राम पंचायत में खजनी विधायक श्रीराम चौहान व तहसीलदार खजनी कृष्ण गोपाल त्रिपाठी ने गरीब असहाय और जरूरतमंदों में करीब एक हजार कंबलों का वितरण किया। विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि गरीबों व असहायों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य है।

शासन द्वारा जरूरतमंद महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों आदि के लिए ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरित किए जा रहे हैं। तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी ने बताया कि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना शासन व प्रशासन की प्राथमिकता है।

इस कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कम्बल दिए जा रहे हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि गंगटही विजय कुमार पाण्डेय, प्रधान पचौरी आनंद यादव, प्रधान गंगा प्रसाद, प्रधान भलुआ अभिमन्यु सिंह, विवेक चौधरी, अजय सिंह, धरणीधर राम त्रिपाठी, संजय मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## उच्च जोखिम श्रेणी के लाखों संभावित टीबी रोगियों की बनेगी प्रिजेंप्टिव आईडी

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** जिले में चल रहे सौ दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान के दौरान उच्च जोखिम श्रेणी के लाखों संभावित टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही उनकी निक्षय पोर्टल पर प्रिजेंप्टिव आईडी बनाई जाएगी। इन रोगियों में से जांच के बाद जो टीबी के मरीज निकलेंगे उनका उपचार शुरू होगा और बाकी लोगों की आईडी क्लोज की जाएगी। टीबी मरीजों के निकट सम्पर्कियों की भी जांच होगी और टीबी की पुष्टि न होने पर भी उन्हें बचाव की दवा खिलाई जाएगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने दी। उन्होंने अपने कार्यालय से टीबी रोगी खोजी वैन को गुरूवार को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया । यह वैन पोर्टेबल एक्स रे मशीन के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ों संभावित टीबी रोगियों की जांच करेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 07 दिसम्बर से शुरू हुए इस अभियान के दौरान अभी तक करीब 12000 से अधिक प्रिजेम्पटिव आईडी बनाई जा चुकी है। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार साठ साल से अधिक उम्र के लोग, कुपोषित या कमजोर लोग, मधुमेह रोगी, धुम्रपान व नशा करने वाले, इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों को निकट सम्पर्कियों, इलाज पूरा कर चुके टीबी रोगी, एचआईवी रोगी और मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग उच्च जोखिम श्रेणी में आते हैं और उनमें टीबी की आशंका कहीं अधिक है । ऐसे लोगों की समय से जांच कर टीबी की पहचान होने पर सही से पूरा इलाज करवाया जाए तो यह पूरी तरह से ठीक हो सकती है, लेकिन अगर एक मरीज का समय से इलाज न हो तो वह साल भर में पंद्रह नये टीबी मरीज बना सकता है। इसके विपरीत उपचाराधीन टीबी रोगी से संक्रमण की आशंका कम होती है। सीएमओ डॉ दूबे ने बताया कि उच्च जोखिम वाले संभावित टीबी रोगियों को एक्स रे केंद्र और सीबीनॉट मशीन तक ले जाने के लिए 108 नंबर एम्बुलेस सेवा की भी सुविधा सरकारी खर्चे पर दी जाएगी।

## अन्नपूर्णा भवन में कोटेदार नहीं कर रहे खाद्यान्न का वितरण, हुई शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** जिले में लाखों रुपए की लागत से निर्मित अन्नपूर्णा भवन में कोटेदार खाद्यान्न का वितरण नहीं कर रहे हैं,जिससे प्रशासन नाराजगी जता रहा है। दुकान के बंद होने की शिकायत मिलने पर पंडरी कृपाल विकास खंड के भटवलिया तथा खम्हरिया हरिवंश के कोटेदार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने खाद्यान्न अन्नपूर्णा भवन से खाद्यान्न बांटने को कहा है,साथ ही चेतावनी दी है कि यदि खाद्यान्न अन्नपूर्णा भवन से नहीं वितरण किया गया है तो सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

मिली जानकारी के मुताबिक शासन की ओर से गोंडा जिले में अब तक सभी विकास खंडों में 80 अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जा चुका है। इनमें से 50 से अधिक अन्नपूर्णा भवन में प्रत्येक माह खाद्यान्न का वितरण भी किया जा रहा है,लेकिन कुछ ऐसे कोटेदार हैं जो शासन के आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे ही विकासखंड पंडरीकृपाल के दो गांव में अन्नपूर्णा भवन से खाद्यान्न का वितरण ना होने की शिकायत प्रशासन को मिली,जिस पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो कोटेदार की अन्नपूर्णा भवन से खाद्यान्न वितरण करने की बात गलत पाई गई है। जिस पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए हर हाल में खाद्यान्न का वितरण अन्नपूर्णा भवन से ही करने को कहा है। कोटेदार को चेतावनी दी गई है कि यदि वह लोग मनमानी करते हैं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विकासखंड पंडरी कृपाल के दो गाँवों में अन्नपूर्णा भवन से खाद्यान्न न बांटे जाने की शिकायत मिली थी,जिस पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह ने सख्त चेतावनी दी है। वहीं जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय ने बताया कि कुछ कोटेदार अन्नपूर्णा भवन से खाद्यान्न का वितरण नहीं कर रहे हैं,जिसकी शिकायत लगातार मिल रही है। उन्होंने बताया कि संबंधित क्षेत्र के निरीक्षक व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिस गांव में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण हो गया है। वहां उसी भवन से खाद्यान्न वितरण करना होगा। ऐसा न करने वालों के विरूद्ध सख्त रवैया अपनाया जाएगा।

## राजीव यादव के शास्त्री इंटर कॉलेज समिति के अध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत चदुईया स्थित शास्त्री इंटर कॉलेज समिति का अध्यक्ष राजीव सिंह यादव को बनाये जाने पर शास्त्री इंटर कॉलेज चंदुईया के प्रधानाचार्य सुनील कुमार दुबे व श्री राम कृष्ण आदर्श विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह यादव द्वारा सम्मानित किया गया जिसमे प्रबन्धक समिति अध्यक्ष राजीव सिंह यादव ने इस जाहिर करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर शास्त्री इंटर कॉलेज के प्रबंधक व प्रधान पतिअनुराग कुमार मिश्रा अशोक कुमार मिश्रा पूर्व प्रधान जरहरी अध्यापक जनवेज यादव बिनोद कुमार धनन्जय सिंह श्रुति दुवेदी वीरेंद्र कुमार लिपिक बिनोद कुमार अन वेश कुमार मिश्रा प्रभाकांत चतुर्वेदी तथा अनिल कुमार यादव करन यादव अखलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया





**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 02/01/2025 को प्रभारी आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ एवं कोतवाली-कायमगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध ग्राम-ममापुर मे दबिश दी गई। लगभग 100 किलोग्राम लहन नष्ट की गई। 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किए गए। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## सीडीओ की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आहुत की गयी। सीडीओ ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के उच्च प्राथमिकता में शामिल है। मुख्यमंत्री जी द्वारा जून 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे संबंधित विभागों के आपसी समन्वय से ही सफल बनाया जा सकता है, ऐसे में सभी विभाग अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से निभाएं किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

सीडीओ ने अन्तर्विभागीय समन्वय से टीबी के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान में जनसहभागिता के साथ ही स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। क्षय रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाते हुए पोषण पोटली का वितरण कराए जाने के साथ ही 100 दिवसीय अभियान में वल्नरेबल पापुलेशन की शत-प्रतिशत स्क्रीनिग कराते हुए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जाँच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों को टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य टीमों का प्रशिक्षण अच्छे से करा दिया जाए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी ग्राम प्रधानों को टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित करें। सीएमओ डा नीरज त्यागी ने बताया कि जिले में 22 टीबी यूनिट, 37 बलगम जांच केन्द्र, 14 एक्सरे सुविधा केन्द्र, 13 ट्रूनॉट लैब एवं 04 सी0बी0नॉट लैब के साथ ही जेएन मेडिकल कॉलेज में जिला ड्रग रजिस्टेन्ट टी0बी0 केन्द्र संचालित हैं।

## बुंदेलखंड पृथक राज्य की मांग को लेकर गांव-गांव पद यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड पृथक राज्य की मांग को लेकर राजा बुंदेला के नेतृत्व में चलाई जा रही गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा के दौरान उमड़े जनसैलाव ने अपार समर्थन दिया। बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर बुंदेलखंड विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध फिल्मकार राजा बुंदेला के नेतृत्व में दूसरे चरण की आठवें दिन की गांव-गांव ,पांव-पांव यात्रा पंचनद तीर्थ क्षेत्र में स्थित श्री बाबा साहब मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई।

इस अवसर पर राजा बुंदेला ने जगम्मनपुर में श्री राजमाता वैश्नी जूदेव इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी , उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने निजी स्वार्थ के चलते बुंदेलखंड के इतिहास को गुमनामी के अंधेरे में दफन कर दिया है यहां की वन संपदा व खनन से प्राप्त धन को बुंदेलखंड के बाहर के दूसरे क्षेत्र के विकास में खर्च किया जा रहा है और बुंदेलखंड का युवक दूसरे प्रदेशों में मजदूरी करने को वाध्य है ।अतः हमें हमारा बुंदेलखंड राज्य चाहिए। अब हम किसी पर आश्रित नहीं रहेंगे और अपना विकास हम स्वयं कर लेंगे। बुंदेलखंड पृथक राज्य की मांग को लेकर यह पदयात्रा कंजौसा, जगम्मनपुर, टीहर, ऊमरी, गोहन ईंटों में सभा आयोजित होते हुए कुठौंद तक पहुंच गई है। इस अवसर पर प्रताप सिंह बुंदेला प्रदेश उपाध्यक्ष किसान यूनियन, अजीत सिंह सेंगर ब्लॉक प्रमुख रामपुरा, विजय द्विवेदी वरिष्ठ पत्रकार, संतोष सिंह सेंगर प्रधानाचार्य, मोहन सिंह सिकरवार टीहर, दीपक पांडे प्रबंधक रामजी बालिका महाविद्यालय, अभय सिंह भदौरिया ऊमरी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर राजा सुकृत शाह जूदेव जगम्मनपुर ,डॉ आर के मिश्रा, प्रमोद सिंह सेंगर पूर्व सदस्य जिला पंचायत, शिवम सिंह चौहान, पुष्पेंद्र सिंह चौहान ,सोनू सिंह हिम्मतपुर ,मोहित मिश्रा, शिवकुमार सिंह गौर ऊमरी, रविंद्र दीक्षित टीहर, सुखराम पाल ऊमरी, छोटे शुक्ल पूर्व चेयरमैन, मनोज तिवारी ,प्रज्ञादीप गौतम प्रधान जगम्मनपुर, गौरव द्विवेदी ,पारस सिंह सेंगर ,शिवम द्विवेदी ,जीशान खान,नीरज रावत,आशीष सोनी आदि सैकड़ो लोगों ने अपना समर्थन दिया।

## अध्यक्ष जिला पंचायत ने वर-वधू को देश की एकता और अखण्डता के लिए दिलाया आठवां वचन

**अलीगढ़।** महान स्वतंत्रता सेनानी और अलीगढ़ स्टेशन बमकांड के नायक देवदत्त कलंकी के पौत्र की शादी चर्चा का विषय ही नहीं बनी वरन् वर-वधू ने भारत माता का पूजन कर देश की एकता और अखण्डता के लिए आठवां वचन भी लिया। अध्यक्ष जिला पंचायत विजय सिंह ने वर-वधु को आठवें वचन की शपथ दिलाते हुए उनके सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर पेशे से चिकित्सक दोनों नव दपंतियों शाम का निःशुल्क ओपीडी चलाने का भी संकल्प लिया। जानकारी के अनुसार असहयोग आन्दोलन के दौरान 24 सितम्बर 1942 को अंग्रेजों की मिलिट्री ट्रेन को उड़ाने के लिए अलीगढ़ स्टेशन पर बम लगाया गया था, जिससे अंग्रेजी सरकार बुरी तरह से हिल गई थी। इस बम कांड के नायक देवदत्त कलंकी के पौत्र डॉ भव्य कुमार और पौत्र वधु डा अंकुर चौहान ने अपनी शादी में भारत माता का पूजन किया और देश की एकता व अखण्डता के लिए आठवां वचन भी लिया।

## एसडीएम ने टीचर बनकर बच्चियों को पढ़ाया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कस्तूरबा की बच्चियों के साथ नए साल की खुशियां मनाने एसडीएम विद्यालय पहुंची जहां पहले बच्चियों की क्लास लगाकर उनको पढ़ाया फिर उनके साथ भोजन किया। बच्चियों के साथ एसडीएम ने भोजन कर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दी। कस्बे के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बच्चियों के बीच नए साल पर एसडीएम ज्योति सिंह पहुंचीं और उनके साथ काफी समय बिताया। एसडीएम ने पहले बच्चियों की क्लास लगाई और उनसे संवाद किया। उसके बाद उन्होंने बच्चियों के साथ बैठ कर भोजन किया। नए साल के मौके पर एसडीएम को अपने साथ भोजन करते हुए देख बच्चियों के चेहरे पर आई मुस्कान देखने लायक थी। एसडीएम ने विद्यालय प्रबंधन से समस्याएं जानने की कोशिश की तो बताया गया कि पीछे की बाउंड्री वाल कहीं कहीं टूटी है जिसका बनना सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी है। इसके अलावा विद्यालय में नाले का पानी भी आ जाता है। एसडीएम ने बताया, दोनों समस्याओं को लेकर ईओ नगरपालिका को पत्र लिखा जा रहा है। भोजन की गुणवत्ता काफी अच्छी थी और बच्चियों की देखभाल भी ठीक तरीके से की जा रही है।

## भारती कृषक एसोसिएशन प्रदेशध्यक्ष रामलाल गुप्ता के आवास पर किसानो की पंचायत संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के पंडा बाग स्थित रामलाल गुप्ता प्रदेशध्यक्ष के आवास पर भारती कृषक एसोसिएशन की पंचायत संपन्न हुई जिसका संचालन जिला अध्यक्ष शीलचंद एवं बिंदु सिंह गंगवार ( महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष )उत्तर प्रदेश ने किया।

निम्न बिंदु पर बात हुई रेलवे द्वारा घोषणा की गई थी अगस्त माह में की फर्रुखाबाद से कासगंज, फर्रुखाबाद से टूंडला रेलवे स्टेशन मेमो चलाई जाएगी जो की आज दिनांक 2 जनवरी 2025 तक चालू नहीं हुई है। पिछले वर्ष 2023 - 24 में मेला श्री राम नगरिया फर्रुखाबाद में बिजली के तारों द्वारा आग लग गई थी जिससे चंद मल की हानि हुई थी शासन से अनुरोध है की इस बार इन चीजों का विशेष ध्यान दिया जाए ऐसी लापरवाही न होने पाए फर्रुखाबाद की मोहल्ला बंगसपुरा में नई आबादी हो गई लेकिन नाली सड़क बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे वहां के रहने वाले लोगों को बड़ी असुविधाएं हो रही हैं। फर्रुखाबाद नगर पालिका द्वारा नगर में ऐसी कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गई जिससे सड़क पर ठंड से ठिठुरते लोगों को राहत मिल सके नगरपालिका फर्रुखाबाद से अनुरोध है कि हर तिराहे, चौराहा, बस स्टैंड पर लकड़ी की व्यवस्था की जाए जिससे लोगों को ठंड से बचाया जा सके। कृषि विभाग एवं लेखपाल द्वारा अभी तक फॉर्म राय किसने की नहीं की जा रही है जिससे फार्मर रजिस्ट्री न होने पर किसानों को हनी हो सकती है। फर्रुखाबाद में पानी की सुविधा तो सरकार द्वारा दी गई लेकिन सड़कों को खोदकर ऐसे ही छोड़ दिया गया। यदि उपरोक्त समस्याओं का समाधान ना किया गया तो भारतीय कृषक संगठन न आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता प्रदेश महासचिव मुन्नालाल सक्सेना प्रदेश सचिव किशन अग्निहोत्री आशुतोष त्रिवेदी निशांत त्रिवेदी बिंदु सिंह गंगवार समर गुप्ता सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्थानीय मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में एक मुन्ना भाई दबोचा गया

**उरई (जालौन)।** स्थानीय मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में जारी सेमेस्टर परीक्षा में एक मुन्ना भाई धर लिया गया, छोटा भाई बड़े भाई की जगह पर परीक्षा दे रहा था। प्रवेश पत्र की जांच में वह लपेटे में आया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। बुंदेलखंड विश्विद्यालय झांसी द्वारा महाविद्यालय में आयोजित सेमेस्टर परीक्षा के लिए नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रेट एसपी सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि तीसरी पाली में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की फूड न्यूट्रिशन हाइजीन विषय की परीक्षा थी। कक्ष संख्या 4 में पंजीकृत परीक्षार्थी प्रिंस गुर्जर निवासी ग्राम पजौनिया के स्थान पर उसका सगा छोटा भाई ऋतिक राज परीक्षा दे रहा था। ऋतिक को प्रवेश पत्र की जांच में पकड़ लिया गया। प्राचार्य डॉ. विजय विक्रम सिंह का कहना है कि युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है, साथ ही उत्तर पुस्तिका सीज कर दी गई है। इस संबंध में कोतवाल अरुण कुमार राय का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है, आरोपी युवक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## खादी ग्राम उद्योग प्रदर्शनी में खूब हुई खरीदारी

**गोण्डा।** सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज, टामसन मैदान में लगी खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमडी। भीड़ आने से दूर-दराज के जनपदों एवं राज्यों से आये उद्यमियों के चहरें पर खुशी देखी गयी। प्रदर्शनी में लगे स्टालों में क्षेत्रीय गांधी आश्रम गोण्डा, अवध ग्रामोद्योग संस्थान गोण्डा, तपसी आयुर्वेद चित्रकूट, सेवा निकेतन मानिकनगर, कुनाल खादी कानपुर, सपना ग्रामोद्योग, सूर्यकान्त त्रिवेदी सफीनगर उन्नाव के खादी उत्पाद एवं ग्रामोद्योगी उत्पाद, आंवला प्रोडक्ट, जड़ी-बूटी जैसे उत्पाद स्टालों पर अच्छी बिक्री के साथ ही जनपद के स्वयं सहायता समूहों के अरघा ब्राण्ड उत्पाद के इकाईयों के द्वारा भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की जा रही है।

**कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स गोरखपुर मंडल गोरखपुर**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कबीर आलम पुत्र श्री रफीक अंसारी द्वारा अध्यक्ष की हैसियत से संस्था अंजुमन इस्लामिया कब्रिस्तान खमिति खजुरिया ग्राम खजुरिया पोस्ट सरपतही खुर्द तहसील पडरौना जिला कुशीनगर के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्राप्त प्रस्तुत किए गए है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व श्री 1. श्री कबीर आलम/अध्यक्ष 2. श्री इसहाक/उपाध्यक्ष 3. श्री सगीर अहमद/प्रबंधक 4. श्री मो. इस्लाम अंसारी/उपप्रबंधक/ 5. श्री रईस/कोषाध्यक्ष 6. श्री गुलज़ार 7. ताजीम अंसारी 8. श्री आमिर अली 9. श्री महमदिन 10. श्री जलालुद्दीन 11. श्री मनौवर अंसारी सदस्य दर्शाए गए। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन अंदर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और गुण दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण संबंधित कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाएगी।

**आज्ञा से**
**(बी.के. सिंह)**
**सहायक निबंधक**
**गोरखपुर मंडल गोरखपुर**

## मजदूरी मांगना मजदूर को पड़ा महंगा, हुई जमकर पिटाई

**गोंडा अवधनामा संवाददाता।** जिले के थाना मोतीगंज क्षेत्र के एक गांव में मजदूरी का पैसा मांगने गये श्रमिक क़ी लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित क़ी तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना गोंडा जिले के थाना मोतीगंज अन्तर्गत ग्राम निबिहवा तुर्काडीह से जुड़ी है। यहां के निवासी राजेश कुमार यादव ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण कर रहा है। गांव के निवासी संतोष के यहां वह बतौर श्रमिक काम कर रहा था। उसकी मजदूरी 15000 रुपये हो गई। उसने मजदूरी के रुपये मांगे तो संतोष, अशोक, मथुरा व अशोक की पत्नी निवासी निबिहवा तुर्काडीह थाना मोतीगंज चारो लोग भड़क उठे औऱ गाली देते हुए उसकी पिटाई करने लगे। हल्ला गुहार पर तमाम लोग आ गये औऱ बचाये। पीड़ित ने मजदूरी के रुपये दिलाते हुए आरोपियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई किये जाने क़ी मांग क़ी है। मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोतीगंज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई क़ी जा रही है।

## बेख़ौफ़ चोर दे रहे चोरी की घटना को अंजाम

**गोंडा अवधनामा संवाददाता।** जिले में पुलिस क़ी उदासीनता जनता पर भारी पड़ रही है,इससे चोरों के हौंसले बुलंद हैं औऱ वह आये दिन चोरी क़ी घटना क़ो अंजाम दे रहे हैं। घटना गोंडा जिले के कोतवाली देहात अन्तर्गत सालपुर बाजार क़ी है। सालपुर सेमरा निवासी सुरेश वर्मा क़ी तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है कि गोंडा उतरौला मार्ग सालपुर बाजार स्थित एसमय पेट्रोल पम्प के सामने उसकी दुकान है।

# अग्नि सुरक्षा को लेकर महफूज नहीं अयोध्या महोत्सव

- अग्नि सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी
- फायर ब्रिगेड से नहीं ली गई है एनओसी
- फायर ब्रिगेड की ओर से दी गई हिदायतों की हो रही अनदेखी

**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग अयोध्या- लखनऊ के किनारे अयोध्या नगर के कैंट थानाक्षेत्र में आयोजित अयोध्या महोत्सव आग के ढ़ेर पर बैठा है। अयोध्या महोत्सव अग्नि सुरक्षा मानकों के हिसाब पर खरा नहीं उतर रहा है। मेला किसी भी समय किसी बड़े अग्नि काण्ड का सबब बन सकता है। मेले के संचालक आंख बंद कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

राजकीय पालीटेक्निक के सामनें संचालित अयोध्या महोत्सव अग्नि सुरक्षा मानकों के लिहाज से खरा नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार मेला एक लान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रवेश व निकास के लिए वैसे तो दो प्रवेश द्वार है, किन्तु एक द्वार हर समय बन्द रहता है। ऐसे में यदि आग लग जाय तो काफी जन हानि हो सकती है। इस प्रकार के बडे मेले में हर दुकान पर अग्नि शमन की सुरक्षा होनी चाहिए। एफएसओ कहते हैं कि मेले में फायर इन्स्टीग्यूसर होना चाहिए। उसे भी कोई पूछने वाला नहीं है। मेले में लगी लाइटों के नंगे तार किसी भी समय किसी बड़ी अनहोनी का सबक बन सकते हैं।

### बुधवार को फायर ब्रिगेड की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

बुधवार को मेला क्षेत्र में एक मोटर साइकिल में आग लग गई। देखते देखते अन्य मोटर साइकिलों की ओर भी आग बढ़ने लगी। फायर ब्रिगेड की गाडी ने तत्काल आग को काबू किया।

### क्या कहते हैं एफएसओ

एफएसओ प्रदीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि अयोध्या महोत्सव को फायर से किसी प्रकार की एनओसी नहीं मिली है। अग्नि सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए हिदायत दी गई थी। किन्तु उन्हें भी पूरा नहीं किया गया है। अग्नि शमन की ओर से एक फायर टेंडर मौके पर भेज दिया जाता है। जिससे किसी प्रकार अग्नि काण्ड के समय हादसे से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि इतने बड़े मेले मे जहां अग्नि शमन को लेकर कोई सुविधा नहीं है वहां बच्चों व महिलाओं को भी ले जाना खतरे से खाली नहीं है।

### क्या कहतें हैं मेला प्रबंधन समिति के सदस्य

मेला प्रबंधन समिति के सदस्य जनार्दन पाण्डेय ने बताया कि फायर ब्रिगेड से एनओसी मिली है या नहीं मेरी जानकारी में नहीं है। बुधवार को ब्लड बैंक का वाहन अन्दर लाने के लिए दूसरा गेट खोला गया था। अब खुला है या बन्द है यह भी देखना पड़ेगा।

# तार शिफ्टिंग में पहुंचे एसडीओ से ग्रामीणों की नोंकझोंक, हंगामा



**अवधनामा संवाददाता**

- एक पोल लगाते ही हंगामा
- पांच दिन बाद विकल्प पर बनी सहमति

**निचलौल (महराजगंज)।** कस्बे के शांतिनगर मुहल्ले के आबादी क्षेत्र से नई लाइन शिफ्टिंग पर पहुंचे एसडीओ बिजली आशीष विष्ट सहित विद्युत विभाग की टीम को ग्रामीणों से नोंक झोंक के साथ भारी विरोध का सामना करना पड़ा। जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पोल गाड़ने के लिए मंगाई गई क्रेन जैसे ही एक पोल लगाया गया ग्रामीणों ने नारे बाजी और विरोध शुरू किया तो काम को रोक दिया गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। तब जाके ग्रामीण शांत हुए। पांच दिन बाद के विकल्प पर काम करने की बात पर मामला शांत हुआ। इस दौरान भीड़ से सड़क पर आवागमन अवरुद्ध हो गया। जिसे हटाने में पुलिसकर्मियों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। ग्रामीण शकीला, हुस्ना खान, संपाती साहनी, संदीप कसेरा जय निगम, सुरेंद्र द्विवेदी, गुड्डु मिर्जा, कन्हैया प्रसाद, निजामुद्दीन, रतन कसेरा, रहीम, महेश कुमार, गोपी चंद, विवेक कुमार, प्रकाश, वीरेंद्र कुमार आदि लोगो ने बताया करीब 30, 35 वर्षो से संचालित 11 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार को हटाया जा रहा है। जबकि इस रास्ते से प्रति दिन सैकड़ों माल वाहक वाहन सहित हजारों लोगों का आवागमन होता है। ग्रामीणों मांग किया है कि हाइटेंशन तार को पहले की तरह रखा जाय। किसी भी सूरत में नई लाइन नहीं लगने दिया जाएगा। ग्रामीणों का सुझाव है कि अंडर ग्राउंड तार से बिजली ले जाता है सकता है। इस बाबत एसडीओ आशीष विष्ट ने बताया कि ग्रामीणों का विरोध है। उच्चाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विशाल शोभायात्रा ने अयोध्या में एक भव्य और आध्यात्मिक वातावरण



**अयोध्या।** श्री रामजन्मभूमि मंदिर में प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर आयोजित विशाल शोभायात्रा ने अयोध्या में एक भव्य और आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया। श्री राम जन्मभूमि सेवा समिति द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में विभिन्न धर्मगुरुओं, गण्यमान्य व्यक्तियों और सैकड़ों साधु-संतों ने भाग लिया। शोभायात्रा में विशेष रूप से कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, वेदान्ती जी महाराज, बावन जी महाराज और बलराम दास जी महाराज शामिल हुए। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीरामलला के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा और आस्था व्यक्त की, जिससे यह महोत्सव धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अद्वितीय बन गया।

### एसएसपी को स्टार और कॉलर बैंड लगाकर बधाई दी



**अयोध्या।** पुलिस महानिरीक्षक आईजी अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या, प्रवीण कुमार द्वारा अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसएसपी अयोध्या राजकरन नय्यर के भारतीय पुलिस सेवा सेलेक्शन ग्रेड पर प्रोन्नति होने पर बधाई दी। उन्हें स्टार व कॉलर बैण्ड लगाकर बधाई दी। और उज्जवल भविष्य की शुभकामना भी दी गई। बताते चले कि एसएसपी अयोध्या राजकरण नय्यर ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और दीपोत्सव सहित कई प्रमुख मेलों को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में प्रमुख भूमिकाएं निभाई। जिसके चलते अयोध्या जिला के जनतंत्र टीवी चैनल के चीफ ब्यूरो वासुदेव यादव ने एसएसपी राज करन नय्यर को प्रमोशन पर बधाई दिया है।

### विज्ञान प्रदर्शनी के साथ बाल मेले का हुआ आयोजन



**कोठी।** सिद्धौर क्षेत्र के जरगावां गांव में लिटिल नेस्ट पब्लिक स्कूल परिसर में मंगलवार वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में स्वयं के हाथों से बनाएं प्रोजेक्ट प्रदर्शन के साथ बाल मेला का भी आयोजन किया। यहां पहुंचे अभिभावक व लोगों उन्हें खूब सराहा है। इसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक एजाज हैदर व प्रधानाचार्य असद अब्बास ने किया। इसका संचालन अली जाफर जैदी द्वारा किया गया। बाल मेला का उद्घाटन प्रधान जरगांवा श्रीमती रजनी जायसवाल व प्रतिनिधि अनिल जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर कार्यक्रम एडवांस ग्लोबल शिक्षण व प्रशिक्षण संस्था के प्रबंधक मो. अब्बास, रामाभिलाष स्मारक इंटर कॉलेज नसीपुर के प्रवक्ता मो. आबिस रिजवी समेत शिक्षक रामनारायण यादव, सिद्धार्थ प्रकाश शर्मा, रामजी द्विवेदी, अयाज हुसैन, हसन रजा, शबीब हैदर, शुजा अब्बास, अजीजुल हसन, मो. सामिन, शिवहर्ष वर्मा, प्रवेश यादव, अखिलेश यादव, मो. तालिब आदि थे।


### गृहमंत्री के खिलाफ भीम आर्मी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**ज़ैदपुर बाराबंकी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बाबा भीमराव अम्बेडर को लेकर विवादित बयान को लेकर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं द्वारा ने जमकर विरोध करते हुवे जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा जिले के ज़ैदपुर नगर पंचायत में भीम आर्मी जिला संगठन मंत्री मनीराम गौतम के नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर नाराजगी जताते हुए गुरुवार करीब 3:30 बजे दर्जनों की संख्या में बड़ी बाजार से होकर थाना चौराहा पहुंचे। जहां पर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह को सौंपा गया। इस दौरान भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री मनीराम गौतम ने बताया की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब का घोर अपमान किया गया है। जिसको लेकर उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफा देने की मांग उठाई।

# नए वर्ष पर बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालु, गुप्त हरि गार्डन में लगा पर्यटकों का जमावड़ा

- सूर्य कुंड का पर्यटन चमका, भूल-भुलैया का भी उठाया लुत्फ



**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** नववर्ष पर पहली बार अयोध्या में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी। 8 से 10 लाख के बीच लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। भारी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन के साथ-साथ अन्य स्थलों का भी जमकर लुत्फ उठाया। इन सब में अयोध्या का गुप्त हरि गार्डन लोगों की पहली पसंद बनी रही।अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पर्यटन की दिशा में तेजी से विस्तार हो रहा है। योगी सरकार ने पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इसके साथ ही कई स्थलों का जीर्णोद्धार भी कराया है। इसमें 2017 से पहले बदहाल रहा अयोध्या के कैंट स्थित गुप्त हरि गॉर्डन और दर्शन नगर का सूर्यकुंड भी शामिल है। जहां पर आज बड़ी संख्या सैलानी पहुंच रहे हैं। नए वर्ष पर रामलला के दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। इतने ही श्रद्धालु हनुमानगढ़ी पर भी पहुंचे।

### गुप्त हरि गार्डन में पहुंचे 10 हजार से अधिक लोग

योगी सरकार की ओर से गुप्तारघाट का जीर्णोद्धार कराने के बाद इसका स्वरूप ही बदल गया है। नव वर्ष के पहले दिन यहां मेले जैसा माहौल रहा। 10 हजार से भी अधिक लोगों ने गुप्त हरि गार्डेन में लुत्फ उठाया। देर शाम तक यहां भीड़ बनी रही।

### सूर्यकुंड के फाउंटेन शो देखने पहुंचे सात हजार से अधिक लोग

दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड पर सात हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। शाम के समय चलने वाले फाउंटेन शो का लोगों ने लुत्फ उठाया। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त हरि गार्डन व सूर्यकुंड जैसे धार्मिक स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विस्तार किया गया है, ताकि राम मंदिर में दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालु यहां आकर इन स्थलों की आभा भी निहार सकें।

### लोगों ने भूल-भुलैया का भी उठाया लुत्फ

हाल ही में राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत तैयार हुए मिरर इमेज भूल भुलैया का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में बनी इस भूल भुलैया में शाम तक दो हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि भूल-भुलैया जैसे अन्य पर्यटन स्थलों को तैयार कराया जा रहा है।

### हजरत वली शहीद की याद में लंगर आयोजित

**जैदपुर बाराबंकी।** नौचंदी के मौके पर कस्बे के छोटी बाजार में हजरत वली शहीद र0 अ0 मजार के पास भव्य लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में हिंदी मुस्लिम लोगों ने हिस्सा लिया। बताते चलें कि गुरुवार को नौचंदी के मौके पर जहां एक तरफ तमाम आसतानों पर भारी भीड़ देखने को मिली वहीं कस्बे के छोटी बाजार में हजरत वली शहीद र0 अ0 की मजार पर नियाज़ देने के अकीदतमंदों की भीड लगी रही। और भव्य लंगर का आयोजन भी किया गया। जिसमें पूडी सब्जी शाकाहारी व मुस्लिम लोगों के लिये दर्जनों भगौने बनाकर लंगर चलता रहा। वहीं मिठाईयों सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें सजने से मेले जैसा माहौल बना रहा। जिसमे हिंदू मुस्लिम एक साथ लंगर में हिस्सा लेते रहे।

### जरूरतमंदों के बीच वितरित किए कंबल

**अयोध्या।** अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम 20 दिसंबर से लगातार चल रहा है। ट्रस्ट की टीम प्रतिदिन रात्रि में ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा के नेतृत्व में जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचा रही है। नए वर्ष के अवसर पर, ट्रस्ट के संरक्षक अनूप तोलानी जी के जन्मदिवस के मौके पर अयोध्या के कानीगंज मोहल्ले स्थित अंध विद्यालय में ट्रस्ट की टीम पहुंची और बच्चों को मिठाई, नमकीन, बिस्कुट, कंबल आदि वितरित किए, जिससे कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया गया।

## नौतनवा में ईडी ने कपड़ा व्यवसायी के घर पर की छापेमारी

**महराजगंज।** जनपद के भारत-नेपाल सीमा के समीप स्थित नौतनवा कस्बे में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार की सुबह कपड़ा व्यवसायी गणेश मद्धेशिया के घर पर छापेमारी की। कार्रवाई रुपये के बड़े लेन-देन से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। ईडी की कार्रवाई से कस्बे में बड़े व्यवसाइयों में हड़कंप व अफरा तफरी मच गया है। सूत्रों के अनुसार, ईडी के साथ बैंक और स्थानीय पुलिस की टीम भी इस छापेमारी में शामिल है। लगभग एक दर्जन अधिकारियों की टीम व्यवसायी और उनके परिवार से पूछताछ कर रही है। घर की गहन तलाशी ली जा रही है और कई दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। ईडी की टीम के सदस्यों ने छापेमारी के संबंध में कोई आधिकारिक बयान देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, स्थानीय सूत्रों का कहना है कि मामला वित्तीय अनियमितताओं और संदिग्ध लेन-देन से जुड़ा हो सकता है। टीम के द्वारा जब्त किए गए दस्तावेजों और पूछताछ के बाद ही स्पष्ट होगा कि कार्रवाई का मूल उद्देश्य क्या है। गौरतलब है कि भारत-नेपाल सीमा पर नौतनवा जैसे क्षेत्रों में नकदी के बड़े लेन-देन और अवैध वित्तीय गतिविधियों की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं।

### सिकंदरपुर अफगानन ग्राम पंचायत क्षेत्र में सरकारी खड़ंजा उखाड़कर भू-माफिया ने कर दी प्लाटिंग



**शाहजहांपुर।** जलालाबाद नगर में स्थित विकास खण्ड कार्यालय के निकट काशीराम आवासीय कालोनी के पीछे हो रही प्लाटिंग में भू-माफिया ने ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर अफगानन के द्वारा बनाये गए कई साल पहले सरकारी खड़ंजा को अपनी दबंगई दिखते हुए जेसीबी मशीन उखाड़कर प्लाटिंग कर दी। इस बजह से ग्रामवासियों को निकलने में समस्या उत्पन्न हो गई। तमाम ग्रामीण आज बृहस्पतिवार को दिन के 11:00 एकत्रित होकर उपजिलाधिकारी जलालाबाद आनंद उत्सव से मिले और उन्हें प्रार्थना पत्र देकर समस्या से अवगत कराया। और मांग की पुनः खड़ंजा डलवाकर भू-माफिया के खिलाफ कार्यवाही की जाए। इस दौरान योगेश सिंह, सुनीता, हरीराम, अमित, विनोद, ओमपाल, आर्यन सिंह, मूलचंद आदि लोग मौजूद रहे। वही संबंध में उप जिला अधिकारी उत्सव आनंद ने लेखपाल एवं अन्य के साथ एक टीम गठित कर मौके का निरीक्षण करने के बाद जांच रिपोर्ट देने को कहा है उन्होंने बताया यदि जांच सही पाई गई तो आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### पिकअप व बाइक में टक्कर तीन घायल, रेफर

**महराजगंज।** पनियरा क्षेत्र के मुजुरी -गांगी मार्ग पर बृहस्पतिवार की दोपहर में भवानीपुर चौराहे के पास पिकअप व बाइक में जोरदार टक्कर हो गया। जिसमें बाइक पर सवार तीन युवकों को गंभीर चोट लगी। उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा लाया गया। हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। खबर के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेनीगंज निवासी राकेश पुत्र बलदेव उम्र 18 वर्ष ,करने पुत्र प्रेमनारायण उम्र करीब 15वर्ष व आयूष पुत्र अशोक उम्र करीब 15वर्ष बुधवार की शाम ही घर से एक बाइक पर सवार होकर कहीं गए थे। बृहस्पतिवार को वापस आते समय भवानीपुर के पास एक राइस ब्रान लदी पिकअप से आमने सामने से टक्कर हो गया। बाइक सवार तीनों लोगों को गंभीर चोट लगी। घटना क बाद पिकअप चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया।

# सेंट्रल जर्नलिस्ट एसोसिएशन में प्रशिक्षण शिविर की होगी शुरुआत

- पत्रकारों को मिलेगा महत्वपूर्ण लाभ ःशिशान्त शुक्ला
- प्रदेश भर में होंगा इकाई का गठन, बढ़ेगा सी.जे.ए का कारवां : दीपक दीक्षित

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** नए वर्ष में वरिष्ठजनों के साथ पत्रकार हित की दिशा में सदस्यता अभियान का श्रीगणेश किया गया। शाहजहांपुर पत्रकारिता जगत के कई विशिष्ट जनों ने एक मंच साझा किया। अपने अनुभव व सुझाव से सबको अवगत कराते हुए विचार रखे। सेंट्रल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनके परामर्श के अनुसार ही कार्य करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व लोकपाल व कृषि वैज्ञानिक डॉ सुरेश मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता में शब्द सामर्थ्य के साथ उसके संयोजन की समझ जरूरी है। अन्यथा अर्थ का अनर्थ हो जाता है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर पत्रकारिता का गौरव बढ़ाने के लिए कार्य करने पर जोर दिया। आरिफ़ सिद्दीकी ने कहा संगठन को गति देने के लिए विमर्श के साथ कार्य करना होगा। सुनील अग्निहोत्री ने मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। कुलदीप दीपक ने पत्रकारों को सुझाव दिया कि अच्छे लेखन के लिए दैनिक अख़बार पढने की आदत डालें। सरदार शर्मा ने संगठन के गठन पर हर्ष व्यक्त किया। रमेश शंकर पाण्डेय ने कहा प्रदेश स्तर की समस्याओं के उठाने के लिए बड़े संगठन कार्य कर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर निराकरण के लिए एकजुटता जरूरी है। संजीव गुप्ता ने अपने पूर्व के अनुभव को साझा किया, कहा अब अगर पत्रकार अपनी गरिमा को बरक़रार रखें तो काफ़ी सुधार होगा। राकेश श्रीवास्तव ने कहा कई संगठन बने और चल नहीं पाए, लेकिन यहां आकर दिख रहा है कि हर वर्ग के पत्रकार एकजुट हैं। अशोक गुप्ता व मोहम्मद सलीम ने एक महिला को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष जताया। प्रेमशंकर गंगवार ने कहा कि जैसे अन्य संगठन चलते हैं, उनसे इतर सजगता से कार्य करने की ज़रूरत है। कौशलेंद्र मिश्र व राशिद हुसैन जुगनू ने अपनी बात रखने के साथ गीत प्रस्तुत किए। शिवकुमार, अभिनय गुप्ता, जिला संयोजक अनिल मिश्रा, नीरज वाजपेयी, विवेक वर्मा ने विचार रखे। जिलाध्यक्ष शिशान्त शुक्ला व जिला महामंत्री दीपक दीक्षित ने इस वर्ष की कार्य योजना पर प्रकाश डाला। कहा, अगर किसी भी पत्रकार को पत्रकारिता से संबंधित कोई समस्या आती है तो सभी उनके साथ खड़े हैं। संचालन बलराम शर्मा ने किया। इससे पहले मंचासीन वरिष्ठ पत्रकारों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। व्यापार मंडल के सचिन बाथम ने पेन-डायरी भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। दस लोगों ने सदयस्ता ग्रहण की। नववर्ष की बेला पर हुए स्वागत कार्यक्रम में बलराम शर्मा, नीरज बाजपेई, अभिनय गुप्ता, अनिल निश्रा, गोविन्द अवस्थी, दीपक दीक्षित, राहुल अवस्थी, आनंद शर्मा, अंकित जौहर, राजीव रंजन, सिमरनजीत सिंह, बलजीत सिंह, सर्वेश मिश्रा, रोहित पांडेय, आदर्श मिश्रा, वेदप्रकाश मिश्रा, शुभम पांडेय, नरेंद्र खोजी, अरविंद सक्सेना, मनोज मिश्रा, पंडित विमलेश, संतोष उपाध्याय ,अमरदीप रस्तोगी, योगेश बाजपेई, संजय दीक्षित, तबस्सुम हुसैन, संजय श्रीवास्तव, नितेश गंगवार, नन्दलाल, गोपाल गुप्ता, अमित सक्सेना, प्रियांशु मिश्रा आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# रामनगरी के सुरसर मंदिर मामले में फिर आया नया मोड़

**अवधनामा संवाददाता**

- वयोवृद्ध संत ने बताया जान का खतरा,उठाई मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग

**अयोध्या।** रामनगरी के अति प्राचीन सुरसर मंदिर विवाद मामले में फिर एक नया मोड़ आ गया है।मंदिर मामलों की देखरेख के लिए अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय की ओर से पूर्व में नियुक्त किए संत विरागानंद द्वारा अब उन्हीं लोगों के पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी जान को खतरा बताया गया है जिन्हें वे अपने साथ रखते थे।उनके द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या से लेकर प्रधानमंत्री तक को शिकायती पत्र भेज कर मुकदमा दर्ज करने और अपनी जान माल सुरक्षा किए जाने की गुहार लगाई गई है।शिकायती पत्र मे बताया गया है कि वे डॉ निर्मल पाणिग्रही के उत्तराधिकारी हैं और उनके पक्ष में जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया है।कुछ वर्षों पूर्व अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय की ओर से मंदिर तथा उसकी संपत्ति विवाद की देखरेख के लिए उन्हें पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी दी गई थी,अत्यंत वृद्ध, अस्वस्थ और स्मरण शक्ति अल्प हो जाने के कारण जिसका समर्पण कर दिया गया है।शिकायती पत्र में बताया गया है कि बीती 28 जून को मंदिर में आये दो व्यक्तियों ने अपना नाम प्रकाश जायसवाल और प्रिंस सिंह बताते हुए स्वयं को साकेतवासी डॉ निर्मल पाणिग्रही का शिष्य बताया और किराये पर कमरा लेकर कुछ दिनों तक रुकने की अनुमति मांगने लगे।मंदिर में कुछ कमरे खाली रहते हैं,इस वजह से उन्हें रुकने की अनुमति दे दी गई।बताया गया कि बीती पांच जुलाई को उन दोनों लोगों द्वारा उन्हें मंदिर की समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया और प्रार्थना पत्र देने की बात बताते हुए सादे पन्नों पर हस्ताक्षर करा लिए गए।इन दोनों लोगों द्वारा आकाश जायसवाल व देवदत्त माझी नामक व्यक्तियों के साथ षड्यंत्र करके अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय से निकाले गए महारघो मुखर्जी को मिलाकर कूटरचित तरीके से मंदिर मैनेजर पद का नियुक्ति पत्र तैयार किया गया है और इसी के जरिए सुनियोजित षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी व कूटरचना करके उन्ही सादे पन्नों पर अपने पक्ष में अधिकार पत्र/सर्वराकारी/पावर ऑफ अटॉर्नी भी तैयार कर ली गई है तथा अब मंदिर की बेशकीमती संपत्ति को एग्रीमेंट/बिक्री करने की योजना बनाई जा रही है।शिकायती पत्र में यह भी बताया गया है कि कुछ दिनों पूर्व उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर छोड़कर न जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है।उन्होंने आशंका ही नहीं,पूर्ण विश्वास जताया है कि उपरोक्त लोगों द्वारा ही अपनी सुनियोजित योजना को साकार करने के लिए धमकी दिलवाई गई थी और अब इन्हीं लोगों द्वारा मंदिर की बेशकीमती संपत्ति को उपरोक्त उद्देश्यों से क्षति पहुंचाने का कुकृत्य किया जा सकता है तथा विरोध करने पर कोई भी अनहोनी घटित की या कारित कराई जा सकती है। शिकायती पत्र मे सुनियोजित षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी व कूटरचना करने वाले उपरोक्त लोगों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।इस पूरे मामले में सबसे दिलचस्प और हास्यास्पद बात यह है कि करीब छह महीने से अधिक समय से चल रहे मंदिर विवाद मामले में मंदिर की कथित मैनेजर व एक श्रद्धालु द्वारा गंभीर आरोप लगाने और इसकी शिकायत महिला आयोग सदस्य और मुख्यमंत्री तक से किए जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस की ओर से अभी तक किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है जो महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से दिए गए निर्देशों को लेकर बड़ा सवाल खड़ा करता है।अब देखना यह है कि मंदिर के वयोवृद्ध संत की ओर से दिए गए शिकायती पत्र पर पुलिस क्या कार्रवाई करती है?

### विद्युत उपखंड कार्यालय विद्युत कैंप में लगी लोगों की भीड़

**बीकापुर-अयोध्या।** विद्युत उपभोक्ताओं को सरचार्ज में राहत प्रदान करने के लिए शान द्वारा चलाई जा रही ओटीएस योजना के तहत 31 दिसंबर तक चले पहले चरण में मंगलवार को विद्युत उपखंड कार्यालय परिसर और ओटीएस विद्युत कैंपों में बकाया बिल जमा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ और लंबी लाइनें देखी गई।एक मुश्त समाधान योजना के तहत मंगलवार को उपखंड क्षेत्र के सभी 6 विद्युत उपकेंद्रों के अलावा हरीपुर, सहावा, रौहारी, गुंधौर, भरहू खाता सहित अन्य स्थानों पर ओटीएस विद्युत कैंप लगाए गए। उपखंड कार्यालय परिसर में आयोजित विद्युत मेगा कैंप में कुल 741 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन किया गया और 66.21 लाख रुपए की बकाया विद्युत बिल वसूली की गई।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | ओवरहालिंग ऑफ एस्कॉर्ट्स मेक एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम ऑफ एल0 एच0 बी0 कोचेस। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 4,30,58,560.00 मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 3,65,300/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनॉक– 13.01.2025 से 27.01.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरुप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट – www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं 2025–ए.एम.वी.– सी एंड डब्लू ईनिविदा – 01 दिनॉक: 02.01.2025 23/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **24.01.2025 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00102025 दिनांक 02.01.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 35-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत फाफामऊ गुड्स बाईपास लाइन पर पीएससी स्लीपरों के साथ गैर मानक निर्मित डायमंड क्रॉसिंग को सीएमएस क्रॉसिंग से प्रतिस्थापित किये जाने का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 1,53,65,254.93 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 2,26,800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 10.01.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 24.01.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 19/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जेडीएस ने 40 रनों से महाराजा एलेवेन को हराया, खिताब पर किया कब्जा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के रेलवे स्टेशन के सामने वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि समाजसेवी श्याम जायसवाल व विशिष्ट अतिथि रवि अग्रवाल ने विजेता व उप विजेता टीमों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता के आयोजक संजीव सिंह व चन्दन पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच जेडीएस कपिलवस्तु व महाराजा एलेवेन शोहरतगढ़ के बीच खेला गया। जेडीएस की टीम ने 40 रनों से जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा किया। अतिथियों ने विजेता टीम को 30000/- व उप विजेता टीम को 15000/- का नकद पुरस्कार, ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह भेंट किये। इस मौके पर सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्याम जयसवाल ने कहा कि हार व जीत एक ही सिक्के के दो पहलु है। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि हारने वाले खिलाड़ियों को निराश नहीं होकर अपनी कमियों को दूर करना चाहिए तथा अगली बार

■ छतहरी में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

ऐसी प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाकर लोहा मनवाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि रवि अग्रवाल ने भी विचार रखते हुए युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। इस मौके पर वासुदेव, रोहित कुमार मद्धेशिया, शिवरतन कन्नौजिया, घनश्याम गुप्ता, विवेक पाण्डेय, वकील खान, अशरफ अंसारी उर्फ बाबूजी, दिनेश कुमार, मनोज कुमार, मोनू, सोनू महतो, विक्रान्त सिंह, राजू बाबा, सतीश वर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

## सोनोलॉजिस्ट डा. आशुतोष के प्रकरण में मण्डलायुक्त से मिली डा. शीला शर्मा

**बस्ती।** महिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. शीला शर्मा ने बेटे डा. आशुतोष शर्मा के बारे में भाजपा नेता रिंकू दुबे द्वारा की गई झूठी शिकायत के संदर्भ में मण्डलायुक्त से मुलाकात की। डा. शर्मा का बेटा डा. आशुतोष शर्मा जिला महिला अस्पताल में सोनोलॉजिस्ट के पद पर अपनी सेवायें दे रहे हैं। उन्होने कहा बेटे पर लगे आरोप मनगढ़न्त व बेबुनियाद हैं और दुर्भावना से ग्रस्त हैं। धनउगाही के चक्कर में भाजपा नेता अनावश्यक दबाव बना रहे हैं। उन्होने यह भी कहा कि भाजपा नेता रिंकू दूबे अपने चहेते विमल द्विवेदी को बेटे की जगह पोस्ट करवाना चाहते हैं। इसलिये अनेक प्रकार से मनगढ़न्त शिकायतें कर उन्हे बदनाम कर रहे हैं। डा. शीला शर्मा ने मण्डलायुक्त को पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुये न्याय की मांग किया है। मण्डलायुक्त ने उन्हे भरोसा दिलाया कि जो भी होगा न्यायसंगत होगा। दूसरी ओर इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामशंकर दूबे से बात की गई तो उन्होने कहा डा. आशुतोष शर्मा की नियुक्ति आयोग से हुई है।

# ट्रैक्टर ट्राली से जा रहे मज़दूरों पर अचानक हाई टेंशन तार गिरने से नहर मे डूबा मज़दूर

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** विद्युतीकरण कार्य करने ट्रैक्टर ट्राली से जा रहे मजदूरों के ऊपर अचानक हाई टेंशन वोल्टेज का तार गिरने से एक युवक जहां नहर में डूब गया वही दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया तथा नहर में डूबे युवक की खोज के लिए तलाश जारी कर दिया। जो घंटे भर तलाश के बाद नही मिली।

जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार दिन करीब 11 बजे घटित हुई।बिजली कंपनी एनसीसी के तहत मजदूर जलालपुर से कासिमपुर कर्बला विद्युत उपकेंद्र जा रहे । एक ट्रैक्टर ट्राली पर सवार लगभग 8 मजदूर सभी कर्बला बाजार में शारदा सहायक नहर की पुलिया पर ट्रैक्टर ट्राली खड़ी कर चाय पीने चले गए परंतु ट्रॉली पर विकास पुत्र पप्पू 19 वर्ष विकास पुत्र बालवीर उम्र 20 वर्ष निवासी रीड़ वाला शैलेंद्रयार डिलारी जनपद मुरादाबाद मौजूद रहे । ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज के तार अचानक टूटकर विकास पुत्र बालवीर के सर पर गिर गया जान बचाने के लिए नहर में कूद गया वहीं दूसरा विकास पुत्र पप्पू ट्राली से कूद गया जिससे उसको चोटे आई वहीं विकास पुत्र बलवीर का पता नहीं चल पा रहा है । घायल विकास का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर भेजा गया जिसे इलाज के बाद छोड़ दिया गया ।मौजूद बाजार वासियों ने पुलिस को सूचना दिया युवक को खोजने का प्रयास किया गया परंतु घंटे भर प्रयास के बावजूद भी नही मिला तत्पश्चात युवक की खोजबीन के लिए पुलिस नहर में जगह जगह जा जाल डलवाकर तलाश करवा रही है। इस मौके पर जिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव कोतवाल संतोष कुमार सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

वहां मौजूद कुछ लोगों द्वारा रोड जाम करने का प्रयास किया गया परंतु मौजूद पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर हटा दिया

# डीएम ने किया पुलिस लाइन में हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उप्र पुलिस आवास निगम लिमिटेड द्वारा निर्माण कराये जा रहे जिले की पुलिस लाइन में 100 पुरूष कर्मियों हेतु हास्टल, बैरक तथा ट्रान्जिट हास्टल निर्माण कार्य का गुरुवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को अवगत कराया गया कि बिजली की व्यवस्था न होने के कारण कार्य बाधित हो रहा है। बिजली की व्यवस्था कराकर रूके हुए कार्य को पूर्ण कराकर तथा विद्युत कनेक्शन कराकर 15 मार्च तक हैण्ड ओवर कराने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही ट्रान्जिट हास्टल में लिफ्ट का कार्य पूर्ण कराकर 15 मार्च 2025 तक हैण्ड ओवर कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सहायक अभियन्ता आरपी शुक्ल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के एक रेस्टोरेंट के सामने पुलिस ने एक 75 वर्षीय वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थित में बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों की माने तो वृद्ध की मौत ठंड लगने से हुई है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के बोकटा निवासी हरिनंदन पुत्र अजायब यादव 75 वर्ष जिनका शादी नहीं हुआ था। वह लावारिस हालत में घूमता रहता था। अपनी जमीन जायजाद को भी बेच रखा था।

वृहस्पतिवार को गीडा क्षेत्र में स्थित एक रेस्टोरेंट के सामने वृद्ध की लाश देखकर आपस पास के लोगो ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने वृद्ध की शिनाख्त कराया। और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने कहा की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई की जायेगी।

# वो कितने अच्छे होते हैं जिनके मां होती है

## विधायक वीरेंद्र चोरी की मां की पुण्यतिथि पर उमड़े लोग

अवधनामा संवाददाता



**फरेंदा महराजगंज।** कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी की माता जी की पुण्यतिथि पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और दूर दराज से आए गणमान्य लोगों ने सिंहपुर गांव पंहुच कर उनकी समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान विधिवत पूजन अर्चन कर विधायक वीरेंद्र चौधरी ने मां को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में माता पिता का स्थान दूसरा कोई नहीं ले सकता। आज मेरे सर से माता पिता दोनों का साया नहीं है लेकिन दोनों के आशीर्वाद की अनुभूति मुझे सदैव होती है। संघर्ष मैंने अपने पिता से सीखा तो त्याग और तपस्या मां से सीखा। अपने माता पिता के दिखाए रास्ते पर मैं आज भी चल रहा हूं। उन्होंने कहा कि आज मेरी सफलता के पीछे निसंदेह मेरे माता पिता का आशीर्वाद है। क्षेत्र में लोगों का जो प्यार मुझे हासिल है वह भी मेरे माता पिता के नाते ही है।

उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे लिए पहाड़ सा होता है क्योंकि आज ही मेरी मां मुझे और मेरे परिवार को छोड़ गोलोकवासी हुई थीं। उन्होंने कहा कि हर बेटे को अपनी माता पिता की सेवा जीवन पर्यंत करनी चाहिए,इसका फल मिलता ही मिलता है। उन्होंने कहा अखबारों में बूढ़े मां बाप के तिरस्कार की खबरों से मन व्यथित होता है। मां बाप हर पुत्र के लिए एक ऐसी नेमत है जिसका महत्व साथ छूटने का बाद पता चलता है। उन्होंने कहा कि माता पिता पर खूब प्यार बरसाएं। उन्हें किसी चीज की कमी न होने दें। यह जाया नहीं जाता। उन्होंने अंत में कहा वो कितने अच्छे होते हैं जिनके मां होती है।

## सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने दी डायरी पेन



**लोटन सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** बृहस्पतिवार को नववर्ष के शुभ अवसर पर विकास खण्ड कार्यालय पर पहुंच कर खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता एवं सहायक विकास अधिकारी (पं0) दिलीप पटेल को डायरी पेन देकर नववर्ष के अवसर पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुमार,ब्लाक महामंत्री जितेन्द्र कुमार, ब्लाक कार्यकारणी अध्यक्ष, मनोज कुमार श्रीवस्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अखिलेश कुमार, ब्लाक उपाध्यक्ष उमेश कुमार, ब्लाक उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, रामललित, मोलहू प्रसाद, रामहरख, छोटेलाल, राजकुमार, फूलचंद, मथुरा प्रसाद, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## जामा मस्जिद हल्लौर में जश्ने मुहम्मद बाकिर अस का आयोजन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार दोपहर क्षेत्र के हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई की अध्यक्षता में शिया मुसलमानों के पांचवे इमाम मोहम्मद बाकिर अस की विलादत पर महफ़िल आयोजित की गई। महफ़िल का संचालन अफसर हल्लौरी ने किया। महफ़िल की शुरुआत अब्बास अली के तिलावते कलाम पाक से हुआ। तत्पश्चात अम्बर मेंहदी ने नात के पाक पेश किया। इसके बाद शमशाद हल्लौरी, अफ़सर, आले रज़ा, जिगर, जांबाज़, शुएब, मोजिज़, मन्ज़र मास्टर ,जलाल मास्टर, आबिद जलाल आदि शायरों ने शिया मुसलमानों के पांचवे इमाम हज़रत मुहम्मद बाकिर अलैहिस्सलाम की शान में एक से बढ़कर एक शेर पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। अंत मे मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि हम सब को इमाम के किरदार को अपनाते हुए उनके बताए रास्ते पर चलकर ज़िन्दगी और आख़ेरत संवारनी चाहिए। महफ़िल के दौरान जमाल हैदर, कामयाब, जमाल बीके, तशबीब हसन खुर्शीद आरके, फहीम हैदर, वज़ीहुल हसन, मंजू, शब्बू, मोहम्मद हैदर, तंज़ीम, वज़ीर हैदर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## किशोरी को भगाने के आरोप में पीटा केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र कालेसर में किशोरी को भगाने के आरोप में मनबढ़ ने महिला को पीट दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर निवासी निर्मला पत्नी धर्मेंद्र के पुत्री नैना को गांव का एक मनबढ़ बहन को भगाने का आरोप लगाते हुए पीट दिया। पुलिस ने आरोपी सुजीत उर्फ राजू पुत्र संजय शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# समय रहते क्षय रोग का इलाज संभव : डॉ शैलेन्द्र मणि ओझा

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा के अगुवाई में बृहस्पतिवार को बरगदवा में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सीय टीम ने 49 मरीज का इलाज करते हुए 32 मरीज को बलगम की डिब्बी का वितरण किया गया।

अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 6 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, अल्कोहलिक व्यक्ति, तंबाकू का उपयोग करने वाले व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, क्षय रोगियों के साथ

■ भनवापुर के बरगदवा में आयोजित शिविर में 49 मरीजों का जांच कर 32 को बलगम के लिए दिया डिब्बी

रहने वाले व्यक्ति, लंबे समय से बुखार, खांसी व डायबिटीज के मरीज तथा लंबे समय से गर्भवती न होने वाली महिलाओं आदि व्यक्तियों स्क्रीनिंग करते हुए एक्सरे व अन्य जांच करवाई जाएगी।

डॉ.शैलेंद्र मणिओझा ने बताया कि खांसी के इलाज में देरी ठीक नही है, क्षय रोग बहुत ही संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी है, जिसका समय रहते इलाज प्रारंभ करने से मरीज स्वस्थ किया जा सकता है तथा अन्य व्यक्तियों को भी संक्रमण से बचाया जा सकता है।

## बाइक घुमाने का विरोध करने पर पीटा चार पर एससी/एसटी का केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के टीकरियां में दरवाजे के सामने बाइक घुमा रहे युवक को मना करने पर घर में घुसकर जातिसूचक गाली गलौज करने के साथ धमकाने और मारने पीटने पर पुलिस ने चार के खिलाफ एससी/एसटी और मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के टीकरियां निवासी प्रशांत कुमार पासवान पुत्र स्व रामअवध पासवान के दरवाजे के सामने मंगलवार को गांव का एक युवक बाइक घुमा रहा था। घर की महिलाओं ने विरोध किया तो वह घर घुसकर गाली गलौज करने के साथ मारने पीटने की धमकी देने लगा था। इसी रंजिश को लेकर चार की संख्या में मनबढ़ लाठी डंडा से लैस होकर आए और जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विशाल निषाद, अभिनाश निषाद, अमरचंद, मजनू निषाद के खिलाफ एससी/एसटी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# समस्या निदान के लिए एडी दफ्तर पर आज धरना देंगे फार्मासिस्ट

अवधनामा संवाददाता

■ जिलाध्यक्ष की अगुवाई में जाएंगे बस्ती मंडल मुख्यालय
■ लखनऊ निदेशालय पर 31 जनवरी को धरना प्रस्तावित

**सिद्धार्थनगर।** संवर्ग से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर उत्तर प्रदेश डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में शुक्रवार को अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बस्ती मंडल कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इसके बाद 31 जनवरी को लखनऊ स्थित निदेशालय पर धरना-प्रदर्शन प्रस्तावित है। मंडल के धरने में जिले से अधिकाधिक संख्या में सक्रिय भागीदारी निभाई जाएगी। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. वाईपी यादव, मंत्री डॉ. गोविंद प्रसाद ओझा ने बताया कि संवर्ग के साथियों से जुड़ी 22 बिंदुओं से संबंधित मांगों के समाधान का मुद्दा है। मांगों में प्रमुख रूप से राजपत्रित पद पर कार्यरत होने के कारण ग्रेड पे 4600 का स्थापन्न वेतनमान प्रदान करने, एलोपैथिक चिकित्सकों की अनुपस्थिति में प्रदान किए जाने वाले प्रभार भत्ता 750 रुपये देने, प्रस्ताव के मुताबिक फार्मासिस्ट का ना फार्मेसी अधिकारी करने, पीएचसी पर दो, सीएचसी पर तीन फार्मासिस्ट, दो चीफ फार्मासिस्ट का पद सृहन करने, मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित हुए जिला चिकित्सालयों से पद समेत फार्मासिस्टों को कार्यमुक्त करने, विशेष कार्याधिकारी फार्मेसी एवं संयुक्त निदेशक फार्मेसी के रिक्त पद पर पदोन्नति जैसे अन्य बिंदु शामिल है। अब शुक्रवार को मंडल मुख्यालय स्थित एडी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। जनपद से भी सक्रिय सहभागिता रहेगी।

# वित्तीय वर्ष में हुए विकास कार्यो के शिकायत पर डीसी मनरेगा ने किया जांच



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन के ग्राम पंचायत ठेठरी में वित्तीय वर्ष 21-22, 22-23, 23-24 का ठेठरी गांव के ही सदानंद कसौधन के द्वारा लगभग चार माह पहले जिलाधिकारी से शिकायत किया गया था जिसको लेकर बृहस्पतिवार को डी सी मनरेगा संदीप कुमार सिंह जांच करने पहुंचे। जिसमे शिकायत के आधार पर विधिवत जांच किया गया।शिकायतकर्ता ने अपने शिकायत में कहा की अमृत सरोवर व मेन रोड से प्राथमिक विद्यालय होते हुए कब्रिस्तान तक इण्टर लांकिग व पंचायत भवन में कराये कार्यो का जांच साथ साथ जाकर करवाया। डी सी मनरेगा ने जांच के दौरान देखा की इण्टर लांकिग मानक के अनुसार बना है या नहीं उसकी विधिवत जांच किया,अमृत सरोवर में मनरेगा द्वारा कराये गये कार्यों का भी जांच किया गया की स्टीमेट के हिसाब से लम्बाई व चौड़ाई है मिट्टी सही पड़ी है या नही साथ ही शिकायत कर्ता के आधार पर पंचायत भवन में कम्प्यूटर, कुर्सी मेज के खरीदारी को लेकर जरूरत से ज्यादा पैसा खर्च को लेकर भी जांच किया गया और मौजूद लोगों से सामुदायिक शौचालय के बारे मे भी जानकारी ली।

# पद्मश्री अनवर जलालपुरी को दी गयी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** विश्व विख्यात शायर,शिक्षाविद,पदमश्री अनवर जलालपुरी की सातवीं पुण्यतिथि पर मौलाना आज़ाद गर्ल्स इन्टर कॉलेज जलालपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। अनवर जलालपुरी का जन्म 6 जुलाई सन 1947 को जलालपुर अंबेडकर नगर में हुआ था। उनका निधन 2 जनवरी सन 2018 को हुआ। पदमश्री अनवर जलालपुरी अच्छे शायर होने के साथ ही बेहतरीन मंच संचालक भी थे। वे अपनी शायरी के जरिए हमेशा हिंदू और मुसलमानों के बीच एकता का पैगाम देते रहे। पैगाम फाउंडेशन के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज जलालपुर में कुरान ख्वानी, मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया। पदमश्री अनवर जलालपुरी ने कई धर्म के धार्मिक ग्रंथों का आसान उर्दू भाषा में अनुवाद कर एक मिसाल कायम की थी।उन्होंने गीता का उर्दू शायरी में अनुवाद किया है जो काफी चर्चित पुस्तक है अनवर जलालपुरी ने भगवत गीता के 18 अध्यायों में समाहित 700 श्लोकों का 1761 अशआर में तर्जुमा किया था, जिसे दुनिया भर में खूब सराहा गया। उनके योगदान पर भारत सरकार ने मरणोपरांत पदमश्री सम्मान से नवाजा। वही वे अपने जीवन काल में यश भारती सहित दर्जनों सम्मान से नवाजे गए। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने कहा कि मैं जा रहा हूं..... मेरा इंतजार मत करना.....यह कहकर अनवर जलालपुरी तो 2 जनवरी 2018 को दुनिया से अलविदा कह गए लेकिन ऐसे रौशन सितारे की चमक भला कब अलविदा कहती है। अशआर की शक्ल में जो नगीना अनवर जलालपुरी दे गए उनका रुतबा उस वक्त और बढ़ गया जब पदम पुरस्कारों की घोषणा हुई। प्रधानाचार्या गुलिस्तां अंजुम ने कहा कि अनवर जलालपुरी देश के जाने-माने शायर थे उन्होंने विदेशों में भी हिंदी,उर्दू का परचम लहराया था।प्रधानाध्यापक जनाब मास्टर असरार अहमद साहब ने कहा कि अनवर जलालपुरी ने उर्दू और हिंदी जुबान के बीच सेतु की तरह थे।धर्म विशेष के ग्रंथ माने जाने वाले गीता को उन्होंने मुस्लिमों के बीच भी पहुंचाया।गीता के श्लोक का उन्होंने हिंदी के साथ ही उर्दू जुबान में अनुवाद किया। एक बड़ा वर्ग गीता के सार्थक संदेशों को आत्मसात कर सका।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रभारी जमशेद अकबाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक मौलाना मोहम्मद खालिद कासमी ने किया। उक्त अवसर पर विद्यालय सेक्रेटरी मोहम्मद अहमद, हाजी इरफान अहमद, मास्टर अबुल कलाम, अतीकु उर रहमान, आमिना खातून, तज्यींन आएशा, हमना मरियम, फरहीन फातमा, हेरा फातमा ,शेर अब्बास, गौरव कुमार, सानिया सिराज, मौहम्मद अहमद, मोहम्मदी खातून, आबिदा खातून, मौहम्मद शाहिद जमाल, मरगूब अहमद, उमैजा मरियम, शशि कला विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत अंतर्गत दिया जा रहा लाभ

अवधनामा संवाददाता

■ आयु के निर्धारण हेतु आधार कार्ड में वर्णित आयु ही मान्य होगी

**सिद्धार्थनगर।** 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ए बी - पी एम जे ए वाई) अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा रहा है। अब उन परिवारों के 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को भी आयुष्मान भारत अंतर्गत लाभ दिया जाएगा, जो योजना अंतर्गत आच्छादित नहीं हैं।

आयु के निर्धारण हेतु आधार कार्ड में वर्णित आयु ही मान्य होगी। इससे आच्छादित लाभार्थियों को भी वही लाभ अनुमान्य होंगे जो मूल योजना के अन्तर्गत अनुमान्य है।

नामांकन एवं कार्ड बनाने की प्रक्रिया मोबाइल फ़ोन एप्लीकेशन (आयुष्मान ऐप) एवम् वेब पोर्टल beneficiary.nha.gov.in के माध्यम से नामांकन किया जा सकता है। इन नागरिकों का जो विशिष्ट/पृथक आयुष्मान कार्ड जारी किया जाएगा जिसका नाम आयुष्मान वय वंदना कार्ड रखा गया है। आधार कार्ड से नामांकन करने के उपरांत ई के वाई सी करना होगा जो मोबाइल ओ टी पी, आईरिस अथवा फिंगरप्रिंट से किया जाता है।

ई के वाई सी के सफलतापूर्वक पंजीकरण उपरांत लाभार्थी कार्ड डाउनलोड कर सकता है। चूँकि कार्ड बनाने हेतु मोबाइल ओ टी पी की आवश्यकता होती है। अतः लाभार्थी के पास आधार लिंक मोबाइल नंबर उपलब्ध होना जरूरी है। अगर मोबाइल नंबर आधार से लिंक नहीं है तो ऐसी स्थिति में जन सेवा केंद्र अथवा अधिकृत पोस्ट ऑफिस पर जाकर मोबाइल नंबर लिंक कराया जाना होगा।

## स्कूल शिक्षा और नो डिटेंशन पॉलिसी

केंद्र सरकार ने स्कूल शिक्षा सुधारों की ओर बड़ा कदम उठाते हुए नो डिटेंशन पॉलिसी हटा दी है। अभी तक यह नियम था कि पांचवीं और आठवीं क्लास तक बच्चों को स्कूल द्वारा पास किया जाना अनिवार्य था। बच्चा अगर फेल भी होता है तो भी उसको डिटेन नहीं किया जाएगा। उसको आगे की कक्षा में प्रमोट किया जाएगा। इस नियम से अधिकतर बच्चे पढ़ाई में मेहनत नहीं करते थे और आगे नौवीं और दसवीं की कक्षा में जाने पर उनको परेशानी का सामना करना पड़ता था। कहीं न कहीं अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई पर थोड़ा कम ध्यान देते थे, क्योंकि उनको भी यह रहता था कि बच्चा नहीं पढ़ेगा, तब भी स्कूल को पास तो करना ही है। नो डिटेंशन पॉलिसी की वजह से कहीं न कहीं बच्चे और उनके मां-बाप दोनों ही पढ़ाई के प्रति गंभीर नहीं रहते थे। उनके मन में यह बात कहीं न कहीं जरूर रहती थी कि जब सरकार का नियम ही है कि बच्चों को आठवीं तक पास करना ही है तो फिर ज्यादा चिंता करने की क्या जरूरत है। अब नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म होने से बच्चों और अभिभावक दोनों की पढ़ाई के प्रति गंभीरता बढ़ेगी। इसके अच्छे परिणाम आएंगे। पहले भी इसी तरह का नियम होता था। लेकिन, बीच में नो डिटेंशन पॉलिसी के आने से पढ़ाई के प्रति बच्चों में गंभीरता कम हो गई और नौवीं और दसवीं में जाने पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पडने लगा और इसी वजह से नौवीं और दसवीं के रिजल्ट में भी गिरावट आने लगी।

अभी तक यह होता था कि चाहे बच्चा पांचवीं का है या छठी का है, कोर्स खत्म कर पाया हो या नहीं, उसने पूरा सिलेबस पढ़ा हो या नहीं, उसको अगली कक्षा में प्रमोट करना ही करना है। इस तरह से बच्चे की पढ़ाई की बुनियाद कमजोर हो जाती थी और आगे नौवीं कक्षा में जाने पर बच्चों के ऊपर पढ़ाई का एकदम बोझ पड़ जाता था और अधिकतर बच्चे फेल हो जाते थे। इस पॉलिसी के खत्म होने से अब बच्चों की पढ़ाई के स्तर में सुधार होगा और उनकी पढ़ाई की जड़ मजबूत होगी। बच्चे को 2 महीने के अंदर दोबारा से टेस्ट का मौका दिया जाएगा। टेस्ट में पास होने पर उसको अगली कक्षा में प्रमोट किया जाएगा। इससे पढ़ाई पूरी करके ही टैलेंटेड बच्चे आगे जाएंगे। हमारे समय में भी इसी तरह का नियम था। परीक्षा पास करने के लिए एक बार ही चांस मिलता था और उसमें अगर फेल हो जाते थे तो फिर से उसी कक्षा में पढ़ाई करनी पड़ती थी, लेकिन बाद में यह नियम आने से कि बच्चा फेल हो तो भी उसको अगली कक्षा में प्रमोट करना ही है, इस नियम से बच्चों के टैलेंट में कमी आने लगी। अब इस व्यवस्था के खत्म होने से आगे मेहनत करके और मेहनत से पास होकर के जो बच्चा आगे बढ़ेगा वह आगे भी जाकर अच्छा करेगा। उसका भविष्य भी उज्ज्वल होगा। उसे आगे अपने करियर में तरक्की करने में किसी सिफारिश की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। दूसरी तरफ देखें तो नो डिटेंशन पॉलिसी को लाने की जरूरत क्यों पड़ी थी, यह बिन्दु राइट टु एजुकेशन एक्ट 2009 से जुड़ा है, जिसकी धारा 16 में यह प्रावधान किया गया था कि स्कूलों में आठवीं क्लास तक किसी भी बच्चे को किसी परीक्षा में फेल नहीं घोषित किया जाएगा, न ही उसका अगली क्लास में जाना रोका जा सकेगा। इसके पीछे यह सोच थी कि सभी बच्चों के लिए कम से कम आठवीं क्लास तक की पढ़ाई सुनिश्चित की जाए। यह देखा गया था कि आर्थिक और सामाजिक तौर पर पिछड़े परिवारों के बच्चों में फेल होने की वजह से ड्रॉपआउट बढ़ जाता है। अक्सर पढ़ाई में कमजोर ऐसे बच्चों के बारे में यह धारणा बन जाती है कि यह पढने वाला बच्चा नहीं है। लिहाजा उन्हें दूसरे काम में लगाने का भाव परिवार में भी जोर पकड़ने लगता है और वे पढ़ाई से वंचित कर दिए जाते हैं।

## कारवां गुजर गया, गुबार देखते रहे


ओमप्रकाश 'सुमन'

नीरज का यह लोकप्रिय गीत कारवां गुजर गया गुबार देखते रहे, और हम खड़े-खड़े बहार देखते रहे,और हम झुके -झुके, मोड पर रुके -रुके, उम्र के चढ़ाव का उतार देखते रहे, कारवां गुजर गया गुबार देखते रहे। साहित्यकार, शिक्षक एवं कवि नीरज का यह गीत पहली बार आल इंडिया रेडियो पर प्रसारित हुआ है तो उसी दिन रातों-रात नीरज को इस गीत ने मशहूर कर दिया। नई उमर की नई फसल फिल्म में लिया गया नीरज का यह गीत मोहम्मद रफी ने गाया था। यह गीत नीरज के कालजयी गीतों में माना जाता है।

गोपालदास सक्सेना नीरज का जन्म 4 जनवरी 1925 को संयुक्त प्रांत आगरा व अवध जिसे अब उत्तर प्रदेश कहते हैं में इटावा जिले के पुरावली गांव में बाबू ब्रजकिशोर सक्सेना के यहां हुआ था। इनके पिता का देहांत इनके बचपन में ही हो गया था। इन के पालन पोषण की भी समस्याएं बनी रहे नितांत गरीबी में जीवन बिताने वाले गोपाल दास ने हिम्मत नहीं हारी और नौकरी करके अपना खर्चा भी चलाया और शिक्षा के आखिरी मुकाम तक भी पहुंच गए । 1942 में नीरज ने एटा से हाई स्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की इसके बाद इटावा की कचहरी में टाइपिंग का काम किया। उसके बाद सिनेमाघर की एक दुकान पर नौकरी की वहां से नौकरी छूट जाने के बाद कानपुर के डीएवी कॉलेज में क्लर्क का काम किया । फिर बाल्कट ब्रदर्स नाम की एक प्राइवेट कंपनी में 5 वर्ष तक टाइपिस्ट का काम किया। नौकरी के साथ प्राइवेट परीक्षा में 1949 में इण्टर तथा 1951 मे बी .ए. परीक्षा पास कर कर ली । उन्होंने 1953 में प्रथम श्रेणी में हिंदी से एम. ए . किया । नीरज ने मेरठ कालेज में प्रवक्ता के पद पर कुछ समय अध्यापन कार्य किया पर प्रबंधन के द्वारा नीरज पर कुछ आरोप लगाए गए तो उन्होंने वहाँ से त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद वह अलीगढ़ के धर्म समाज कॉलेज में हिंदी विभाग के प्राध्यापक हो गए वहां पर उन्होंने 14 वर्षों तक सेवाएं दी । मेरठ में ही मैरिस रोड, जनकपुरी में अपना निवास बना लिया। नीरज फिल्म गीत लिखने के लिए मुंबई चले गए और अनेक फिल्मों में गीत लिखे पर वह मुंबई से अलीगढ़ लौट आए। इसी बीच 19 जुलाई 2018 में 93 वर्ष की उम्र में नीरज ने दुनिया को अलविदा कह दिया। अपने संघर्ष मय जीवन में नीरज ने हर क्षेत्र में सफलता हासिल की । फिल्म गीतों के बारे में 1960 में मुंबई में नीरज निशा कार्यक्रम में उन्हें शामिल होने का मौका मिला और वहीं से उनका फिल्मी गीत सफर शुरू होता है। वह लगभग 5 साल तक मुंबई में रहे और कई फिल्मों के गीत लिखे। उन्हें श्रेष्ठ फिल्मी गीत लिखने के कारण तीन बार फिल्म फेयर पुरस्कार मिला उन्हें 1970 में चंदा और बिजली फिल्म के गीत काल का पहिया घूमे रे भैया 1971 में फिल्म पहचान के गीत बस यही अपराध में हर बार करता हूं। आदमी हूं आदमी से प्यार करता हूं। 1972 में फिल्म मेरा नाम जोकर के इस गीत पर उन्हें सम्मान मिला गीत है ए भाई, जरा देख के चलो आगे ही नहीं पीछे भी। इस गीत में दुनिया की वास्तविकता का भी लोगों को बताते हुए हुए नीरज ने लिखा है - दुनिया है,और प्यारे दुनिया एक सरकस है, और इस सरकस में -बड़े को भी छोटे को भी, खरे को भी खोटे को भी, मोटे को पतले को भी, नीचे से ऊपर को ऊपर से नीचे को, बराबर आना जाना पड़ता है। पुरस्कार सम्मान में नीरज को विश्व उर्दू परिषद पुरस्कार मिला ,1991 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान मिला, 1994 में उत्तर प्रदेश सरकार से उन्हें यश भारती एवं 100000 का सम्मान मिला ,नीरज को पद्म भूषण सम्मान भारत सरकार द्वारा 2007 में दिया गया। इसके साथ अन्य सम्मान भी मिले उन्हें हिन्दी भाषा संस्थान का अध्यक्ष नामित कर कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया गया था। नीरज की प्रमुख कविताओं मे समाज की दशा और गति का वर्णन करते हुए लिखा- काजल और कटाक्षों पर तो रीझ रही थी दुनिया सारी, मैंने किंतु बरसने वाली आंखों की आरती उतारी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि 'मैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं। कई लोगों ने अपनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में स्थिति सामान्य हो जाएगी।' प्रश्न है कि मुख्यमंत्री 18 माह के खून-खराबे के बाद अब क्यों माफी मांग रहे हैं? वे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर वह स्थिति को संभालने में नाकाम रहे थे तो उन्हें बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था।**

# मणिपुर में माफी कोरा दिखावा न होकर सार्थक बदलाव करें


ललित गर्ग

मणिपुर में जातीय संघर्ष, व्यापक हिंसा एवं अराजक माहौल के लिए पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते साल के आखिरी दिन शांति की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 'माफी' मांगी है, इस माफी को लेकर राजनीति के गलियारों में व्यापक चर्चा है। क्योंकि इस हिंसा में मई 2023 से 250 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए है। लम्बे समय से यह प्रांत अस्थिरता, असंतोष एवं अशांति की आग में जल रहा है। एन बीरेन सिंह ने माफी मांगते हुए हिंसा के इस लंबे कालखण्ड एवं सिलसिले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सभी समुदायों से अपील की कि पिछली गलतियों को भुलाकर वे शांति और सौहार्द कायम करें। हालांकि मुख्यमंत्री की इस अपील के अपने मतलब निकाले जा रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि यह माफी बहुत पहले मांगी जानी चाहिए थी। कुछ का यह मानना है कि माफी ऐसे समय आई है जब मुख्यमंत्री चौतरफा दबाव में है। विरोधी तो बहुत पहले से उनका इस्तीफा मांग रहे हैं, पिछले कुछ समय से खुद उनके विधायकों और सहयोगियों ने इस माफी को उनकी मजबूरी का परिणाम बताया है। निश्चित ही बीरेन सिंह के लिये माफी मांगना काफी नहीं है, अगर वह मानते हैं कि स्थिति को संभालने में नाकाम रहे तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था या केन्द्र को राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए था। अफसोसनाक यह है कि इस मसले पर अक्सर विवाद उभरते रहे और राजनीतिक शख्सियतों के बीच आरोप-प्रत्यारोप अक्सर बेलगाम बोल में तब्दील ही होते रहे, कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, जो गैरजिम्मेदाराना राजनीति को दर्शाता है।

मणिपुर में 3 मई 2023 से ही बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर जो हिंसा शुरू हुई वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही। कभी अपनी सांस्कृतिक सद्भावना के लिए जाना जाने वाला राज्य अब गहराते विभाजन एवं जातीय संघर्ष का सामना कर रहा है और लोग लगातार भय में जी रहे हैं। तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा। शांति एवं सद्भावना की तलाश अभी भी जारी है। मणिपुर में जब चंद दरिंदें दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते नजर आए तो पूरा प्रांत आक्रोश में आ गया। जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत महत्व रखती है। न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किए और न ही शांति स्थापित करने के कोई प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार डेढ़ साल से ज्यादा समय से खेमों में बंटती राजनीतिक उलझन में फंसी रही। सभी दल, नेता एवं सरकार नामुमकिन निशानों की ओर कौमों को दौड़ती रही। यह कौमों के साथ नाइंसाफी होने के साथ अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा थी। क्योंकि ऐसी दौड़ जहां पहुंचाती है, वहां कामयाबी की मंजिल नहीं, बल्कि मायूसी का गहरा गड्ढा होता है।



मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि ''मैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं। कई लोगों ने अपनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में स्थिति सामान्य हो जाएगी।'' प्रश्न है कि मुख्यमंत्री 18 माह के खून-खराबे के बाद अब क्यों माफी मांग रहे हैं? वे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर वह स्थिति को संभालने में नाकाम रहे थे तो उन्हें बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। ताकि स्थितियों लगातार इतनी विकराल नहीं होती, इतनी अधिक जनहानि नहीं होती। देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली सामाजिक असुरक्षा, जातीय संघर्ष तथा हिंसा जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए। यूं तो मणिपुर हिंसा में इतने मासूमों की मौत के बाद मुख्यमंत्री के माफी मांगने का कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा। इसीलिये विपक्ष दल एवं कांग्रेस उन पर और केन्द्र सरकार पर हमलावर है। 19 महीनों में एन.बीरेन असंवेदनशील बने रहे और वर्ष के अंत में उन्होंने माफी मांगकर किस संवेदनशीलता का परिचय दिया है? अब सवाल यह है कि त्रासदी का अंत कैसे हो? कैसे शांति स्थापित हो? जरूरत है मनुष्य को बांटे नहीं, सत्य को ढंके नहीं।

बड़ा सवाल यह है कि राज्य द्वारा माफ़ी मांगना केवल दिखावा है और राजनीतिक अपयश निवारण और क्षतिपूर्ति की आवश्यकता मात्र है या किसी सार्थक बदलाव की बुनियाद। हालांकि इस तरह की राजनीतिक माफी अक्सर संदेहास्पद ही होती है क्योंकि माफ़ी में इससे कहीं अधिक की क्षमता होती है। सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने वाले नेताओं की संख्या में वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं चिन्तनीय रही है। माफ़ी मांगना एक ऐसी युक्ति है जिसका इस्तेमाल नेता अब अक्सर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये करते हैं, ताकि वे कम से कम लागत पर अपनी गलतियों को पीछे छोड़ सकें या उनसे पीछा छूडा सके। लेकिन बीरेन सिंह की माफी की अच्छी बात यह है कि तमाम दबावों के बाद ही सही, राजनीति और समाज के हर प्रमुख हिस्से ने उनकी माफी को सकारात्मक कदम माना है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस माफी की पहल को विश्वसनीय बनाया जाये एवं ऐसे उपयोगी एवं जरूरी कदम उठाए जाये ताकि मणिपुर राज्य में मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी जनजातीय समुदायों के बीच चला आ रहा टकराव विराम पा जाये। जरूरी है कि केंद्र और राज्य की सरकार मुख्यमंत्री की इस पहल से उपजे सद्भाव को स्थायित्व देने की कोशिशें अविलंब शुरू कर दें।

2023 के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में मणिपुर के हालात बेहतर रहे, संघर्ष की स्थितियां कम देखने को मिली। लेकिन पूर्व की हिंसक घटनाओं और मृतकों की संख्या को उससे बनने वाले माहौल से अलग करके नहीं देखा जा सकता। तनाव, संघर्ष और अविश्वास के जिस माहौल से मणिपुर गुजर रहा है, उसकी सचाई इसी हफ्ते कांगपोकपी जिले में कथित कम्युनिटी बंकरों को सुरक्षा बलों द्वारा नष्ट किए जाने पर हुए संघर्ष में 40 लोगों के जख्मी होने और कुकी नैशनल फ्रंट के कथित हमलों के खिलाफ चुराचांदपुर जिले में बंद का आह्वान किए जाने से स्पष्ट है। अभी भी असामान्य हालातों के बीच सवाल है कि मुख्यमंत्री की इस माफी का राज्य के अलग-अलग समुदायों के लोगों पर कैसा और कितना असर पड़ेगा? सवाल महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाता है क्योंकि यह आरोप संघर्ष शुरू होने के बाद से ही लगता रहा है कि मुख्यमंत्री और राज्य प्रशासन की भूमिका निरपेक्ष नहीं है। आरोप पूरी तरह गलत हो तो भी इससे इतना तो स्पष्ट है कि प्रदेश के लोगों का एक खेमा उन्हें अविश्वास भरी नजरों से देखता है। इतने गंभीर और मानवता के अस्तित्व को ही नकारने से जुड़े मसले पर भी समाज के लोगों में जो बंटवारे की प्रवृत्ति राजनीतिक कारणों से दिख रही है वो किसी भी नजरिए से देश की एकता और अखण्डता के लिये फायदेमंद नहीं है।

# भागवत ने समय रहते सचेत कर के अपना राष्ट्रधर्म निभाया

**राजनैतिक और समाजिक माहौल है वह आरएसएस की सौ साल की अथक मेहनत का नतीजा है। आरएसएस कैसा भारत चाहता है उसका विसतारपूर्वक वर्णन संघ के दुसरे सरसंघ चालक और वैचारिक गुरु गोलवालकर ने अपनी किताब बंच आफ थॉट्स में कर दिया है। यह किताब और गुरु गोलवालकर के विचार ही वास्तव में संघ के लिए गीता और उसका संविधान है। यह कोई ढकी छुपी बात नहीं है की संघ आरम्भ से ही संविधान का विरोधी रहा है उसका कहना है कि जब हमारे पास मनु स्मृति के रूप में एक व्यवस्था मौजूद है तो हमें किसी संविधान की आवश्यकता नहीं है।**


उबैद उल्लाह नासिर

सर संघ चालक मोहन भागवत अपने बयानों के कारण इस समय पूरे संघ परिवार की आँख की किरकिरी बने हुए हैं । संघ के सौ साल के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है की अपने परिवार के मुखिया के खिलाफ ही परिवार का छोटे बड़े सब पंजे झाड़ कर पीछे पड़ गए हैं, कारण यह है की उन्होंने कुछ मेल मिलाप सौहार्द भाई चारा वाली बातें कह दी हैं जो सत्ता लोलुप संघियों को पच नहीं रही हैं । वह देख रहे हैं की संघ घृणा हिंसा वैमनस्य और असंवैधानिकता की जिस सीढ़ी पर चढ़ कर सत्ता के शीर्ष पर पहुंचा है मोहन भगवत उस सीढ़ी को ही गिरा देने की बात करते हैं । सत्ता का अहंकार न करो,मस्जिदों के नीचे शिव लिंग और मंदिर न तलाश करो, धर्म के नाम पर अत्याचार धर्म के आधे अधूरे ज्ञान के कारण होता है, कुछ लोग समझते हैं की वह हिन्दू मुसलमान कर के हिन्दुओं के नेता बन जायेंगे, हिन्दुओं और मुसलमानों का डी एन ए एक ही है, मुसलमानों के बिना हिंदुत्व अपूर्ण है यह सब ऐसी बातें हैं जो मोदी योगी अमित शाह ब्रांड की राजनीति में फिट नहीं बैठती। मोहन भागवत ने देश को बर्बादी के जिस कगार पर सत्ता लोलुपता के कारण ले जाया जा रहा है उसके खिलाफ सचेत कर के अपना राष्ट्र धर्म निभा दिया है मगर अहंकारी जिद्दी सत्ता लोलुपता उनको ही ट्रोल करने लगी है। आज हालत यह हो गयी है की मोदी भगवान राम की ऊँगली पकड़ कर उन्हें उनके घर ले जाते हैं, हर हर महादेव की जगह हर हर मोदी ने ले ली है हिन्दुओं की सब से पवित्र और उच्च माने जाने वाले शंकराचार्य मोदी का विरोध कर के उनकी ट्रोल आर्मी के निशाने पर आ गए तो मोहन भगवत की उस जैसी कोई धार्मिक हैसियत तो है नहीं उनको भला कैसे क्षमा किया जा सकता था। ऐसा लगता है कि मोदी अमित शाह की जोड़ी ने भगवत जी की दुर्दशा भी अडवाणी जैसी कर के बीजेपी के बाद आरएसएस पर भी कबज़ा कर लेने का प्लान बना लिया है और जल्द ही उनकी मर्ज़ी का ही कोई व्यक्ति सरसंघ चालक बनवा दिया जायेगा। हालांकि आरएसएस की परम्परा के अनुसार सर संघ चालक ही अपना उत्तराधिकारी तय करता है लेकिन मोदी ने बहुत से नए रिकॉर्ड बनाए हैं एक और सही।

भारत का आज जो भी राजनैतिक और समाजिक माहौल है वह आरएसएस की सौ साल की अथक मेहनत का नतीजा है। आरएसएस कैसा भारत चाहता है उसका विसतारपूर्वक वर्णन संघ के दुसरे सरसंघ चालक और वैचारिक गुरु गोलवालकर ने अपनी किताब बंच आफ थॉट्स में कर दिया है। यह किताब और गुरु गोलवालकर के विचार ही वास्तव में संघ के लिए गीता और उसका संविधान है। यह कोई ढकी छुपी बात नहीं है की संघ आरम्भ से ही संविधान का विरोधी रहा है उसका कहना है कि जब हमारे पास मनु स्मृति के रूप में एक व्यवस्था मौजूद है तो हमें किसी संविधान की आवश्यकता नहीं है। जब संविधान तैयार हो गया तो उस ने कहा की इसमें कुछ भी



भारतीय नहीं है सब कुछ पश्चिम से उधार लिया गया है । बात जब हिन्दू कोड बिल की आई तो संघ ने महिलाओं को समान अधिकार देने वाले इस कानून का जबर्दस्त विरोध किया और नेहरु व आंबेडकर के पुतले फूंके । मनु स्मृति के अनुसार वह वर्ण व्यवस्था ही जारी रखना चाहता था। गुरु गोलवालकर का यह मशहूर कथन सोशल मीडिया पर कई बार वायरल हो चुका है जिसमें उन्होंने कहा था की ÷मैं सारी जिंदगी अंग्रेजों की गुलामी करने को तैयार हूँ लेकिन वह स्वतंत्रता हमें स्वीकार नहीं जो शूद्रों महिलाओं और अल्पसंख्यकों को बराबरी का दर्जा दे। हालांकि अब आरएसएस गोलवालकर के इस कथन से पल्ला झाड़ रहा है और इसे उनका बयान नहीं मान रहा है लेकिन यह तो आरएसएस के कम करने का अपना तरीका है। लेकिन आरएसएस की सब से अब्दी दुश्मनी देश के मुसलमानों और ईसाईयों से है जिन्हें वह अब भी विदेशी और आक्रान्ता मानती है इसके अलावा कम्युनिस्टों से भी उसे बैर है क्योंकि वह इसे एक विदेशी विचारधारा मानती है। आजादी के बाद देश में संवैधानिक व्यवस्था लागू हुई देश के सभी नागरिकों को उनके धर्म जाति भाषा क्षेत्र खान पान लिबास आदि की आज़ादी देते हुए उन्हें समान अधिकार दिए गए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या के कारण आरएसएस पूरे देश में घृणा की पात्र थी नेहरु और उनकी विचारधारा को देश स्वीकार कर चुका था, आरएसएस की राजनैतिक शाखा जनसंघ चुनाव दर चुनाव जनता द्वारा खारिज की जा रही थी लेकिन इन असफलताओं से संघ विचलित नहीं हुआ और पूरी एकाग्रता और ईमेनादारी से इसके प्रचार प्रसार में लगा रहा। राजनैतिक समझौते कर के उस ने अपनी स्वीकार्यता भी बढाई और सिस्टम के सभी अंगों में धीरे धीरे अपने आदमी फिट कर दिए जो ख़ामोशी से अपना काम करते रहे । जब 2014 में उसे अपने दम पर दिल्ली की सत्ता मिल गयी तो वह सब खुल खेले और देश को संघ के सपनों का हिन्दू राष्ट्र बनाने के बहुत निकट पहुंचा दिया। आज मुस्लिम दुश्मनी ही चुनावी राजनीति में सफलता की कुंजी बन गयी है जो जितना बड़ा मुस्लिम दुश्मन हो वह उतना ही बड़ा हिन्दू नेता बन रहा है लेकिन इस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ सब से आगे खड़े हुए हैं और मोदी के बाद अमित शाह जो उनके स्वाभाविक उत्तराधिकारी समझे जाते हैं उन्हें पछाड़ चुके हैं ।

देश की आर्थिक हालत कितनी जर्जर है इसका अनुमान देश पर विगत दस वर्षों में लिए गए अंतर्राष्ट्रीय क़र्ज़ से किया जा सकता है डालर के मुकाबले रुपया के अवमूल्यन से किया जा सकता है दस साल में बढ़ी बेरोज़गारी की दर से किया जा सकता है देश में बढती मंहगाई से किया जा सकता है जिसने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है, देश के कितने बड़े भूभाग पर चीन ने कब्जा कर के अपने गाँव बसाएं हैं और देश की सुरक्षा के लिए कैसे कैसे खतरे सामने खड़े हैं यह किसी से छुपा नहीं है। पड़ोस के किसी देश से भारत के सम्बन्ध मधुर नहीं हैं । देश का समाजी ताना बाना बिलकुल बिखर चुका है धर्मान्धता सम्प्रदायिक घृणा और हिंसा बढ़ कर धार्मिक पागलपन बनती जा रही है, देश पाकिस्तान और श्री लंका जैसे हालात में घिरता जा रहा है। ऐसे हालात में कोई भी देश प्रेमी समझदार दूरदर्शी नेता देश में एकता भाईचारे और शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व की ही बात करेगा ताकि देश के सभी लोग मिल कर देश की नयया को पर लगा सकें न की देश को गृह युद्ध जैसे हालत में धकेल दिया जाये । लेकिन मुसलमानों की लाशों पर अपना राज महल निर्माण करने वाले सियासतदान मोहन भगवत की बात कैसे पचा सकते हैं अगर साम्प्रदायिकता की राजनीति छोड़ कर जनता के मुद्दों की राजनीति होने लगी तो बीजेपी सियासी दीवालिया हो जाएगी उसे तो देश की एकता अखंडता सह अस्तित्व सुरक्षा विकास आदि से अधिक सत्ता में बने रहना प्यारा है भले ही इसके लिए देश में आग लगानी पड़ जाये। लेकिन आगे चल कर देश को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# बज़ट: नारी शक्ति को चिन्हित कर कार्यबल में भागीदारी की योजनाएं

**पीएम द्वारा अनेक स्थानों पर अनेक संबोधनों में उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, एक मीटिंग में विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभरता हुआ वैश्विक वातावरण डिजिटलीकरण, ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए और विविध अवसर प्रदान करता है।**


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं। इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फ़रवरी 2025 को आने वाले बज़ट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेज़ी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके।

साथियों बात अगर हाल ही में आई एक रिपोर्ट की करें तो सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। द नज इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय अर्थव्यवस्था में 14 लाख करोड़ रुपये का योगदान देने के लिए श्रमबल में 40 करोड़ अतिरिक्त महिलाएं जोड़नी होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2047 तक वर्तमान महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 37 प्रतिशत को लगभग दोगुना बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की जरूरत होगी। पिछले कुछ वर्षों के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2047 तक 30 लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनने का लक्ष्य रखा है। साथियों बात अगर हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोर्टिंग कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार ज़वाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है।



साथियों बात अगर हम 1 फ़रवरी 2025 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की ज़रूरत है और उच्च कौशल्या के आधार पर नारी कार्यबल की सेवा राजनीतिक, औद्योगिक शैक्षणिक सहित हर क्षेत्र में ली जानी चाहिए। भारतीय कौशल नारी सबपर भारी की थींम को आगे बढ़ाया जाए।

साथियों बात अगर हम पीएम द्वारा अनेक स्थानों पर अनेक संबोधनों में उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, एक मीटिंग में विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभरता हुआ वैश्विक वातावरण डिजिटलीकरण, ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए और विविध अवसर प्रदान करता है। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को तालमेल का लाभ उठाने और लीक से हटकर सोचने की जरूरत है। उन्होंने भारत डिजिटल की सफलता की गाथा और देश भर में फिनटेक को तेजी से अपनाने, और समावेशी विकास और इसके दृढ़ संकल्प की क्षमता की सराहना की। बैठक में प्रतिभागियों ने उन तरीकों पर व्यावहारिक उपायों की पेशकश की, जिनसे भारत अपने विकास की गति को विवेकपूर्ण ढंग से बनाए रख सकता है। कृषि से लेकर विनिर्माण तक विविध विषयों पर प्रधानमंत्री के साथ विचार और सुझाव साझा किए गए। यह स्वीकार करते हुए कि अंतर्निहित वैश्विक प्रतिकूलताएं जारी रहने की संभावना है, भारत की दृढ़ता को और मजबूत करने के लिए रणनीतिक सिफारिशें भी साझा की गईं। इस बात पर सहमति कायम हुई कि अपने लचीलेपन के कारण, भारत अशांत वैश्विक मंच पर एक उज्ज्वल स्थान बनाकर उभरा है। यह सुझाव दिया गया था कि सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के माध्यम से इस नींव पर नए सिरे से विकास पर जोर देने की आवश्यकता होगी। हर नारी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय कर पाये , अपने अरमानो को पंख लगाने का जज्बा रखे और उन्हें पूरा करने का होंसला रखे । किसी से कोई खैरात नहीं, कोई पक्षपात नहीं,अपने बलबूते पर मंज़िल हांसिल करने माद्दा रखे। साथियों बात अगर हम बड़ी संख्या में अभी भी महिलाओं की वर्तमान स्थिति की करें तो, वर्तमान युग में महिलाओं को मात्र भोग विलास की वस्तु बना कर रख दिया गया है। जिसका मूल काम घर में रहकर चूल्हा चौका करना तथा परिवार की देखभाल करना रह गया है। आज के समय जहां विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है वहीं दूसरी तरफ महिलाओं का कुछ ऐसा वर्ग भी है जिन्हें उनके मूल अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। इस कुप्रथा को दूर करने के लिए हर किसी को अपनी मानसिकता बदलने की आवश्यकता है। जब तक हम अपनी मानसिकता को नहीं बदलकर स्त्रियों को साथ नहीं लेंगे तब तक राष्ट्र का सर्वांगीण विकास मुमकिन नहीं हो पाएगा।

# जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश

## 45 पन्नों में नोट किया गया एक-एक प्वाइंट, सील बंद लिफाफे में वीडियो और फोटो भी

अवधनामा संवाददाता



**संभल, लखनऊ।** जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा पेश किए जाने के बाद नियुक्त किए गए एडवोकेट कमिश्नर द्वारा दो चरणों में किए गए मस्जिद के सर्वे की रिपोर्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में पेश की है। इस दौरान दोनों पक्षों के अधिवक्ता मौजूद रहे।

फोटो और वीडियो फुटेज के साथ 45 पेज की सर्वे रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में पेश की गई है। बुधवार को जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी की ओर से अदालत में सर्वे रिपोर्ट जल्द पेश किए जाने का अनुरोध करते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया था। 19 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने आठ लोगों की ओर से सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दावा पेश किया था, जिसमें संभल की शाही जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने की बात कही गई थी। अदालत ने दावा स्वीकार करते हुए उसी दिन सर्वे कराने के आदेश भी कर दिए थे। सर्वे के लिए अधिवक्ता रमेश सिंह राघव को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया गया था।

19 नवंबर की शाम को ही एडवोकेट कमिश्नर के साथ दोनों पक्षों के लोग जामा मस्जिद पहुंच गए और डेढ़ घंटे तक मस्जिद के अंदर फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराई थी। करीब डेढ़ घंटे तक सर्वे हुआ लेकिन बढ़ती भीड़ और अंधेरा होने के कारण सर्वे कार्य रोक दिया गया था। 24 नवंबर की सुबह फिर से सर्वे करने के लिए एडवोकेट कमिश्नर जामा मस्जिद पहुंचे यहां भीड़ ने विरोध किया। स्थिति यह हो गई कि तीन घंटे तक चले सर्वे के दौरान ही हिंसा भड़क उठी। पथराव, फायरिंग, तोड़फोड़ व आगजनी की गई। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी।

इसके बाद अदालत में सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तारीख दी गई थी, लेकिन एडवोकेट कमिश्नर स्वास्थ्य ठीक न होने का हवाला देते हुए सर्वे

■ सर्वे के लिए अधिवक्ता रमेश सिंह राघव को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया गया था

रिपोर्ट पेश करने के लिए दस दिन का समय मांग लिया था। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश किया था कि छह जनवरी तक लोयर कोर्ट इस मामले में कोई आदेश नहीं करेगा। जामा मस्जिद कमेटी को भी हाईकोर्ट में अपनी अपील पेश करने के लिए कहा गया था। साथ ही यह भी कहा था कि हाईकोर्ट तीन दिन के अंदर मामले में सुनवाई करे। सिविल जज की अदालत में सुनवाई के लिए आठ जनवरी मुकर्रर की गई थी। जब सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए एडवोकेट कमिश्नर द्वारा मांगा गया समय पूरा हो गया तो उन्होंने फिर से अपना स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते हुए 15 दिन का समय रिपोर्ट पेश करने के लिए अदालत से मांगा। इस दरम्यान भी रिपोर्ट पेश नहीं हुई।

# भ्रष्टाचार के आरोप में हटाए अयोध्या मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार के आरोप में अयोध्या के राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है। साथ ही संविदा पर तैनात लिपिक की मौत के मामले की भी जांच कराई जाएगी। पीड़ित के परिवार ने प्रधानाचार्य पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अयोध्या मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य के प्रकरण को गंभीरता से लिया है। जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए डिप्टी सीएम ने कार्रवाई की है। डिप्टी सीएम ने बताया कि कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। डॉ. ज्ञानेन्द्र की प्रताड़ना से संविदा लिपिक प्रभुनाथ मिश्र की मृत्यु के आरोपों की भी जांच कराई जायेगी।

# अखिलेश कुंभ में डुबकी लगाएं, पापों से मुक्ति पाएं : जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर सवाल उठाने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को कुंभ में आना चाहिए और डुबकी लगाकर पापों से मुक्त होना चाहिए। उन्होंने महाकुंभ में आतंकी हमले की धमकी पर कहा कि कुंभ में ऐसी सुरक्षा व्यवस्था होगी कि परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा फिर भी सभी जानते हैं कि योगी सरकार ऐसे गड़बड़ी करने वालों का क्या हाल करती है।

पर्यटन मंत्री बृहस्पतिवार को कुंभ की तैयारियों को लेकर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को ऐसी सुविधा दी जाएगी कि वो हमारे एंबेसडर बनकर जाएंगे। वहीं, एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन औवैसी के बयान पर कहा कि यूपी में सभी धर्म को लोगों को अपनी सुविधा अनुसार पूजा करने की आजादी है।



**प्रयागराज में होगी कैबिनेट बैठक**

उन्होंने कहा कि कुंभ के दौरान यूपी की कैबिनेट बैठक भी प्रयागराज में होगी और पूरी कैबिनेट कुंभ स्नान करेगी। इसकी जानकारी दे दी जाएगी।

### हेलीकॉप्टर से ले सकेंगे एरियल व्यू

■ महाकुंभ के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटक कुंभ क्षेत्र का एरियल व्यू ले सकेंगे। तीन हजार रुपये में आठ मिनट का भ्रमण कराया जाएगा। यह कुंभ आध्यात्मिक के साथ ही डिजिटल व्यवस्थाओं के लिए भी जाना जाएगा। कुंभ के बारे में कोई भी जानकारी एआई चैटबोट और क्यूआर कोड से मिल जाएगी।

# रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को उठाने के लिए ठंडा पानी डालना पड़ा भारी

अवधनामा संवाददाता

■ डीआरएम ने एजेंसी पर ठोंका जुर्माना

**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर आठ व नौ पर ट्रेन के इंतजार में सो रहे यात्रियों पर सफाईकर्मियों ने पानी डालकर जगाया था। मामले की पड़ताल के बाद गुरुवार को डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने 10000 रुपये का जुर्माना लगाया है साथ ही दोबारा शिकायत आने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी है।

मामला बीते शनिवार का है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग स्टेशन पर सफाईकर्मियों के यात्रियों पर पानी डालने का वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर वायरल हुआ था। राजू यादव ने डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा को वीडियो शेयर किया था, जिसमें सफाईकर्मी प्लेटफॉर्म धुलने के लिए सो रहे यात्रियों पर पानी डालकर जगा रहे थे। प्लेटफॉर्म आठ व नौ नंबर की ओर खम्मनपीर मजार है। यहां से चलने वाली ट्रेनों से सफर करने वाले व मजार पर आने वाले अक्सर प्लेटफॉर्म पर रुक जाते हैं।

वायरल वीडियो में स्पष्ट नजर आ रहा था कि प्लेटफॉर्म पर सो रहे यात्रियों पर पानी डालकर सफाईकर्मी जगा रहे थे। सोने वालों में बच्चे भी शामिल थे। इससे उन्हें असुविधाएं हुई तथा अपने कंबलों को लेकर हटना पड़ा। सफाईकर्मियों का कहना था कि प्लेटफॉर्म की धुलाई व सफाई के लिए रात में आसानी से काम हो जाता है। दिन में ट्रैफिक के चलते धुलाई नहीं हो पाती है। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में सफाईकर्मी दोषी पाए गए। डीआरएम ने बताया कि सफाई एजेंसी पर 10000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रेलवे प्रशासन जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है।

**यूपी सरकार के मंत्री ने लगाया षड्यंत्रों का आरोप**

# अनुप्रिया बोलीं- डरेंगे नहीं.. सवाल उठाते रहेंगे

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अपना दल एस के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि में 29 नवंबर को अस्पताल में भर्ती हुआ था, मेरी चार सर्जरी हुई हैं। अब हमें पार्टी के काम में जुट जाना है। हम महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि पर कार्यक्रम करेंगे। पिछले कुछ दिनों से मैं ज्यादा खबरों में हूं। पूरी ताकत लगाई जाती के ना दिखूं लेकिन मेरा सकारात्मक हिस्सा छुपाया जाता है, नकारात्मक दिखाया जाता है। अब लड़ना है या डरना है, मैं सरदार पटेल का बेटा हूं, लड़ूंगा अब डरूंगा नहीं।

उन्होंने कहा कि मैं षड्यंत्रों से डरने वाला नहीं हूं। सीबीआई से जांच करवाएं। डरते क्यों हैं? अखबार में



17 सौ करोड़ का दुरुपयोग करके सूचना विभाग का दुरुपयोग करके मान मर्दन ना करें। ईंट का जवाब पत्थर से दूंगा, थप्पड़ खाकर चुप नहीं बैठूंगा। चौदह में से सात वंचित वर्ग के डायरेक्टर बनाया ये मेरी गलती है। पिछड़ों को मौका दिया है। ये मेरी गलती है और मैं ये करता रहूंगा। डरूंगा नहीं, डरा दीजिए जितना डराएंगे आप। आपके पास तंत्र है तो मेरे पास जनतंत्र है। मेरी और मेरी पत्नी संपत्ति की जांच करा लें। एक धरना

■ डराकर बंद नहीं कर सकते 69000 शिक्षक भर्ती का मुद्दा

मास्टर है जिसे प्रायोजित किया जाता है और धरने पर बैठा दिया जाता है। एसटीएफ के किस अधिकारी ने दो लोगों को धरने पर बैठाने के लिए भेजा है पता कर लें। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। स्पेशल टास्क फोर्स वाले पैर पर गोली मारते हैं, हिम्मत है तो सीने पर गोली मारो।

आशीष पटेल ने कहा कि 69 हजार की भर्ती का विषय डरा कर नहीं बंद करा सकते। सबको पता है कि खेल कहां से हो रहा है। हमने बहुत दिन मंत्री पद ले लिया। धरना मास्टर के मोबाइल का कॉल रिकॉर्ड खुलवा लें। कहां से ऑपरेट हो रहीं सब सामने आ जाएगा। धरना मास्टर 69 हजार वाले मामले पर बैठेंगी? औकात नहीं है मार डंडा और थप्पड़ ठीक कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि मेरी सुरक्षा आप कार्यकर्ता करें। मैं आपके भरोसे हूं। 69 हजार भर्ती का विषय हम नहीं छोड़ेंगे। 2012 का चुनाव याद करिए, इतने बड़े आदमी से लड़ लिए तो आज क्या डर। मेरी तो मरी हुई कार्बाइन वाली सुरक्षा है।

आपके पास 17 सौ करोड़ रुपया है ना। मैं तो भिखारी आदमी हूं। आप मर्यादा लांघेंगे तो मैं भी मर्यादा भूल जाऊंगा। जो चैनल आपने इस्तेमाल किया वो चैनल गलत है, जाइए प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व को स्वीकार करिए, आपका इतिहास सबको पता है, जहां खाया वहीं छेद कर दिया। हमारी नेता की संपत्ति ले गई, वो चुप हैं, छोटी बहन ने मुकदमा किया और आज तक केंद्रीय मंत्री की शिकायत पर कोई जांच नहीं हुई तो फिर क्यों धरना नहीं देंगी। जिस विधानसभा में सिर्फ विधायक जा सकता है वहां एसटीएफ किसे भेजते हैं।

# कॉम्प्लेक्स के नीचे दब गया 140 साल पुराना शिव मंदिर

अवधनामा संवाददाता

■ अब एलडीए ने मांगा जिम्मेदारों से जवाब

**लखनऊ।** हुसैनगंज में मंदिर के ऊपर कांप्लेक्स बन गया और एलडीए के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। अब शिकायत के बाद मामला सुर्खियों में आया तो लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसकी जांच शुरू की है। हालांकि, मानचित्र स्वीकृति और अन्य अभिलेख न मिल पाने के कारण अभी कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है।

आपको बता दें कि हुसैनगंज में महाराणा प्रताप चौराहे के पास दिलकुशा प्लाजा कांप्लेक्स है। इस कांप्लेक्स के नीचे शिव मंदिर है। इस मामले में दो दिन पूर्व स्थानीय लोगों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दिया था और मंदिर पर कब्जे की शिकायत की थी। इसकी जांच के लिए एलडीए के प्रवर्तन जोन-छह के जोनल अधिकारी शशिभूषण राय ने टीम के साथ जांच की। इसके अलावा एलडीए ने शाहिद हुसैन को नोटिस देकर एक सप्ताह में जवाब मांगा है। अब एलडीए अभिलेख मिलने का इंतजार कर रहा है। जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि मंदिर के ऊपर कांप्लेक्स बनाए जाने के मामले को लेकर शिकायत मिली थी। कांप्लेक्स का निर्माण कैसे हो गया, इसकी जांच की जा रही है। कांप्लेक्स डा. शाहिद का बताया जा रहा है और इस संबंध में उनसे मानचित्र व अन्य अभिलेख मांगे गए हैं। अभिलेख आदि देखने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

हुसैनगंज में कांप्लेक्स के नीचे स्थापित मंदिर 1885 का है और जराज सिंह ने अपनी जमीन पर बनवाया था। पुजारी यज्ञ मणि दीक्षित ने बताया कि मेरे परदादा द्वारका प्रसाद दीक्षित मंदिर के पुजारी थे।

# टीएमयू नर्सिंग स्टुडेंट्स ने दिए वायु प्रदुषण से बचाव के टिप्स

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, अमरोहा की राष्ट्रीय सेवा योजना - एनएसएस इकाई ने वायु प्रदूषण और उससे जुड़े स्वास्थ्य खतरों के प्रति ग्राम फत्तेहपुर विश्नोई में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एनएसएस स्वयं सेवकों ने लघु नाटिका- भूमिका के जरिए वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों और बचाव के उपायों को रोचक तरीके से ग्रामीणों को समझाया। स्टुडेंट्स ने बताया, वाहनों से निकलने वाला धुआं, पराली जलाना, प्लास्टिक के उपयोग और जलने से उत्पन्न जहरीली गैसें वायु प्रदूषण के मुख्य कारण हैं। इनसे श्वसन रोग, फेफड़ों का संक्रमण, हृदय रोग और बच्चों में विकास संबंधी समस्याएं होती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। कचरे को जलाने की बजाए उसका सही तरीके से निपटान करना होगा। सार्वजनिक परिवहन और साइकिल का अधिक उपयोग करना के साथ-साथ पर्यावरण-अनुकूल ईंधन को अपनाना होगा।

एनएसएस स्वयं सेवकों के विलेज रवाना होने से पूर्व नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन ने कहा, स्वयं सेवक केवल समाज सेवा नहीं करते, बल्कि समाज में बदलाव की प्रेरक शक्ति बनते हैं। यह कार्यक्रम स्टुडेंट्स को केवल ग्रामीणों को शिक्षित करने का अवसर नहीं देगा, बल्कि सामुदायिक सेवा के महत्व समझने का भी अवसर देगा ग्राम प्रधान श्री राहुल विश्नोई ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम न केवल लोगों को जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार भी बनाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. वरुण तोषनीवाल, समन्वयक श्री मुकुल कुमार के संग-संग एएनएम फर्स्ट एंड सेकेंड ईयर छात्राएं- आरती देवी, हिमानी चौहान, ज्योति कुमारी, सुनीता शर्मा, प्रीति चौधरी, आकांक्षा पाल, मोनिका रानी, महक मौर्य आदि मौजूद रहीं।

# 'निजीकरण बच्चों का खेल नहीं'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दक्षिणांचल व पूर्वांचल को पीपीपी मॉडल के तहत इसका निजीकरण किए जाने के लिए पावर कॉरपोरेशन ट्रांजैक्शन एडवाइजर रखने कि जिस प्रक्रिया को अंतिम रूप देने जा रहा है वह पूरी तरह गलत है एक तरफ दक्षिणांचल पूर्वांचल सहित सभी बिजली कंपनियों की तरफ से वार्षिक राजस्व आवश्यकता ए0आर0आर वर्ष 2025 -26 का विद्युत नियामक आयोग में दाखिल हो चुका है इससे यह पूरी तरह सिद्ध होता है की इस वित्तीय वर्ष के लिए सभी बिजली कंपनियां अपना व्यवसाय करेंगे किसी भी बिजली कंपनी ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 19(3 )के तहत रेवोकेशन ऑफ लाइसेंस विद्युत नियामक आयोग में नहीं दाखिल किया है इसका मतलब सभी बिजली कंपनियां जिनको विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 14 के तहत लाइसेंस दिया है वह अपना काम वर्ष 2025- 26 के वित्तीय वर्ष

■ कानून और वित्तीय पैरामीटर पर होता काम

में सफलतापूर्वक कार्य करेगी फिर दूसरी तरफ पावर कॉरपोरेशन ट्रांजैक्शन एडवाइजर नियुक्त करने की प्रक्रिया में क्यों लगा है यह पूरी तरह गलत होगा।

पावर कॉरपोरेशन भारी भरकम टर्नओवर के आधार पर जिन कंसल्टेंट यानी ट्रांजैक्शन एडवाइजर की खोज कर रहा है उसे शायद पता नहीं है कि जो देश के बडे निजी घराने उत्तर प्रदेश के वितरण क्षेत्र को लेना चाहते हैं वह सभी निजी घराने कहीं न कहीं भारी भरकम टर्नओवर वाले कंसल्टेंट के साथ पहले से ही किसी न किसी प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं जब कंप्लीट आप इंटरेस्ट का मामला आएगा तब क्या होगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा इसके पहले भी पावर कारपोरेशन ने एक कंसलटेंट रखकर उसके आधार पर एनर्जी टास्क फोर्स में प्रस्ताव दाखिल किया था।

# पवन सोनी नागपुर में अतुल्य भारत पुरस्कार से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** श्री कृष्णा फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं रेडियंट टैलेंट बुक ऑफ रिकार्ड के ब्रांड एंबेसडर पवन कुमार सोनी को अखिल भारतीय प्रतिभा महासम्मेलन नागपुर में अतुल्य भारत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री सोनी समाज मे पिछले 12 वर्षो से अपना योगदान दे रहे हैं। रेडियंट टैलेंट बुक ऑफ रिकार्ड के चीफ एडिटर डॉ क्रांति महाजन देश विदेश में समाज की सेवा में कार्यरत सम्मानित जनों को एक शानदार मंच पर सम्मानित करने का काम करते हैं जिले, शहर एवं राज्य के मोतियों को चुनकर उनका उतशाह वर्जन करते का कार्य करते है जिससे वह व्यक्ति समाज में एक नई ऊर्जा के साथ काम करे जिसको देख कर और भी लोग प्रोत्साहित हों इस शानदार कार्यक्रम में कई राज्यों से आये चुनिन्दा लोगो को नारी शक्ति सम्मान, अतुल्य भारत सम्मान, लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान एवं रेडियंट लीडर शिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में लखनऊ की सुप्रशिद्ध सामाजिक संस्था श्री कृष्णा फाउंडेशन के अध्यक्ष पवन कुमार सोनी को अतुल्य भारत सम्मान से नवाजा गया। क्रेटीव मिडिया पब्लिकेशन लखनऊ द्वारा लिखित पुस्तक बायोग्राफी ऑफ डॉ क्रांति महाजन को भी लांच किया गया जोकि डॉ एस के सोनी जी ने लिखी गई है। कार्यक्रम में मिसेस इंडिया खादी बिंकल शुक्ला ने समाज में महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भर बनने की सहलाह देते हुये समाज में अच्चा कार्य करने वाली महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान दिया। इस शानदार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शहीद सरदार भगत सिंह के भतीजे सरदार किरण जीत सिंह, अभिनेत्री मृणाल गायकवाड, मिसेस इंडिया खादी बिंकल शुक्ला, डॉ एस के सोनी, मिसेस उतराखंड रुपाली वशिष्ठ, डॉ टी एस भाल पूर्व डीजीपी, डॉ गुरतेज आदि सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# निबन्ध प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्रा को

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की कक्षा-8 की मेधावी छात्रा अन्वी गुप्ता ने अन्तर-विद्यालयी इंग्लिश निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उनकी विरासत पर आधारित इस प्रतियोगिता का आयोजन जुबली इण्टर कालेज के तत्वावधान में हुआ। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में अन्वी ने अपने अंग्रेजी ज्ञान व लेखन प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन करने के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की विदेश नीति, बुनियादी ढांचे के विकास एवं राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उनके महत्वपूर्ण प्रयासों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किये। प्रतियोगिता के आयोजकों ने अन्वी के वैश्विक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच एवं लेखन प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, ट्राफी एवं गिफ्ट वाउचर प्रदान कर सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं प्रतिभाग हेतु सदैव प्रोत्साहित करता है, जिससे छात्रों को अपनी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करने एवं निखारने का अवसर प्राप्त होता है। सी.एम.एस. का लक्ष्य बच्चों को वर्ल्ड लीडर के रूप में तैयार करने वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है।

# शिव महिमा का गुणगान करेंगे जंगम बाबा

## हजारों की भीड़ में भी कर लेंगे पहचान, सुनाते हैं भोलेनाथ का 108वां विवाह

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज, लखनऊ।** धर्म और अध्यात्म के महाकुंभ में शिव की महिमा का गुणगान करने को जंगम बाबा का दल आया है। सिर पर मोर पंख और पगड़ी धारण किए इन घुमक्कड़ बाबाओं से संतों के शिविर और अखाड़े गुंजायमान होंगे, इनकी अनूठी कला और वेशभूषा मेले में लोगों का ध्यान आकर्षित करने वाली है। अलग-अलग टोलियों में बंटे जंगम समुदाय के इन शिव साधकों की पगड़ी और जनेऊ देवी देवताओं के प्रतीक स्वरूप हैं। देवी पार्वती के जन्म से लेकर विवाह तक की कथा संगीतमय अंदाज में प्रस्तुत करना इनका मूल उद्देश्य है।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र से आए बलजीत जंगम, रणधीर जंगम, हवा सिंह जंगम, सत्य प्रकाश जंगम, अजय जंगम और करमवीर जंगम बुधवार को



संतों के शिविर में पहुंचे। इनकी पगड़ी सभी का ध्यान खींचती रही। सबसे ऊपर वृक्ष की तरह मोर पंख धारण को विष्णु भगवान की कलंगी बताया।

इसके ठीक नीचे चांदी का मुकुट, आगे शेष नाग, माथे पर डिजाइन वाली बिंदी, दोनों कान में घंटी की तरह लटके कुंडल (माता पार्वती का प्रतीक), गले में जनेऊ (ब्रह्मा जी का प्रतीक), हाथ में तल्ली लिए जंगम बाबा की टोली शिविरों में रहने का ठिकाना तलाशती रही। टोली के मुखिया बलजीत जंगम ने बताया कि वह दशनाम अखाड़े के पुरोहित हैं। दशनाम की गाथा गाते हैं और भगवान भोलेनाथ के 108वें विवाह का गुणगान करते हैं। इनका काम दशनाम की परंपरा का बखान करना है। बताया कि सभी 13 अखाड़ों में जाएंगे। वहां साधु संतों को शिव पार्वती की कथा गाकर सुनाएंगे। दल केवल कुंभ और महाकुंभ में आता है। सैकड़ों साल से यह परंपरा चली आ रही है। जंगम दल के द्वारा दक्षिणा लेने की प्रक्रिया अनूठी है। ये लोग दक्षिणा को हथेली में न लेकर तल्ली को उल्टा करके उसमें ही लेते हैं। दक्षिणा लेते समय भी गीत सुनाते हैं ताकि दानी पर शिव कृपा बनी रहे। संगम की रेती पर लगने वाला महाकुंभ में दुनिया सनातन धर्म के वैभव व प्रभाव को देखेगी। इस धरा से मानव कल्याण व एकता का संदेश विश्व में जाएगा। संत-महंत विश्व कल्याण के लिए जप-तप करेंगे। हर जीव की रक्षा का संदेश देंगे। उक्त बातें जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने कही।

कहा कि धर्मविरोधी ताकतों ने सनातन का स्वरूप बिगाड़ने का प्रयास किया, लेकिन उसमें सफल नहीं हुए, क्योंकि यह त्याग व परोपकार की सीख देता है। हर जीव की रक्षा, सुरक्षा व सम्मान की सीख सनातन धर्म से मिलती है। तीर्थराज प्रयाग आए अवधेशानंद ने जूना अखाड़ा के संरक्षक व अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि तथा शिष्यों के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण किया।

# मदरसे के छात्रों-टीचरों की चांदी

अवधनामा संवाददाता

■ 2025 में रहेगी छुट्टियों की भरमार, 10 जनवरी तक रहेगा शीतकालीन अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद ने वर्ष 2025 के लिए मदरसों में लागू होने वाले अवकाशों की सूची जारी कर दी है। परिषद के रजिस्ट्रार आरपी सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मदरसों में साप्ताहिक अवकाश हर शुक्रवार को रहेगा। इसके साथ ही शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को 14 दिनों का आकस्मिक अवकाश भी दिया जाएगा।

रजिस्ट्रार ने जारी अपने आदेश में कहा है कि गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गांधी जयंती राष्ट्रीय जैसे पर्वों के अवसर पर शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा। हालांकि इन पर्वों पर शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। मदरसों में स्थानीय त्योहार और चांद दिखने के आधार पर भी अवकाश दिए जाएंगे।

इसके अलावा जिलाधिकारी या सक्षम अधिकारी द्वारा घोषित मौसम आधारित अवकाश का पालन किया जाएगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शीतकालीन अवकाश एक से 10 जनवरी तक रहेगा। इसके अलावा सात जनवरी को ख्वाजा गरीब नवाज की छठी शरीफ, 14 जनवरी को हजरत अली जयंती, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 13 व 14 फरवरी को शबे-बरात और 26 फरवरी से 30 मार्च तक वार्षिक अवकाश रहेगा।

इसी तरह 14 मार्च को होली, 31 मार्च से तीन अप्रैल ईद-उल-फितर, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 14 अप्रैल को डा. बीआर आंबेडकर जयंती, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा, छह जून से 10 जून तक ईद-उल-अजहा, तीन से सात जुलाई मोहर्रम, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और चेहल्लुम, चार व पांच सितंबर को ईद-मिलादुन्नबी, दो अक्टूबर को गांधी जयंती और विजय दशमी, 21 अक्टूबर को दीपावली, पांच नवंबर को गुरु नानक जयंती और 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व पर अवकाश रहेगा।

# मुख्य प्रबंधक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** जिला उपभोक्ता आयोग जनपद संभल ने श्रीराम ट्रांसपोर्ट एंड फाइनेंस कंपनी के मुख्य प्रबंधक द्वारा आदेश का पालन न किए जाने के कारण उनके विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किए हैं मामला है बबराला निवासी अरुण कुमार वर्मा का जिन्होंने एक वाहन श्रीराम ट्रांसपोर्ट एंड फाइनेंस कंपनी से प्राप्त किया था और उसकी कीमत भी अदा की परंतु 2 साल से अधिक का समय बीत जाने के उपरांत हुई उनके नाम कंपनी द्वारा वाहन अंतरित नहीं किया गया जिस कारण उन्होंने अपना वाहन अलीगढ़ में फाइनेंस कंपनी के ऑफिस पर जमा कराया और अपनी जमाधान राशि की मांग की तो विपक्षी द्वारा निरंतर टालमटोल किया जाता रहा जिस पर उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया जिन्होंने उनकी बात को रखते हुए जिला उपभोक्ता आयोग में एक परिवाद आयोजित किया माननीय आयोग द्वारा विपक्षी श्रीराम ट्रांसपोर्ट एंड फाइनेंस कंपनी को आदेशित किया गया कि वह उसकी कीमत मय वार्षिक ब्याज सहित तथा बाद व्यय और आर्थिक क्षतिपूर्ति अंदर दो माह में अदा करें परंतु विपक्षी द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तो अरुण कुमार वर्मा ने पुनः अपने अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया जिन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में आदेश का अनुपालन न करने के लिए बाद आयोजित किया आयोग द्वारा विपक्षी को तलब करके उनसे पूछा गया कि आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया तो उन्होंने मात्र यह कहा कि हमने अपीलयोजित की है जिस पर अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने कहा की अपील में कोई भी स्थगन आदेश आयोग के आदेश के संबंध में नहीं दिए गए हैं ऐसी स्थिति में विपक्षी के विरोध गैर जमानतीय वारंट जारी कर आदेश का अनुपालन कराया जाना चाहिए।

जिला उपभोक्ता आयोग ने विपक्षी द्वारा आदेश का अनुपालन न करने के कारण कंपनी के मुख्य प्रबंधक के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किए गए हैं।

## सिद्धचक्र महामण्डल विधान की निकली शोभायात्रा



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** कस्बा बिरधा में बड़े धूमधाम से श्रीसिद्धचक्र मंडल विधान के आयोजन पं.मनोज भैया के निर्देशन में सिद्धचक्र महामंडल के अंतिम दिन सिद्ध भगवान को मुख्य पात्रों व विधान में शामिल इंद्र इंद्रानियों द्वारा 1024 अर्घ्य समर्पित करके मोक्ष पद प्राप्त करने की आराधना की गई। ततपश्चात् कस्बा में धूमधाम और हर्षोल्लास से श्रीजी भगवान की नगर परिक्रमा करते हुए भव्य यात्रा निकाली गई, जिसमें उपस्थित धर्मालुओं ने वस्त्रों में पगड़ी, गले में धर्म ध्वज रंग की पट्टिका से एवं महिलाओं ने पीत वस्त्रों से सुज्जित होकर समवेत मधुर स्वरों में मंगल गान करते हुए भक्ति गान किया एवं पुरुषों व युवाओं ने संगीत मय मधुर भजनों पर थिरकते हुए भक्ति की। वर्धमान मंडल बिरधा के युवाओं व बच्चों ने बें झूमते हुए गाजे बाजे के साथ जय घोष कर धर्म प्रभावना की। श्रीजी विमान शोभा यात्रा में जगह जगह घरों में श्रीजी के चरणों में श्रीफल अर्पित करके मंगल मय आरती करके पुण्यार्जन किया गया। विमान शोभा यात्रा कार्यक्रम में सबसे पहिले बग्गी व अश्व पर सोधर्म इंद्र और कुबेर इंद्र व अन्य पात्रों ने सपरिवार बैठकर जयकारा लगाकर पुण्य-लाभ अर्जित किया सौभाग्य प्राप्त किया। इस दौरान अनेकों समाजश्रेष्ठी मौजूद रहे।

### कोहरे में एक के बाद एक टकराए कई वाहन

**मथुरा।** जैंत थाना क्षेत्र की नयती पुलिस चौकी अंतर्गत एनएच 19 स्थित सीमेंट के गोदाम के सामने गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे घने कोहरे के चलते एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। ईटो से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में लोडिंग वाहन टकरा गया। इसके बाद ट्रक समेत कई वाहन आपस मे टकरा कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इन वाहनों की चपेट आकर बिक्की पर सब्जी लेकर मंडी जा रहे छरौरा निवासी करीब 30 वर्षीय महीपाल चोटिल हो गया। सुबह करीब 11:30 बजे नयती चौकी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि कोहरे के चलते ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में मैक्स लोडिंग वाहन की भिड़त के बाद करीब आधा दर्जन वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में दो लोगों के घायल होने की सूचना मिली है जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। अन्य घायलों की जानकारी की जा रही है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया है। मामले में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## टला हादसा: हाईवे पर गैस अनियंत्रित होकर पलटा कैप्सूल टैंकर

अवधनामा संवाददाता

■ सोनीपत से प्रोपलीन गैस खाली कर रिफाइनरी आ रहा था टैंकर

**मथुरा।** आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे पर रात के समय बडा हादसा टल गया। एक गैस कैप्सूल टैंकर ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया, गैस कैप्सूल टैंकर पलटने से अफरा तफरी का माहौल बन गया और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। शहर कोतवाली क्षेत्र की कृष्णा नगर चौकी के अंतर्गत रात करीब नौ बजे जैन मंदिर के समीप उस समय एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जब सोनीपत से खाली होकर रिफाइनरी मथुरा के लिए आ रहा प्रोपलीन गैस का कैप्सूल टैंकर ओवरटेक करने के चक्कर में हाईवे पर पलट गया।

इस कैप्सूल टैंकर के पलटने से आसपास के लोगों में व हाइवे पर हड़कम्प मच गया। कैप्सूल टैंकर के पलटने की सूचना पर इलाका पुलिस रिफाइनरी के कर्मचारी व दमकल विभाग के टीम मौके पर पहुंची। कैप्सूल टैंकर चालक इसमें चोटिल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची रिफाइनरी की टेक्निशियन टीम के द्वारा टैंकर की जांच पड़ताल की गई और उसके बाद उसे हाइड्रा के माध्यम से करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सीधा कराया गया। कैप्सूल गैस टैंकर तेज रफ्तार होने की वजह से रेलिंग को तोड़ता हुआ काफी आगे तक पहुंच गया और पलटने के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, मौके पर पहुंची इलाका पुलिस और कर्मचारियों के द्वारा इसकी बारीकी से जांच की गई। सूचना प्राप्त होते ही मौके पर हादसे को नियंत्रित करने के लिए दमकल की गाड़ी भी पहुंच गई। इस संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक गैस कैप्सूल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया है इस सूचना पर उनकी दमकल की गाड़ी व टीम मौके पर पहुंची लेकिन खाली कैप्सूल टैंकर होने की वजह से कोई भी हतायत नहीं हुई है। बीच हाईवे पर गैस कैप्सूल टैंकर पलटने से भीषण लंबा जाम लग गया कहीं 2 घंटे की कड़ी में सकट के बाद सीधे हुए टैंकर को हाईवे से हटा दिया जिसके यातायात भी चालू कराया गया।

### वेलबन में महालक्ष्मी वार्षिक भंडारे का हुआ आयोजन

**मथुरा।** वेलबन में महालक्ष्मी वार्षिक भंडारे का आयोजन हुआ मथुरा कैश कला वेलफेयर सोसाइटी मथुरा द्वारा इसमें खिचड़ी प्रसाद खीर पूरी सब्जी का भोग लगाकर बेलबन में मां लक्ष्मी के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वितरण किया गया श्रद्धालुओं ने प्रसाद को बड़े भाव से ग्रहण किया इसमें सभी संस्था के पदाधिकारी गण शामिल हुए संस्था के संस्थापक पन्नालाल वर्मा, पप्पू लाल वर्मा, और अध्यक्ष गुलाब सिंह सविता महामंत्री मोहन सिंह सविता कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह सविता उपाध्यक्ष योगेश सविता गौरी शंकर मंत्री मुकेश सविता संगठन मंत्री बनवारी लाल सविता प्रचार मंत्री दिनेश वर्मा सदस्य रिशिपाल पूर्वअध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कोषाध्यक्ष सोनपालप पूर्व और श्याम सुंदर असगरपुर वाले पूर्व कोषाध्यक्ष और विनोद कुमार सविता इन सभी ने अतिथियों का पटुका एवं माला पहनाकर सम्मानित किया और बेलबन में मां लक्ष्मी का प्रसाद वितरण करने में सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रद्धालुओं द्वारा बड़े ही प्रेम पूर्वक प्रसाद को ग्रहण किया।

## जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति बने प्रो. अनूप गुप्ता

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. अनूप गुप्ता को प्रोन्नत कर कुलपति बनाया गया है। उनको कुलपति बनाए जाने की खबर मिलते ही प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रो. अनूप गुप्ता कोई नया चेहरा और नया नाम नहीं है। वह जीएलए विश्वविद्यालय के परिवार से कई वर्षों से जुड़े हुए हैं। उनके संपर्क में आने वाला व्यक्ति हमेशा के लिए उनका हो जाता है। उनका मधुर व्यवहार और आत्मीयता ही सबसे बड़ी चुंबक है। इसी चुंबक के सहारे सभी लोग उनके हो जाते हैं। कुलपति का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने बताया कि वह जीएलए विश्वविद्यालय से पिछले 27 वर्षों से नजदीक से परिचित हैं। आज जीएलए विश्वविद्यालय निश्चित तौर पर भारतीय पटल पर शैक्षणिक गुणवत्ता के रूप में सराहा जाता है। यहां के छात्र आज विदेशों में भी विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं। प्रो. गुप्ता ने कहा कि हम सजग है कि निजी क्षेत्र में बढ़ती हुई विश्वविद्यालयों की संख्या में हम खो न जायें। इस विश्वविद्यालय के परिसर में धीरे-धीरे नई संस्कृतियों का निर्माण किया जायेगा, जिसकी अपेक्षा सभी माता-पिता करते हैं। आगामी वर्षों की सभी रूपरेखाएं निर्माण कर ली गयी है, जिन्हें प्रतिवर्ष पूरी तरह सफलतापूर्वक पूरा किया जायेगा। गौरतलब है कि जीएलए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कदम आज किसी से छिपे नहीं हैं। इसका सीधा सा कारण यह है कि प्रबन्ध तंत्र द्वारा सही व्यक्ति का चुनाव और जीएलए परिवार में 2000 से भी ज्यादा टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की उपलब्धता और उसमें भी आईआईटी, एनआईआईटी, एनआईटी, एमएनआईटी, बीएचयू, एएमयू व अन्य कई अतिविशिष्ट संस्थानों में रहे प्रोफेसर्स, एसोसिएट प्रोफेसर्स का भारी संख्या में विभिन्न पदों पर कार्यभार संभालना।

### नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर पांच जनवरी को

**मथुरा।** 424वां निश्शुल्क दिव्यांग सहायता त्रिदिवसीय मासिक चिकित्सा शिविर विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वाधान मे ब्रजवासी हाईटेक उद्योग परिसर, (आगरा -दिल्ली -हाइवे, हाइवे प्लाजा के सामने ) हंसराज कॉलोनी रोड, जसवंत टेलीकॉम के पास, मथुरा पर रामबाबू कपूरचंद बजाज की स्मृति मे दिव्यांग सेवा चेरिटेबिल ट्रस्ट,आगरा के सहयोग से दिनांक ~05जनवरी 2025 रविवार को प्रात ~ 10~00बजे से दोपहर 2~00बजे तक किया जा रहा है ,शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों का निश्शुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ, नई दिल्ली की सफदरजंग हॉस्पीटल शाखा के भौतिक चिकित्सा एवं पुर्नवास विशेषज्ञ डॉ संजीव कुमार जी एवं उनकी टीम द्वाराकिया जायेगा। संस्था सचिव प्रेमशंकर अग्रवाल ने बताया कि शिविर मे ट्राई साईकिल, व्हीलचेयर, कृतिम पैर, केलीपर, वैशाखी के पंजीकरण होंगे,उपयुक्त पाये गये सभी दिव्यांग भाई बहिनों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किये जाएंगे साथ सभी दिव्यांग जनो से अनुरोध है कि वह आधार कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र की छायाप्रति, विकलांगता दर्शाते हुए पासफोर्ट साइज फोटो की दो -दो छायाप्रति अवश्य साथ लावे।

## सख्त हुए सर्दी के तेवर, हाईवे पर बढ़े हादसे

■ सुबह शाम कोहरे की चादर में पिलटे रहे हाईवे

■ डीएम ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण, बांटे कंबल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सर्दी के तेवर सख्त हो गये हैं। न्यूनतम तापमान लगातार नीचे खिसक रहा है। गलन बढ़ने से लोगों की मुश्किल बढ़ रही हैं। रात का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह शाम कोहरे की चादर में पिलटी हुए गुजर रही हैं। इससे हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम रही है और हादसे बढ़ गये हैं। यमुना एक्सप्रेस वे और हाईवे पर रात के समय कई हादसे हुए। हालांकि हादसों को रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाये गये हैं। बृहस्पतिवार को सीजन का पहला कोहरा पड़ा तो तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 19 यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन रेंग रेंग कर चलते सफर पूरा करते रहे। शहर में भी यही दिक्कत रही। दृश्यता 50 मीटर से कम होने के कारण वाहन लाइट जलाकर चलने को मजबूर हो गए। यही हाल शहर के अंदर की सड़कों पर था। वहीं छोटे छोटे बच्चे और बुजुर्ग अलाव का सहारा लेते हुए दिखाई दे रही है। मौसम में ठंडक हो गई। लोग गर्म कपड़े पहनकर निकलने लगे। वही जगह जगह पर लोग अलाव का सहारा लेते हुए दिखाई दे रहे हैं छोटे बच्चे हो या फिर बुजुर्ग उनका अब सिर्फ अलाव ही एक बचाव बना हुआ है। हालांकि दो दिन से दोपहर के बाद धूप निकलने से लोगों को राहत मिली। नगर निगम और नगर पंचायतों की ओर से रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने रात के समय रैन बसेरों का निरीक्षण किया। वहां रुके हुए लोगों से बात की और अधीनस्थ अधिकारियों को कमियों को पूरा करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जरूरतमंद लोगों को इस दौरान कंबलों का वितरण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बेटी बचाओ बेटी पढाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गय प्रशिक्षण



**चन्दौसी (संभल)** जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत चंदौसी के बीएमजी इंटर कॉलेज में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, ताइक्कांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्कांडो खिलाड़ी काजल, ने फ्रंट किक, फ्रंट ब्लॉक, बेसिक किक, लेग राइस, फिंगर अटैक की ट्रेनिंग दी, सुरेद्य ने जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि छात्राएं आत्मरक्षा सीखने में काफी रुचि ले रही हैं व काफी संख्या में नियमित उपस्थित हैं, जो बहुत ही उत्साहित हैं। छात्राओ को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, गुड़ टच एवं बैड टच, छात्रवृति आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य ब्यक्ति उपस्थित रहे।

### शाही जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**संभल।** नगर के जामा मस्जिद के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखने के लिए किस जा रहा पुलिस चौकी सत्यव्रत का निर्माण कार्य युध्द स्तर पर किया जा रहा है पुलिस चौकी की दीवारो को बना कर लिंटर भी डाल दिया गया है पुलिस चौकी मे कार्यालय हवालात के आलाव पुलिस कर्मियों के लिए कमरे बनाए जा रहे हैं पुलिस चौकी के निर्माण होने से संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के आसपास पुलिस की चौकसी रहेगी। संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा के बाद अब संभल मे कढे इंतजाम सुरक्षा के लिहाज से किये जा रहे हैं जिससे शहर मे माहौल शांत रहे इस के मद्देनजर जामा मस्जिद के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहे पुलिस चौकी का निर्माण कार्य युध्द स्तर पर किया जा रहा है।

### मजलिसे अजॉ बरपा की गयी



**संभल।** मौलाना एतेशाम साहब सिरसी ने कहा है कि इस्लाम धर्म ने इंसान को सादगी और नेक कार्यो को करने का संदेश दिया है। नगर नूरियो सराय स्थित इमामबाडा हाजी अजहर हुसैन मे मजलिस को मौलाना खिताब कर रहे थे मौलाना ने कहा कि इस्लाम की तालीम समझा है तो दरे अहलेबैत से समझो बिना अहलेबैत के इस्लाम को समझाना मुमकिन है मजलिस मे शरीक लोगों से मौलाना ने कहा कि दुनिया में इस्लाम की तालीम के अनुसार ज़िन्दगी बसर करे गरीबो मजलूमो कामजोर लोगों की बिना धर्म देखे सहयात करे मजलिस मे मरसिया रहबर हुसैन ने पेश किया इस अवसर पर हसन जहीर एडवोकेट अली सादिक हुसैन जहीर अली जहीर आदि मौजूद रहे।

## कांटो के संग रहकर फूलों ने मुस्कुराना हमें सिखाया है....

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नूतन वर्ष के आगमन एवं बीते वर्ष की विदाई के अवसर पर कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदवी के तत्वाधान में वरिष्ठ कवि काका ललितपुरी के निवास पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक क्रांतिकारी ने की एवं सफल संचालन संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. ने किया। उन्होंने देशवासियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से देश में अमन चैन की कामना करते हुए खूबसूरत शेर पढ़ते हुए कहा कि कांटो संग रहकर मुस्कुराना हमें सिखाया है, नया साल नई उम्मीद का नया सवेरा लाया है। रामचरण नामदेव अनुरागी ने गीत पेश करते हुए कहा चांदनी में धवल हो गई चांद मुस्कुरा गया। नया वर्ष खुशियां लेकर आ गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कामना है मेरी शुभकामना है सबके लिए अब के बरस ऐसा गीत होना चाहिए। राधेश्याम ताम्रकार ने रचना पेश करते हुए कहा कि नए साल की आ गई शुभ घड़ी है मुबारकबाद की है लगी है अब झडी है। महिला शक्ति की ओर से एक मात्र महिला कवित्री सुमनलता शर्मा चांदनी ने रचना पेश करते हुए कहा कि गमों पे हो भारी अब खुशियों का साया। नया साल आया नया साल आया। काका ललितपुरी ने नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा स्वागत है 25 का विदा हुआ 24को गाल फुलाए है, कोऊ काडरो खीस। किशन सिंह बंजारा ननव वर्ष का स्वागत करते हुए कहा कि आओ गुणगान करें मानव का सम्मान करें आया नया वर्ष है उसकी पहचान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशोक क्रांतिकारी ने रचना पेश करते हुए कहा बीज खेत से भूख तक पुहँचे। नूतन वर्ष एक संकल्प होना चाहिए।

### बालश्रम के खिलाफ चलाया चैकिंग अभियान

**ललितपुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5, बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम व पुनर्वास अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के कुशल निर्देशन एवं एएसपी/ नोडल अधिकारी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं उ.नि. योगेन्द्र सिंह, म.का.सीता देवी व श्रम विभाग से कुलदीप गुप्ता, जिला प्रोबेशन से जयराम, चाईल्ड लाइन से रचना के साथ बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान में पिसनारी बाग, सदर बाजार, कटरा बाजार, नदीपुरा, धुराबाजार, पानी टंकी, नई बस्ती, नेहरुनगर आदि स्थानों पर एएचटीयू व श्रम विभाग की संयुक्त की टीम द्वारा की गई रैकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान मिशन शक्ति फेज-5 तथा मानव तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

## अमृत्व को प्रदान करने वाली है श्रीमद् भागवत कथा: स्वामी चंदेश्वर गिरी जी महाराज

■ सनातन धर्म की परंपराओ को कुरीति बता कर गुमराह करने वालों को जबाब देना होगा

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** स्थानीय प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर में श्री चंडी पीठाधीश्वर श्री चंदेश्वर गिरी जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा तीसरे दिन जारी रही। आज की कथा में श्री सर्वेश्वर धाम के महंत कृष्णागिरी महाराज ने भी कथा में आकर अपना आशीर्वाद दिया. श्री चंदेश्वर गिरी महाराज ने अपने उद्बोधन में गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु सेवा से ही भगवत भक्ति प्राप्त होती है। बिना गुरु के अमृत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती। जीवन को भक्ति सत्य प्रेम करुणा सरलता उदारता समर्पण से परिपूर्ण करने के लिए ही वेदव्यास जी ने श्रीमद् भागवत की रचना की। मानव मात्र जीवन के कल्याण के लिए प्रत्येक मनुष्य को भागवत कथा का श्रवणपान करते रहना चाहिए।जिससे मुक्ति का मार्ग सरल हो जाता है। प्राणी मात्र का कल्याण गुरु के आशीर्वाद व भजन मार्ग से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि भजन करने से अनेक मुश्किलों का समाधान किया जा सकता है।भागवत कथा सभी वेदों का सार है। इसे सुमिरन करने से मनुष्य जन्म जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्त हो जाता है। कथा रसपान से परम लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। कलिकाल में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से भवसागर पार किया जा सकता है। एवं पुण्य फल की प्राप्ति की जा सकती है। इस अवसर पर मुख्य यजमान संजय श्रीवास्तव, केदार नारायण तिवारी एमएलसी प्रतिनिधि, श्रीमती शकुंतला कुशवाहा, स्वामी अनुराग अमर, डॉ दीपक चौबे, राजेंद्र सिंह यादव, ध्यान सिंह यादव, श्री राम नामदेव विजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, सोम कांत श्रीवास्तव, शिवांशु श्रीवास्तव,शशि भूषण श्रीवास्तव, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, रमन शर्मा, बिहारी लाल सविता, विशाल भटनागर, मनीष भटनागर, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### धूंधूं कर जली यमुना एक्सप्रेसवे पर दौड़ती बस

**मथुरा।** थाना बल्देव क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर दौड़ती बस में अचानक आग लग गई। आग लगता देख चालक ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। गुरुवार की सुबह बस संख्या यूपी 82 टी 7868 एसी बस का ड्राइवर देवीदास पुत्र काशीनाथ निवासी ग्राम नीलकंठ वाडी थाना बससों कल्याणपुर जिला बीदर कर्नाटक बस को परी चौक नोएडा से पुणे महाराष्ट्र वाया यमुना एक्सप्रेस वे आगरा ले जा रहा था। बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 135.पर अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पर गस्त कर रही पीआरवी की गाड़ी 1939 घटना स्थल पर पहुंच गई। पीआरबी पुलिस ने इलाका पुलिस को सूचना दी। साथ ही साथ एक्सप्रेस वे के अधिकारियों को भी घटना की सूचना दी गई। गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे नोएडा परी चौक से महाराष्ट्र के लिए चली एक प्राइवेट बस में अचानक से धुआं निकलने लगा। धुआं निकलता देख बस चालक ने बस को साइड से खड़ा कर दिया और देखते ही देखते पूरी बस धूंधूं कर जलने लगी।

## एक दिन की थानाध्यक्ष बनीं राजमणि

■ सुनी समस्यायें, देखी व्यवस्थाएं, दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बालिकाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उनमें आत्मविश्वास के साथ आगे बढने् हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से थाना बार में श्रीरघुवीर सिंह इण्टर की 12वीं की छात्रा कु.राजमणि को थानाध्यक्ष बार राजा दिनेश सिंह द्वारा स्वयं एक दिन का कार्यकारी प्रभारी निरीक्षक, थाना बार नियुक्त किया गया। कार्यकारी थाना प्रभारी कु.राजमणि द्वारा एक दिन के लिये थाना प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए जनसुनवाई की। इस दौरान आने वाली जनता की समस्याओं को प्रभारी निरीक्षक बार के सहयोग से समझते हुए गंभीरतापूर्वक सुनकर नियमानुसार, प्रक्रियानुसार उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात् उनके द्वारा थाना बार के निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर में भ्रमण कर, साफ-सफाई, व्यवस्थापन व थाना कार्यालय में अभिलेखों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी ली गयी। थाने पर पुलिस द्वारा की जाने वाली विधिक कार्यवाहियों एवं थाना संचालन की गतिविधियों, व्यवस्थापन के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर कार्यालय के रजिस्टर के रख-रखाव, कम्प्यूटर-कक्ष में प्रथम सूचना रिपोर्ट के पंजीकरण, मालखाना, हवालात व मेस आदि का भी निरीक्षण किया गया। एक दिन के लिये कार्यकारी थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त होने से सुश्री कल्पना राजपूत काफी उत्साहित रही। उनके द्वारा बताया गया कि इस अद्भुत क्षण से वह अपने आप को काफी गौरवान्वित महसूस कर रही है। इस दौरान उनके द्वारा यह भी बताया गया कि पुलिस निरंतर सेवारत रहकर समाज की भलाई के लिए कार्य करती है, परन्तु पुलिस द्वारा की जाने वाली मेहनत की जानकारी आम-जनता तक नही पहुंच पाने के कारण समाज में अधूरी जानकारी पहुंचती है। कार्यकारी थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त किये जाने से बालिकाओं एवं महिलाओं में एक अच्छा संदेश गया है।

## नाबालिग को बंधक बनाकर बालश्रम कराने वाले तीन पर एफआईआर दर्ज

■ संचालक के साथ बेकरी पर भी कार्यवाही किये जाने की उठी मांग

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर कोतवाली पुलिस ने बाल मजदूरी कर रहे नाबालिग की मां की तहरीर पर बेकरी संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं बंधक मजदूरी कर रहे नाबालिक को बेकरी से निकालकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मानवता को शर्मसार करने वाले इस प्रकरण को लेकर शहर क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय के पास स्थित एक कालोनी में रहने वाली महिला ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके 10 वर्षीय नाबालिग पुत्र को एक माह पहले शनि ठाकुर पुत्र किशोर सिंह अपनी गाड़ी में बैठाकर लक्ष्मीपुरा स्थित बेकरी जिसके संचालक मोहित साहू पुत्र हरनारायण साहू बताया जा रहा है के यहां ले गया था। बताया जा रहा है कि बेकरी में की ब्रेड बनाये जा रहे थे। ब्रेड बनाने के लिए नाबालिग को जबरन भट्टी के सामने बैठाकर बाल मजदूरी करायी जा रही थी। बताया कि शनि ठाकुर व राजकुमार कुशवाहा द्वारा उसके नाबालिग पुत्र से बालश्रम कराया जा रहा था, जिसके एवज में 200 रुपये मजदूरी के दिये। महिला ने बताया कि राजकुमार कुशवाहा पुत्र महेश कुशवाहा द्वारा उसके पुत्र के साथ गाली-गलौज व मारपीट की गयी। इधर महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मोहित साहू, शनि ठाकुर व राजकुमार कुशवाहा के खिलाफ बालक श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 की धारा 3/14 और बीएनएस की धारा 352 व 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### श्रम विभाग से बेकरी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग

सोशल मीडिया पर वायरल हुये नाबालिग को बंधक बनाकर बालश्रम कराने की वीडियो के बाद शहरवासियों ने श्रम विभाग से बेकरी संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। वहीं दूसरी ओर बेकरी संचालक का खाद्य एवं फूड सेफ्टी का लाइसेंस निरस्त किये जाने की भी मांग उठायी जा रही है।

### जिला प्रशासन ले संज्ञान, नाबालिग को करे शिक्षित

शहर में यह भी चर्चाओं का विषय बना हुआ है कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना अनिवार्य शिक्षा के तहत जिला प्रशासन को इस प्रकरण का संज्ञान लेकर नाबालिग बच्चे को शिक्षित बनाने और शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

### असंगठित कर्मचारी यूनियन ने दिया ज्ञापन

लक्ष्मीपुरा स्थित शुभम बेकरी में नाबालिग को प्रताड़ित कर बंधक बनाकर कराये जा रहे बालश्रम को लेकर असंगठित कर्मचारी यूनियन ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में यूनियन जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने वायरल वीडियो और उसमें दर्शाये जा रहे तथ्यों का हवाला देते हुये बेकरी संचालक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, हर्ष तिवारी, खलक सिंह राजपूत, विनोद मिश्रा, मुलायम सिंह के अलावा अनेकों लोगों के हस्ताक्षर अंकित बताये गये हैं।

# गौतम गंभीर की होगी छुट्टी! बीसीसीआई ने दिया 66 दिनों का अल्टीमेटम



कई दिनों से टीम इंडिया के अंदर आपसी फूट का विषय खूब चर्चा में है। सबसे ज्यादा हेड कोच गौतम गंभीर पर उठ रहे हैं क्योंकि 10 साल के बाद उन्हीं की कोचिंग में भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जीत दर्ज नहीं कर पाएगी। इससे पहले गंभीर के अंदर ही भारतीय टीम 27 साल में पहली बार श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज हारी थी। वहीं न्यूजीलैंड हाल ही में भारत को उसी के घर पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप करने वाली टीम बनी थी। अब एक रिपोर्ट अनुसार गंभीर के पास खुद को साबित करने के लिए सिर्फ 66 दिन बचे हुए हैं।

इस खराब कोचिंग रिकॉर्ड के बीच पीटीआई के हवाले से बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया है कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी तक टीम इंडिया के प्रदर्शन में सुधार नहीं होता है तो गंभीर को हेड कोच पद से हटाया भी जा सकता है। सूत्र ने बताया कि, अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेला जाना है और फिर चैंपियंस ट्रॉफी खेली जाएगी। अगर तब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं आता है तो गंभीर का हेड कोच पद भी सुरक्षित नहीं रहेगा।

चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल सामने आ चुका है, जिसकी शुरुआत 19 फरवरी को होगी और फाइनल 9 मार्च को खेला जाएगा। भारतीय टीम के सारे मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेले जाएंगे, वहीं अन्य टीमों के मैच पाकिस्तान में खेले जाएंगे।

# अपना आखिरी टेस्ट खेल चुके रोहित शर्मा! सिडनी मैच से खुद को किया बाहर, बुमराह करेंगे कप्तानी



ऑस्ट्रेलिया में भारतीय क्रिकेट टीम को लेकर चल रहे विवाद के बीच, कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि कप्तान रोहित शर्मा को सिडनी में शुक्रवार से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम मैच के लिए आराम दिया जाएगा। उनकी अनुपस्थिति में, शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रित बुमराह टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसका लक्ष्य श्रृंखला को बराबर करना और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को बरकरार रखना है। द इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, भारतीय कप्तान ने पांचवें टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को अपने आश्चर्यजनक फैसले के बारे में सूचित किया, जिस पर दोनों सहमत हुए।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पांचवें टेस्ट की पूर्व संध्या पर जब फील्डिंग अभ्यास चल रहा था, तब कोच गंभीर ने बुमराह के साथ लंबी गहन बातचीत की थी। इस बीच, भारतीय कप्तान ने कुछ देर के लिए नेट्स पर बल्लेबाजी की और अभ्यास के लिए आने वाले आखिरी व्यक्ति थे। वह नियमित स्लिप अभ्यास सत्र से भी चूक गए। अगर रोहित बाहर बैठते हैं, तो शुभमन गिल नंबर 3 पर प्लेइंग इलेवन में वापसी करेंगे। यशस्वी जसीवाल के साथ केएल राहुल ओपनिंग स्लॉट में वापस आएंगे। कार्ड में एक और बदलाव यह होगा कि प्रसिद्ध कृष्णा घायल आकाश दीप की जगह लेंगे, जो गुरुवार को श्रृंखला के समापन से बाहर हो गए थे।

रोहित, जिन्होंने भारत के लिए 67 टेस्ट मैच खेले हैं, शायद दोबारा राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलेंगे। सूत्र ने बताया कि मेलबर्न में चौथा टेस्ट रोहित का टेस्ट क्रिकेट में आखिरी टेस्ट हो सकता है। जब तक बीसीसीआई हस्तक्षेप नहीं करता और उनसे आखिरी बार खेलने का अनुरोध नहीं करता, तब तक निर्णय बदलने की संभावना नहीं है। रोहित शर्मा सिडनी में टेस्ट मैच से पहले भारत के अंतिम प्रशिक्षण सत्र में केवल एक अतिथि भूमिका में दिखे। बड़े मैच की पूर्व संध्या पर, रोहित को कोचों से बात करते हुए देखा गया, जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर और बुमराह भी शामिल थे।

उन्होंने अपने साथियों के पहले बैच के साथ नेट्स पर प्रशिक्षण नहीं लिया, जिसमें विराट कोहली, शुभमन गिल, केएल राहुल और यशस्वी जयसवाल शामिल थे। वह कैशिंग अभ्यास सत्र के दौरान स्लिप कॉर्डन से अनुपस्थित थे। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए, भारत के पूर्व क्रिकेटर और 1983 विश्व कप विजेता मदन लाल ने कहा कि पांचवें टेस्ट में रोहित शर्मा को बाहर करना टीम प्रबंधन का एक अच्छा निर्णय है।

# सिडनी टेस्ट से पहले कंगारू टीम के कप्तान पैट कमिंस ने खेला माइंड गेम



बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2-1 से अजेय बढ़त बना ली है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच सिडनी में 3 फरवरी से खेला जाएगा। वहीं कंगारू टीम भले ही सीरीज में 2-1 से आगे हो लेकिन कप्तान पैट कमिंस ने साफ कर दिय है कि सिडनी टेस्ट में इससे टीम की एनर्जी पर कोई असर नहीं पड़ेगा और उनकी टीम 3-1 से जीतने के इरादे से उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉपी पर हाथ नहीं लगाया है लेकिन अगर सिडनी टेस्ट ड्रॉ कराती है या फिर जीतती है तो ट्रॉफी पर उसका कब्जा हो जाएगा। जबकि भारत को जीत मिली तो सीरीज 2-2 से बराबर पर छूटेगी और मेहमान होने के नाते ट्रॉफी भारत के कब्जे में ही रहेगी।

ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट 184 रन से जीतकर 2014-15 के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने की ओर कदम बढ़ा दिया है। कमिंस ने कहा कि, सीरीज में आगे होना अच्छा रहता है। आप हर टेस्ट मैच जीत के इरादे से ही खेलते हैं और यहां भी कुछ अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन टेस्ट में टीम के प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। हमने दिखा दिया कि हम जीत के प्रबल दावेदार हैं और इस हफ्ते भी हमारा लक्ष्य जीतना ही है। उन्होंने स्वीकार किया कि टीम के सामने कुछ मसले हैं। उन्होंने कहा कि, इसमें कोई शक नहीं कि कुछ मौकों पर हम और रन बनाना चाहते थे। मेलबर्न में पिछले टेस्ट में हमें 400-500 रन की बढ़त लेनी चाहिए थी। हम इतनी अच्छी स्थिति में थे, लेकिन यही टेस्ट क्रिकेट है। कमिंस ने कहा कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच पारंपरिक पिच से अलग है जिस पर स्पिनरों और बल्लेबाजों को मदद मिलती है।

साथ ही उन्होंने कहा कि, ये एससीजी की पारंपरिक पिच से अलग है। इस साल यहां शेफील्ड शील्ड के दो मैच अच्छे रहे और टीमें विकेट से खुश थीं। इससे गेंदबाजों को मदद मिलेगी और बल्लेबाज भी रन बना सकेंगे। कुछ समय इस पर बल्लेबाजी आसान होगी तो आखिर में ये स्पिनरों की मददगार रहेगी। मैंने यहां कुछ टेस्ट खेले हैं लेकिन बाकी वनडे ही खेले हैं तो मैं कोई स्पेशलिस्ट नहीं हूं।

वहीं कमिंस ने जसप्रीत बुमराह के बारे में कहा कि, वह बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। उसका सामना करना कठिन है। उन्होंने कहा कि, उम्मीद हे कि जब मैं बल्लेबाजी के लिए उतरूंगा तब शाम होगी और वह काफी गेंदबाजी कर चुका होगा जिससे मेरे लिए आसानी होगी। मैंने अलग-अलग फॉर्मेट में उसका सामना किया है लेकिन उसका सामना करना कठिन है।

# इस पूर्व खिलाड़ी ने की भविष्यवाणी, कहा भारत नहीं, पाकिस्तान जीतेगा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब



फरवरी-मार्च में पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करेगा। ये टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल से खेला जाएगा जहां टीम इंडिया के सभी मैच यूएई में खेले जाएंगे। लेकिन उससे पहले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने टूर्नामेंट को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने उस टीम का नाम बताया है जो सेमीफाइनल में जगह बनाएगी और खिताब जीतने की दावेदार भी हो सकती है।

वहीं 49 वर्षीय शोएब अख्तर ने कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि पाकिस्तान की टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। पाकिस्तान टॉप 4 में जगह जरूर बनाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि वह चाहते हैं कि फखर जमानटीम में वापसी करें और बाबर आजम केल लिए ये साल बेहतरीन हो।

अख्तर ने बाबर आजम की अहम भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि, बाबर चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के लिए काफी अहम साबित होंगे। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, और मुझे यकीन है कि चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम अच्छा खेलेगी। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि, पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 काी खिताब जीत सकता है। उन्होंने कहा कि, पाकिस्तान अपने मैच होम ग्राउंड पर खेलेगा, इसलिए खिताब जीतने का अच्छा मौका है। 2017 में भारत को हराकर पाकिस्तान ने ट्रॉफी जीती थी। अब मेजबानी करते हुए खिताब बरकरार रखना चाहिए।

# मां बनने को बेताब हैं अथिया शेट्टी, न्यू ईयर पर शेयर किए वीडियो में फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



अभिनेत्री अथिया शेट्टी अपने क्रिकेटर पति केएल राहुल के साथ जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। पिछले साल नवंबर में, अभिनेत्री ने अपने प्रेग्नेंट होने की घोषणा की थी। हालांकि, इस घोषणा के बाद अथिया ने अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़ी कोई जानकारी साझा नहीं की। लेकिन नए साल के मौके पर अभिनेत्री ने अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट किया।

नए साल पर अथिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में, अभिनेत्री ने अपनी और अपने पति की एक रोमांटिक तस्वीर साझा की। इसी पोस्ट में अभिनेत्री ने एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में, अथिया केएल राहुल का हाथ पकड़कर चलती नजर आ रही है। इस वीडियो में, अभिनेत्री का बेबी बंप साफ नजर आ रहा है।

अभिनेत्री ने मनमोहक पोस्ट को कैप्शन दिया, 2025, आपका इंतजार कर रही हूं (एक बेबी इमोटिकॉन के साथ)।

अथिया शेट्टी इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में हैं। बता दें, ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के मैच चल रहे हैं, जिसमें केएल राहुल भी खेल रहे हैं। इससे पहले, अभिनेत्री का अनुष्का शर्मा के साथ मेलबर्न स्टेडियम से निकलते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। यह पहली बार था जब हीरो अभिनेत्री को अपना बेबी बंप दिखाते हुए देखा गया था। दोनों के साथ नीतीश कुमार रेड्डी के पिता मुत्यालु रेड्डी भी थे।

# यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट ने गर्लफ्रेंड थिया संग रचाई सगाई, शिल्पा शेट्टी-जैकलीन ने दी बधाई



मशहूर यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट ने नए साल के अवसर पर अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड थिया बोयसेन से सगाई की घोषणा कर दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर प्रपोजल की तस्वीरें और वीडियो शेयर कर अपने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। वहीं अब प्रशंसकों के अलावा बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने भी इस जोड़े को सगाई की बधाई दी। मिस्टर बीस्ट की इंस्टाग्राम तस्वीरों को देखने के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी खुद को रोक नहीं पाई और उन्होंने मिस्टर बीस्ट की इस पोस्ट बधाई देते हुए लिखा, वोहू बधाई हो और साथ ही लाल रंग के हार्ट के इमेजी और नजरबंद का इमोजी भी बनाया। मिस्टर बीस्ट की इस पोस्ट पर रणवीर अल्लाहबादिया ने लाल रंग के दिल वाले इमोजी बनाएं। वहीं बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने लिखा, बधाई हो जिम्मी...मिस्टर बीस्ट की इंस्टाग्राम पोस्ट के बाद प्रशंसकों ने भी जमकर प्यार लुटाया है।

# अर्जुन लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किए जाएंगे मुरलीकांत पेटकर, कार्तिक आर्यन ने जाहिर की खुशी




चैंपियन मुरलीकांत पेटकर भारत के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता थे और कार्तिक ने कबीर खान द्वारा निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन में उनका किरदार निभाया था। अब घोषणा की गई है कि मुरलीकांत पेटकर को खेलों में उनके योगदान के लिए अर्जुन लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। फिल्म में उनका किरदार निभाने वाले कार्तिक ने अब इस पुरस्कार पर प्रतिक्रिया दी है।

एएनआई के हवाले से कार्तिक ने कहा, यह खबर सुनकर बहुत खुशी हुई। उनकी बायोपिक पर काम करते हुए मुझे उनके जीवन के बारे में इतने विस्तार से और करीब से पता चला कि उनकी जीत बेहद निजी लगती है। वह अपने पूरे जीवन में अटूट और दृढ़ रहे, बावजूद इसके कि नियति ने उन पर तमाम चुनौतियां डालीं। मैं कई खेल हस्तियों से मिला हूं, लेकिन मुरलीकांत सर का खेल कौशल और दृढ़ निश्चय बेजोड़ है।

इससे पहले चंदू चैंपियन के प्रमोशन के दौरान कार्तिक ने इस रोल के लिए अपनी तैयारी के बारे में से बात की थी। उन्होंने कहा था कि भावनात्मक और शारीरिक रूप से इस किरदार में ढलना मुश्किल था और वे एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। इस बॉडी को बनाना बहुत धैर्य का काम था और इसमें वाकई बहुत समय लगा। उन्होंने कभी इस तरह की फिल्म इस तरह की शैली की कल्पना नहीं की थी और यह कुछ ऐसा है, जिसे मैंने कभी करने की कोशिश नहीं की।

कार्तिक की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो वह तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के लिए कमर कस रहे हैं, जिसे समीर विद्वान द्वारा निर्देशित और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया गया है। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए टीजर की घोषणा में कार्तिक ने अपने किरदार के असफल रिश्तों की कहानी को मजाकिया अंदाज में बताते हुए लिखा, मम्मी की खाई हुई कसम, यह मम्मा का लड़का बेचारा बनकर ही रहता है। इसके अलावा कार्तिक फिल्म निर्माता अनुराग बसु के साथ एक और अनाम प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

# अर्जुन, भूमि और रकुल की मेरे हस्बैंड की बीवी की रिलीज डेट का एलान मोशन पोस्टर जारी



अभिनेता अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी के लिए कमर कस रहे हैं। फैंस को भी बेसब्री से फिल्म का इंतजार है। वहीं, अब आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। मेरे हस्बैंड की बीवी के निर्माताओं ने एक खास मोशन पोस्टर जारी किया और रिलीज की तारीख का खुलासा किया।

यह फिल्म 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिससे प्रशंसकों में उत्साह बढ़ गया है। पूजा एंटरटेनमेंट के इंस्टाग्राम पेज ने मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, यहां प्यार की ज्योमेट्री थोड़ी ट्विस्टेड है- क्योंकि ये लव ट्राएंगल नहीं, पूरा सर्कल है। मेरे हसबैंड की बीवी सिनेमाघरों में 21 फरवरी 2025। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प प्रोम क्लिप साझा की, जिसमें बीच में एक आदमी का जूता, बाईं ओर एक खूबसूरत स्टिलेट्टो और दाईं ओर एक पंजाबी जूती दिखाई दे रही है। क्रिएटिव अनाउंसमेंट पोस्ट में इस अनोखे लव ट्राएंगल की ओर भी इशारा किया गया है, जिसमें अर्जुन कपूर और दो प्रमुख अभिनेत्रियों भूमि और रकुल प्रीत की नई जोड़ी है। हालांकि, यह अभी तक गुप्त रखा गया है कि पंजाबी लड़की का किरदार कौन निभाएगा और आधुनिक महिला का किरदार कौन निभाएगा। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित इस फिल्म की घोषणा नवंबर 2022 में की गई थी और अब यह 2025 में रिलीज होगी। वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपिका देशमुख द्वारा निर्मित यह फिल्म कॉमेडी, हास्य और मनोरंजन से भरपूर है। वहीं, सितारों के वर्कफ्रंट की बात करें तो अर्जुन कपूर को आखिरी बार सिंघम अगेन में देखा गया था। रकुल प्रीत सिंह अगली बार दे दे प्यार दे 2 में दिखाई देंगी। भूमि पेडनेकर दलदल के साथ अपनी वेब सीरीज की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, जिसमें वह एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं।


# देसी रंग में रंगी रानी, मिट्टी के चूल्हे पर पकाया खाना, बोलीं गांव के जीवन का शानदार अनुभव



भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अदाकारा रानी चटर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मायके का टिकट कटा दी पिया को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री इस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर सेट से कुछ झलकियां साझा की हैं। रानी शूटिंग के बीच सेट पर खाना बनाती दिख रही हैं। दिलचस्प बात ये है कि वे किसी आधुनिक रसोई में नहीं, बल्कि मिट्टी के चूल्हे पर खाना बना रही हैं। रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक वीडियो शेयर की है। इसमें वे मिट्टी के चूल्हे पर खाना बन रही हैं। साड़ी पहने अभिनेत्री बिल्कुल देसी रंग में रंगी हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, फिल्म शूटिंग की सबसे अच्छी बात है गांव के जीवन का बहुत अच्छा अनुभव मिलता है। माइके के टिकिट कटा दी पिया पिया के सेट से आपके लिए यह वीडियो शेयर कर रही हूं। रानी का यह अंदाज देख यूजर्स उनकी तारीफ कर रहे हैं, साथ ही कुछ लोग सलाह भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, चूल्हे पर खाना मत बनाइए, मेकअप खराब हो जाएगा। एक अन्य यूजर ने लिखा, आपकी फिल्म कब तक आएगी? एक यूजर ने लिखा, आप बेजोड़ हैं दीदी।

रानी चटर्जी के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार फिल्म दीदी नंबर 1 में देखा गया था। प्रवीन कुमार गुदुरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रानी चटर्जी के अलावा देव सिंह, अनूप अरोड़ा और आर्यन बाबू सहित कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। भोजपुरी इंडस्ट्री में रानी ने साल 2004 में फिल्म ससुरा बड़ा पइसावाला से अपना करियर शुरू किया था। इस फिल्म में उन्होंने भोजपुरी सुपरस्टार मनोज तिवारी के साथ काम किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

# अरमान मलिक ने अपनी मंगेतर आशना श्रॉफ से शादी करके साल 2025 की शानदार शुरुआत की



बॉलीवुड के नामी गायक अरमान मलिक ने अपनी मंगेतर आशना श्रॉफ के साथ शादी रचाकर 2025 की शानदार शुरूआत की। जोड़े ने अपने खास दिन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर दी है। तस्वीरों में, दूल्हा और दुल्हन पीच और नारंगी रंग के आउटफिट पहने शादी की रस्में निभाते नजर आ रहे हैं। कैप्शन में, अरमान ने लिखा, तू ही मेरा घर।

अपने खास दिन के लिए आशना ने पारंपरिक लाल और सुखदायक पेस्टल रंगों को छोड़कर मनीष मल्होत्रा के एक शानदार नारंगी रंग के लहंगे को चुना, जिसमें वह दुल्हन के रूप में बहुत सुंदर लग रही थीं। उन्होंने अरमान की पीच रंग की शेरवानी से मैच करने के लिए कंधे और सिर पर पेस्टल पीच दुपट्टा डाला था। इसके अलावा आशना ने पारंपरिक चूड़े के बजाय पेस्टल पीच चूड़ियों, भव्य पोल्की गहने, ओसदार नग्न ग्लैमर और एक चिकना बन के साथ अपने दुल्हन लुक को कम्पलीट किया।

अरमान और आशना की शादी की तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है। बॉलीवुड सितारे और फैंस जोड़े को बधाई देते नहीं थक रहे हैं। अभिनेत्री सोफी चौधरी ने लिखा,हे भगवान! आप लोगों को बधाई! भगवान भला करे। प्रशंसकों में से एक ने लिखा, मेरा दिल इतना भर गया है कि मैं रो रहा हूं। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा, खुशी के आंसू। एक तीसरे यूजर ने कहा, एल्बम रिलीज़ होने के बाद आज सुबह मुझे पता चल गया था, मुझे पूरा यकीन था, इस बार हम अरमानियन आपको पकड़ लेंगे!

# कांग्रेस का सरकार पर महिलाओं का मंगलसूत्र चुराने का आरोप




**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार की बढ़ती रिश्तेदारी, अनियमित नीति निर्माण और विकृत प्राथमिकताओं ने इसे देश के इतिहास में एकमात्र सरकार बना दिया है जो महिलाओं से मंगलसूत्र चुराने का कलंक हासिल कर चुकी है। कांग्रेस ने गुरुवार को एक बार फिर मोदी सरकार पर महिलाओं के मंगलसूत्र को चोरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र के मित्र पूंजीवाद, मनमौजी नीति निर्माण और गलत प्राथमिकताओं के कारण सोने के कर्जों पर डिफॉल्ट बढ़ रहे हैं। इसकी वजह से महिलाएं अपना मंगलसूत्र तक खो रही हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोग कम से कम 30 प्रतिशत गोल्ड लोन पर चूक कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मोदी सरकार की बढ़ती रिश्तेदारी, अनियमित नीति निर्माण और विकृत प्राथमिकताओं ने इसे देश के इतिहास में एकमात्र सरकार बना दिया है जो महिलाओं से मंगलसूत्र चुराने का कलंक हासिल कर चुकी है। उन्होंने कहा, जब नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री मंगलसूत्र छीनने की एक काल्पनिक साजिश को लेकर लोगों को डरा रहे थे, तब हमने उनके कार्यकाल के दौरान गोल्ड लोन में तेजी से हुई वृद्धि का मुद्दा उठाया था।

अनुमानित रूप से करीब तीन लाख करोड़ रुपये के गोल्ड लोन भारतीय परिवारों के पास हैं, जो आज तक बकाया हैं। अब यह सामने आ रहा है कि कर्ज बढ़ने और अर्थव्यवस्था के सुस्त होने के साथ, गोल्ड लोन डिफॉल्ट होने के मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, वर्ष 2024 में मार्च और जून के बीच तीन महीनों में गोल्ड लोन एनपीए का अनुपात 30 प्रतिशत बढ़ा है- 5,149 करोड़ रुपये से 6,696 करोड़ रुपये।

# जेलों में जातीय भेदभाव रोकने की तैयारी, गृह मंत्रालय ने जेल मैनुअल नियमों में किया बदलाव

**भेदभाव**

**गृह मंत्रालय ने भारतीय जेलों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए जेल मैनुअल कानून में बदलाव किया है।**



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जेलों में जाति आधारित भेदभाव को दूर करने और आदतन अपराधी की मौजूदा परिभाषा को बदलने के लिए मॉडल जेल मैनुअल, 2016 और मॉडल जेल और सुधार सेवा अधिनियम, 2023 में संशोधन किया है।

गृह मंत्रालय ने भारतीय जेलों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए जेल मैनुअल कानून में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जेलों में जाति आधारित भेदभाव को दूर करने और आदतन अपराधी% की मौजूदा परिभाषा को बदलने के लिए मॉडल जेल मैनुअल, 2016 और मॉडल जेल और सुधार सेवा अधिनियम, 2023 में संशोधन किया है। गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अक्टूबर, 2024 को दिए अपने फैसले में जेल मैनुअल में बदलाव का आदेश दिया था। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में गृह मंत्रालय ने कहा कि जेल अधिकारियों को सख्ती से यह सुनिश्चित करना होगा कि जाति के आधार पर कैदियों के साथ कोई भेदभाव, वर्गीकरण, अलगाव न हो। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि जेलों में किसी भी ड्यूटी या काम के आवंटन में कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो। मॉडल कारागार और सुधार सेवा अधिनियम, 2023 के विविध वाले खंड में धारा 55 (ए) के रूप में जेलों और सुधार संस्थानों में जाति-आधारित भेदभाव का निषेध के साथ भी कुछ बदलाव किए गए हैं।

आईसीएमआर ने राष्ट्रीय आवश्यक निदान सूची में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें देश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध होने वाले न्यूनतम परीक्षणों की संख्या बताई गई है। संशोधित मसौदे के अनुसार, मधुमेह, मलेरिया, टीबी, एचआईवी और सिफलिस सहित नौ तरह की जांच गांव स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर होनी चाहिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में गांव स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध नौ निदानों के अलावा हेपेटाइटिस बी परीक्षणों की सुविधा भी उपलब्ध होनी चाहिए।

नए दिशा-निर्देशों में एक्स-रे और ईसीजी सुविधाओं के अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू और जापानी इंसेफेलाइटिस और अन्य सामान्य बीमारियों की भी जांच की सुविधा होनी चाहिए।

# नाबालिग लड़की के अपहरण-हत्या मामले में आरोपी दंपती की पुलिस हिरासत बढ़ी



**ठाणे।** 23 दिसंबर को विशाल गवली ने अपनी पत्नी साक्षी की मदद से कल्याण के चक्की नाका इलाके से लड़की का अपहरण किया था और बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी। मामले में आरोपी दंपती की पुलिस हिरासत को कोर्ट ने दो दिन के लिए बढ़ा दिया।

महाराष्ट्र के ठाणे में एक 12 वर्षीय बच्ची का अपहरण और हत्या के मामले में आरोपी दंपती की पुलिस हिरासत को दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया। मामले में मुख्य आरोपी विशाल गवली और उसकी पत्नी साक्षी को गुरुवार पुलिस रिमांड खत्म होने पर जिला न्यायाधीश और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी ए पत्रावले की अदालत में पेश किया गया।

पुलिस ने अदालत से कहा कि घटना की जांच करने और आरोपियों के मोबाइल को बरामद करने के लिए आरोपी दंपती की रिमांड बढ़ाई जाए। क्योंकि दोनों आरोपियों ने शव को ठिकाने लगाने के दौरान कसारा घाट खंड क्षेत्र में मोबाइल फेंक दिए थे। आरोपियों के वकील ने अदालत से कहा कि अपराध की जांच पूरी हो चुकी है। इसलिए पुलिस हिरासत की आवश्यकता नहीं है। वकील ने यह भी कहा कि आरोपियों के रिश्तेदारों को पुलिस हिरासत में उनके साथ रहने की अनुमति दी जाए। क्योंकि उन्हें डर है कि उनको बदलापुर जैसी मुठभेड़ में मारा जा सकता है। अदालत ने यह याचिका ठुकरा दी। इसके बाद अदालत ने आरोपी दंपती की पुलिस हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी। वहीं आरोपियों को मौत की सजा देने की मांग करते हुए स्थानीय लोगों ने अदालत के बाहर मानव श्रृंखला बनाई। विरोध को देखते हुए यहां पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। 23 दिसंबर को विशाल गवली ने अपनी पत्नी साक्षी की मदद से कल्याण के चक्की नाका इलाके से लड़की का अपहरण किया था और बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार, दंपती ने इसके बाद शव को ऑटो रिक्शा से ले जाकर कल्याण-पद्घा रोड पर बापगांव में फेंक दिया। 24 दिसंबर को शव बरामद किया गया था और इसी दिन रात में साक्षी गवली को गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि उसके पति को इसके अगले दिन बुलढाणा जिले से पकड़ा गया था। विशाल कल्याण तहसील का रहने वाला है और उसकी तीसरी पत्नी साक्षी एक बैंक में काम करती थी।

# नासिक में दिल दहलाने वाली घटना

**मुंबई।** घटना बुधवार सुबह डिंडोरी तालुका के नानाशी गांव की है। पुलिस ने आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके बेटे को हिरासत में रखा। फिलहाल बेटे की उम्र की पुष्टि नहीं हुई है। महाराष्ट्र के नासिक जिले से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता-बेटे ने कथित तौर पर अपने पड़ोसी की हत्या करके उसके सिर को धड़ से अलग कर दिया। फिर बाद में आरोपी पीड़ित के कटे हुए सिर के साथ स्थानीय पुलिस पहुंच गए और आत्मसमर्पण कर दिया। घटना बुधवार सुबह डिंडोरी तालुका के नानाशी गांव की है। पुलिस ने आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके बेटे को हिरासत में रखा। फिलहाल बेटे की उम्र की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि 40 साल के सुरेश बोके और उसके बेटे ने अपने 35 वर्षीय पड़ोसी गुलाब रामचंद्र वाघमारे की कुल्हाड़ी और दरांती से हत्या कर दी।

# 'सरपंच हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा हो

**मुकदमा**

**मैंने नागपुर में विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान फास्ट-ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की थी।**



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने महाराष्ट्र सरकार (फडणवीस सरकार) से बीड में सरपंच की हत्या करने वालों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा देने की मांग की। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) सरपंच हत्या मामले की सही तरीके से जांच कर रहा है। विपक्ष सरपंच की हत्या के मामले में धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग कर रहा है। बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष ने आरोप लगाया था कि करोड ही सरपंच की हत्या का मास्टरमाइंड था। धनंजय मुंडे ने कहा, ÷सरपंच संतोष देशमुख की हत्या करने वालों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी की सजा दी जानी चाहिए। मैंने नागपुर में विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान फास्ट-ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की थी।÷ इस बीच शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने कहा कि इस मामले की सुनवाई बीड जिले से बाहर होनी चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि राकांपा मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को जब सरपंच की हत्या से जुड़े जबरन वसूली मामले में सरेंडर करने के बाद बीड की एक अदालत में पेश किया गया तो सरकारी अभियोजक ने खुद को इस मामले से अलग कर लिया। उन्होंने इसके पीछे का भी कारण पूछा। शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने कहा, ÷संतोष देशमुख हत्याकांड की सुनवाई बीड जिले के बाहर होनी चाहिए।÷ इसके साथ ही उन्होंने सरपंच हत्या मामले की जांच के लिए गठित की गई 10 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भी संदेह जताया। उन्होंने कहा, इस मामले की जांच करने वाले अधिकांश अधिकारी बीड से हैं। कराड के खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार करने वाले पुलिस कर्मियों को जांच टीम में शामिल किया जा रहा है। यहां सब कुछ स्क्रिप्टेड लग रहा है। दानवे ने सीआईडी से कराड के कॉल रिकॉर्ड को भी सार्वजनिक करने की मांग की।बता दें कि पिछले महीने नौ दिसंबर को बीड जिले की केज तहसील के मसजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई। इस मामले के 22 दिन बाद जबरन वसूली के केस में कराड ने राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के समक्ष खुद को सरेंडर कर दिया। बता दें कि इस मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को एसआईटी का गठन किया। राज्य गृह विभाग द्वारा जारी एक आदेश में बताया गया कि एसआईटी का नेतृत्व सीआईडी के उप महानिरीक्षक बसवराज तेली करेंगे।

# बांग्लादेशी आतंकियों को प्रवेश देकर बंगाल को अस्थिर करने की साजिश

**कोलकाता** ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया अधूरी थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा बल (ब्रस्न) पर बड़ा आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। बांग्लादेशी आतंकी बंगाल में आ रहे हैं। यह केंद्र की नापाक योजना है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया अधूरी थी।

# प्रयागराज जाने वाली ट्रेनें फुल, वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहा

**नई दिल्ली।** ट्रेनों में जगह न होने की वजह से प्रयागराज आने वाले लोग फ्लाइट्स को विकल्प के रूप में देख रहे हैं। हालांकि, शाही स्नान के मौके पर प्रयागराज आने वाले विमानों का किराया पहले से कई गुना ज्यादा बढ़ गया है। प्रयागराज महाकुंभ 2025 का पहला स्नान पौष पूर्णिमा 13 जनवरी को है, जबकि पहला शाही स्नान मकर संक्रांति 14 जनवरी को है। इस मौके पर महाकुंभ में लाखों लोग डुबकी लगाने आएंगे। ऐसे में अभी से शाही स्नान पर प्रयागराज आने वाली तमाम ट्रेनें फुल हो गई हैं। स्थिति यह है कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली से प्रयागराज जाने वाली सभी ट्रेनों में 8 जनवरी से ही सीटें उपलब्ध नहीं है। कई ट्रेनें रिग्रेट हो चुकी हैं। इसका मतलब है कि इन ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी नहीं मिलेगा। वहीं, 10 से 14 जनवरी तक फ्लाइट का किराया भी करीब 15-20 हजार तक पहुंच गया है।13 और 14 जनवरी को आयोजित इन स्नान पर्वों के पहले ही दिल्ली, मुंबई और दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों से प्रयागराज आने वाली सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट हो गई है। मुंबई से आने वाली कामायनी एक्सप्रेस काशी एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक राजेंद्र नगर, महानगरी एक्सप्रेस, रत्नागिरी एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक जयनगर, साकेत एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, छपरा एक्सप्रेस, कोलकाता मेल, लोकमान्य तिलक प्रयागराज दुरंतो एक्सप्रेस, गोदान एक्सप्रेस, तुलसी एक्सप्रेस की किसी भी श्रेणी में 10 से 12 जनवरी तक कंफर्म बर्थ उपलब्ध नहीं है।

# बांग्लादेश में शेख मुजीबुर रहमान की विरासत मिटाने की तैयारी, पाठ्यपुस्तकों में किया गया बड़ा बदलाव



**ढाका।** 2025 शैक्षणिक वर्ष के लिए नई पाठ्यपुस्तकों में बताया जाएगा कि 26 मार्च, 1971 को जियाउर रहमान ने बांग्लादेश की आजादी का एलान किया था और 27 मार्च को उन्होंने बंगबंधु की ओर से स्वतंत्रता की एक और घोषणा की। बांग्लादेश में सिलसिलेवार तरीके से शेख मुजीबुर रहमान की विरासत को मिटाने की कोशिश हो रही है और अब इसी कोशिश के तहत बांग्लादेश की पाठ्य पुस्तकों में एक बड़ा बदलाव किया गया है। इस बदलाव के तहत बताया गया है कि साल 1971 में बांग्लादेश की आजादी की घोषणा पहली बार जिया उर रहमान ने की थी न कि शेख मुजीबुर रहमान ने। अभी तक बांग्लादेश की आजादी की घोषणा का श्रेय शेख मुजीबुर रहमान को दिया जाता था। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, नई पाठ्यपुस्तकों में कई बदलाव किए गए हैं, जिनमें शेख मुजीबुर रहमान को दी जाने वाली राष्ट्रपिता की उपाधि भी हटा ली गई है। 2025 शैक्षणिक वर्ष के लिए नई पाठ्यपुस्तकों में बताया जाएगा कि 26 मार्च, 1971 को जियाउर रहमान ने बांग्लादेश की आजादी का एलान किया था और 27 मार्च को उन्होंने बंगबंधु की ओर से स्वतंत्रता की एक और घोषणा की। बांग्लादेशी मीडिया ने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर एकेएम रेजुल हसन के हवाले से यह जानकारी दी है।


पाठ्यपुस्तकों में बदलाव की प्रक्रिया में शामिल रहे रिसर्चर राखल राहा ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों से अतिरंजित और थोपे गए इतिहास को हटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि %पाठ्यपुस्तकों में बताया गया था कि शेख मुजीबुर रहमान ने पाकिस्तानी सेना द्वारा गिरफ्तार किए जाने वायरलेस संदेश में बांग्लादेश की आजादी का एलान किया था, लेकिन ऐसा कोई तथ्य नहीं मिला, जिसके बाद ही इसे हटाने का फैसला किया गया है। आवामी लीग के समर्थक मानते हैं कि शेख मुजीबुर रहमान ने देश की आजादी का एलान किया था और जियाउर रहमान ने, जो उस समय सेना में थे, मुजीब के निर्देश पर केवल घोषणा पढ़ी थी। बांग्लादेश के नोटों से शेख मुजीबुर रहमान की तस्वीर हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बीते साल 5 अगस्त को शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने और उनके देश छोड़कर जाने के बाद से ही शेख मुजीबुर रहमान की विरासत को मिटाने की कोशिश की जा रही है। शेख मुजीबुर रहमान की हत्या वाली तारीख 15 अगस्त को मिलने वाले अवकाश को भी खत्म कर दिया गया है। गौरतलब है कि जिया उर रहमान की पत्नी खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी ने ही शेख हसीना की सरकार को सत्ता से बाहर करने में अहम भूमिका निभाई थी।

# ब्रिटेन में बढ़ रहा ग्रूमिंग गैंग्स स्कैंडल, मस्क और ब्रिटिश सासंदों समेत दिग्गज हस्तियों का फूटा गुस्सा

**बहस**

**ब्रिटेन में लगातार बढ़ रहे ग्रूमिंग गैंग्स मामलों पर बहस छिड़ गई है। पिछले 24 घंटों में सोशल मीडिया मंच एक्स पर तीखी बहस देखी गई।**





**लंदन।** ब्रिटेन में लगातार बढ़ रहे ग्रूमिंग गैंग्स मामलों पर बहस छिड़ गई है। ग्रूमिंग गैंग्स के लोग छोटी और कमजोर लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाते हैं। वहीं, जब लड़कियां इन पर विश्वास करने लगती हैं, तो इनका शोषण करते हैं। आइए जानते हैं पूरा मामला।

ब्रिटेन में लगातार बढ़ रहे ग्रूमिंग गैंग्स मामलों पर बहस छिड़ गई है। पिछले 24 घंटों में सोशल मीडिया मंच एक्स पर तीखी बहस देखी गई। इस मुद्दे पर ब्रिटिश सांसदों, दिग्गज अरबपति एलन मस्क और ब्रिटिश लेखक जोआन रोलिंग जैसी हस्तियों ने अपने विचार साझा किए। टेस्ला सीईओ मस्क ने ऐसे अपराधों से निपटने के ब्रिटेन के तरीके की आलोचना की। उन्होंने पूर्व सीपीएस प्रमुख और वर्तमान प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर सीधा निशाना साधा। ग्रूमिंग गैंग्स के लोग छोटी और कमजोर लड़कियों को अपना निशाना बनाते हैं। वे उन्हें गिफ्ट्स देते हैं और यह एहसाल दिलाते हैं कि वह उनसे बहुत प्यार करते हैं। वहीं, जब लड़कियां इन पर विश्वास करने लगती हैं, तो वे इन्हें शोषण के जाल में फंसा देते हैं। ग्रूमिंग गैंग्स के लोग इन लड़कियों को पार्टी में ले जाते हैं, उन्हें ड्रग्स देते हैं और एक या एक से अधिक लोगों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर करते हैं। इनमें से कई लड़कियां गर्भवती भी हुईं, जिन्हें गर्भपात कराना पड़ा। हालांकि, कुछ ने अपने बच्चे को जन्म दिया, लेकिन उन्हें इसके पिता का नाम नहीं मालूम था। ग्रूमिंग गैंग्स ने रोशडेल, रॉदरहैम और टेलफॉर्ड राज्यों में सबसे ज्यादा लड़कियों को अपने चंगुल में फंसाया। एलन मस्क ने कहा, ब्रिटेन में गंभीर अपराधों जैसे दुष्कर्म के मामलों में पुलिस को संदिग्धों पर आरोप लगाने के लिए क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) की मंजूरी की आवश्यकता होती है। जब दुष्कर्म करने वाले गैंग को युवा लड़कियों का शोषण करने की अनुमति दी गई थी, बिना किसी न्याय का सामना किए, तब सीपीएस के प्रमुख कौन थे? साल 2008 से 2013 तक कीर स्टार्मर। बता दें, रॉबिन्सन एक ब्रिटिश पत्रकार हैं, जिन्होंने कथित ग्रूमिंग गैंग्स और युवतियों के कथित दुष्कर्म पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई थी। फिलहाल वह जेल में बंद है। मगर, सोशल मीडिया मंच एक्स पर उनकी टीम ने एक बार फिर ब्रिटेन में कथित दुष्कर्म का विषय उठाया। उनकी टीम ने कहा, टेलफोर्ड में एक 11 साल की बच्ची के साथ ग्रूमिंग गिरोह के सदस्यों ने दुष्कर्म किया था।

# पटाखे, ईंधन या गैस टैंक... टेस्ला साइबरट्रक धमाके की वजह क्या?

**विस्फोट**

**अमेरिका के लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट ने पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी।**



**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप के लास वेगास स्थित ट्रंप टावर के बाहर खड़े टेस्ला साइबर ट्रक में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में सात अन्य लोग घायल भी हुए हैं। आइए जानते हैं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का क्या कहना है।

अमेरिका के लास वेगास में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर टेस्ला साइबरट्रक में विस्फोट ने पूरी दुनिया में सनसनी मचा दी। धमाके से टेस्ला भी चर्चा के केंद्र में आ गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई और सात अन्य घायल हुए। अब की जांच में अधिकारियों का मानना है कि इस विस्फोट का कारण टेस्ला साइबरट्रक में रखा आतिशबाजी का सामान, गैस टैंक और ईंधन था, एक डेटोनेशन सिस्टम से जोड़कर ड्राइवर की ओर से नियंत्रित किया जा रहा था। ऐसे में यह विस्फोट एक योजनाबद्ध हमले की तरह प्रतीत हो रहा है। हालांकि, जांच अब भी जारी है। वहीं, टेस्ला प्रमुख और डोनाल्ड ट्रंप के करीबी एलन मस्क ने भी धमाके पर अपना बयान दिया है।

बता दें, ट्रंप के होटल के बाहर धमाके की यह घटना बुधवार को हुई। पुलिस इस विस्फोट के कारणों की जांच कर रही है। ये घटना उसी दिन हुई है, जब अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में एक ट्रक ने भीड़ को रौंदते हुए 15 लोगों को मार डाला था। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जांच अधिकारी दोनों घटनाओं के बीच किसी संभावित संबंध की भी जांच कर रहे हैं। हालांकि अभी किसी नतीजे पर जांच नहीं पहुंची हैं।

घटना के वायरल वीडियो में होटल के बाहर टेस्ला साइबर ट्रक को आग की लपटों में घिरा दिखाया गया है। क्लार्क काउंटी के प्रवक्ता ने बताया कि सुबह आठ बजकर 40 मिनट के आसपास वैलेट क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली थी। जब वे मौके पहुंचे तो उन्होंने देखा कि 2024 टेस्ला साइबरट्रक आग की लपटों में घिरा हुआ था। निगरानी फुटेज में देखा जा सकता है कि वाहन लास वेगास बुलेवार्ड पर ऊपर-नीचे जा रहा था, फिर होटल के सामने खड़ा कर दिया और थोड़ी ही देर बाद विस्फोट हो गया। इस धमाके में सात लोग घायल हुए, जिनकी हालात अभी स्थिर है। हालांकि, ड्राइवर की मौत हो गई। उसकी पहचान की जा रही है। बता दें, कोलोराडो में किराए पर लिया गया ट्रक करीब एक घंटे पहले लास वेगास पहुंचा था।

# अमेरिका के लिए मुसीबतों का नया साल

**वॉशिंगटन।** न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के मुताबिक, पीड़ितों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है और सभी के बचने की उम्मीद है। पुलिस ने लोगों को आश्वस्त किया कि यह आतंकवादी हमला नहीं था।

अमेरिका में नए साल का आगाज हमलों और गोलीबारी के साथ हुआ। पहले न्यू ऑर्लियंस में आतंकी हमला फिर ट्रंप टावर के बाहर धमाका और अब न्यूयॉर्क के क्वींस में नए साल के दिन एक नाइट क्लब के बाहर जमा भीड़ पर कुछ लोगों ने ताबड़तोड़ गोलीब3री की। इस दौरान कम से कम 30 गोलियां चलाईं गईं। गोलीबारी में 10 लोग घायल हो गए। इनमें अधिकतर किशोर बताए जा रहे हैं। इससे पहले न्यू ऑर्लियंस में आतंकि हमले में 15 लोग मारे गए, जबकि ट्रंप टावर के बाहर धमाके में एक की मौत हो गई थी।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों को बुधवार रात करीब 11ः18 बजे (स्थानीय समयानुसार) 911 पर कई कॉल मिलीं, जिसमें क्वींस के जमैका में अमजुरा नाइट क्लब के बाहर कई लोगों को गोली लगने की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी करने वाले तीन से चार की संख्या में थे। हादसा उस वक्त हुआ, जब चार पुरुष नाइट क्लब की ओर जा रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के बाहर लाइन में खड़े एक समूह की ओर 30 से अधिक बार गोलियां चलाईं, जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

मामले की जांच से जुड़े अधिकारियों ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 16 से 20 साल की उम्र के बीच की छह महिलाओं और चार पुरुषों को गोलियां लगीं। पुलिस गोलीबारी के सिलसिले में एक हल्के रंग की सेडान की तलाश कर रही है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (ह्ळ्क्ष्) के मुताबिक, पीड़ितों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है और सभी के बचने की उम्मीद है। पुलिस ने लोगों को आश्वस्त किया कि यह आतंकवादी हमला नहीं था।

# चिन्मय दास को झटका, बांग्लादेश की अदालत ने फिर किया जमानत से इनकार

**ढाका।** चिन्मय दास को देशद्रोह के एक मामले में 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में बंद हैं।

हिंदू पुजारी और पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को एक और झटका लगा है। बांग्लादेश के चट्टोग्राम की एक अदालत ने गुरुवार को उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। बता दें, उन पर आरोप है कि उन्होंने बांग्लादेश का अपमान करते हुए राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया था। इस मामले में उनके खिलाफ राजद्रोह के आरोप लगाए गए हैं।

दास की ओर से 11 वकीलों का एक समूह जमानत याचिका लेकर अदालत में उपस्थित हुआ, जबकि दास वर्चुअली सुनवाई में शामिल हुए। बता दें, दास को देशद्रोह के एक मामले में 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। वह पहले इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कांशियसनेस (इस्कॉन) से जुड़े थे। बांग्लादेश समिलित सनातनी जागरण जोते संगठन के



प्रवक्ता दास की जमानत 26 नवंबर को चट्टोग्राम के 6वें मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट काजी शारिफुल इस्लाम ने राजद्रोह के मामले में खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। चट्टोग्राम जिला बार संघ के अध्यक्ष नाजिम उद्दीन चौधरी ने कहा, %सरकार ने जमानत देने का विरोध किया। उसका कहना कि दास पर राजद्रोह का मामला है। इस मामले में उम्रभर की जेल की सजा होती है। वहीं, मेट्रोपोलिटन पब्लिक प्रॉसिक्यूटर एडवोकेट मफिजुल हक भुइयां ने बताया, %चट्टोग्राम मेट्रोपोलिटन सत्र न्यायधीश सैफुल इस्लाम ने दोनों पक्षों की 30 मिनट तक बहस सुनने के बाद जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

चिन्मय दास के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि वे हाईकोर्ट में जमानत के लिए अपील करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा, दास पर लगा राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप निराधार है, क्योंकि वह राष्ट्रीय ध्वज नहीं था। हमने अदालत को सूचित किया कि इस मामले को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। चिन्मय कृष्ण दास के मामले में वकीलों की टीम का नेतृत्व कर रहे भट्टाचार्य ने कहा कि वकीलों का एक समूह डॉ. दास की ओर से अदालत में खड़ा हुआ है, क्योंकि उनका मानना है कि उन्हें राजनीतिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

# जिला पंचायत सदन की बैठक अध्यक्ष श्रीकला धनन्जय सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह, जौनपुर में जिला पंचायत सदन की बैठक अध्यक्ष श्रीकला धनन्जय सिंह, की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। बैठक में हारून, अधिशासी अभियन्ता (सिविल)/ अपर मुख्य अधिकारी द्वारा अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह प्रिन्शु, विधान परिषद सदस्य, प्रमुखगण, जिला पंचायत सदस्यगण, जिला विकास अधिकारी जौनपुर, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण जौनपुर, उपायुक्त मनरेगा, जौनपुर का स्वागत करने के पश्चात अध्यक्ष के अनुमति से अपर मुख्य अधिकारी, जिला पचायत द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सदन में बिन्दुवार जिला पंचायत के गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि किया गया, जिला पंचायत का पुनरीक्षित वजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के मु0 163.10 करोड़ रूपये, जिला पंचायत का मूल वजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के मु0 106.38 करोड़ रूपये, वित्तीय वर्ष 2025-26 के 15वाँ वित्त (टाईड ग्रान्ट व अनटाईड ग्रान्ट) एवं पंचम राज्य वित्त आयोग योजना की वार्षिक कार्ययोजना बनाये जाने पर विचार के साथ जनपद जौनपुर का मनरेगा लेबर बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुमोदन किये जाने का प्रस्ताव सदन द्वारा सर्व सम्मति से पास किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा जनपद के गरीब, बेसहारा एवं मध्यम वर्ग के परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वति होने की नये नियम / शर्तों के बारे में सदन को अवगत कराया गया।

अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से सदस्यगण, जिला पंचायत द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावो पर चर्चा किया गया, जिसमें कतिपय सदस्यगण के क्षेत्र में हाईमास्ट मास्ट लाईट से सम्बन्धित समस्या को लेकर सदन के पटल पर रखा गया, जिसके क्रम में अध्यक्ष द्वारा अभियन्ता एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जौनपुर को तत्काल समस्या का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सदस्य बाघ सिंह चौहान द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पंचायत द्वारा कतिपय सड़को के निर्माण कार्यों पर ठेकेदार द्वारा साईन बोर्ड नही लगाया गया है तथा बोर्ड पर नाम गलत हो गया है, जिसमें सुधार लाये जाने हेतु अपेक्षा की गयी। बृजेश कुमार सिंह प्रिन्सू, विधान परिषद सदस्य द्वारा सदन में उपस्तिथ सदस्यगण को नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई देते हुए जिला पंचायत के कार्यों को विकास की गति देने के लिए अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण की सराहना करते हुए अवगत कराया गया। अध्यक्ष द्वारा राज्य सरकार से जनपद जौनपुर के ग्रामीण क्षेत्रो में जर्जर सड़को को एफ0डी0आर0 पद्धति से 154.00 किमी0 मु0 12296.00 करोड़ रू0 की लागत से निर्मित किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसके स्वीकृति हेतु अध्यक्ष प्रयासरत् है।

# मेरा बेटा स्वामी आनंद गिरि निर्दोष है: रामेश्वर लाल



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मेरा बेटा स्वामी आनंद गिरि बेकसूर है और उसका नरेंद्र गिरी की हत्या में कोई हाथ नहीं है। बल्कि वह जब महंत नरेंद्र नरेंद्र गिरी ने आत्महत्या की थी तो उसे समय मेरा बेटा हरिद्वार में था और उसका नरेंद्र गिरी की हत्या से कोई लेनदेन नहीं था। वह नरेंद्र गिरी का विश्वास पात्र शिष्य था। स्वामी आनंद गिरि के पिता रामेश्वर लाल चौटिया व उनके भाई शंकर लाल चौटिया में प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता करते हुए कहा।उन्होंने कहा कि हमारे बेटे को पूरी तरह से फसाने की साजिश पंचायती अखाड़ा श्री निरंजन के सचिव श्री महंत रवींद्र पुरी की है और मेरे बेटे को फसाने का सारा काम रवींद्र पुरी के द्वारा किया गया है। महंत नरेंद्र गिरी ने जब आत्महत्या की तो उसे समय मेरा बेटा हरिद्वार में मौजूद था पर महंत रवींद्र पुरी ने मेरे बेटे को फसाने की पूरी साजिश की है। और मेरा बेटा पूरी तरह से निर्दोष है।स्वामी आनंद गिरि के पिता ने कहा यदि महंत रवींद्र पुरी ईमानदार है और सच बोल रहे है तो वह मनसा देवी कसम खाकर कहे और गंगाजल हाथ में उठाकर बोले कि मेरा बेटा निर्दोष है या गुनहगार। महंत रविंद्रपुरी मनसा देवी के बहुत बड़े भक्त हैं। मनसा देवी पर हाथ रखकर कहें क्या सच है। वह सही बोले तो बोल पूर्ण विश्वास है कि मेरे बेटे को फसाने में श्री महंत रवींद्र पुरी का पूर्ण हाथ है।

# आंवला की खेती करके समृद्ध बन रहे है प्रगतिशील किसान अलख नारायण सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने अवगत कराया है कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत परंपरागत खेती छोड़कर आंवला की आधुनिक किस्म की खेती कर रहे अलख नारायण सिंह ने कृषि में नई तकनीक अपनाई है। डालूपुर ग्राम के निवासी अलख नारायण सिंह ने एन-7 के 600 पौधे, एन-10 के 100 पौधे आगरा बोर्ड के 300 पौधे, चकला के 250 पौधे तथा लक्ष्मी 52 के 150 पौधे जैसे उन्नत किस्म के आंवला की खेती से अलख नारायण सिंह ने पॉच साल के लिए एक करोड़ दस लाख रू0 में 05 साल के लिए बाग बेच के मुनाफा कमाना शुरू किया है। एन-7 के पौध 2005 में कृषक द्वारा रोपित किया गया जनपद प्रतापगढ़ से पौध लाया गया और स्वयं भी नर्सरी तैयार किया गया। आंवला की खेती करने वाले किसानों को कई तरह के फायदे होते हैं। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंर्तगत फल क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम में आंवला की खेती के अन्तर्गत उद्यान विभाग द्वारा 18000 हे0 अनुदान प्रदान की जाती है तथा इससे किसानों को आंवला की खेती के लिए प्रोत्साहन प्राप्त होता है, जिससे किसान लगातार 40 से 50 साल तक आमदनी प्राप्त होता है। आंवला के एक पेड़ से एक साल में लगभग 1 से 2 कुंतल तक आंवले का उत्पादन होता है। इसमें प्राकृतिक विधि का प्रयोग करने पर लागत कम आती है। आंवला के पेड़ बंजर और ऊसर जमीन पर भी आसानी से उग जाते हैं। आवला की खेती के लिए अगस्त-सितंबर में पौधे लगाए जा सकते हैं आंवला की खेती के लिए खेत की सही तैयारी और पौधों की विजाति प्रजातियों का संतुलित इस्तेमाल करना जरूरी होता है। आंवलें का इस्तेमाल दवाईयां, शैंपू, बालों का तेल, दांतों के पाउडर और मुंह की क्रीम बनाने में भी किया जाता है। आंवला विटामिन सी का सबसे अच्छा स्रोत माना जाता है। आंवला की खेती के लिए राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत किसानों को सहायता भी उद्यान विभाग द्वारा दी जाती है। जनपद जौनपुर के विकासखंड-महाराजगंज, सुजानगंज में आंवला की खेती ज्यादातर की जाती है। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक गोष्ठी/मेले में औषधीय पौध आंवला के एक-एक पौध लगाने की अपील भी की गयी हैं। जिलाधिकारी द्वारा अलख नारायण सिंह को किसान दिवस पर सम्मानित भी किया गया है।

# हुनर रंग महोत्सव का समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** रंगमंच एवं ललित कलाओं के लिए समर्पित सामाजिक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था हुनर संस्थान द्वारा आयोजित हुनर रंग महोत्सव अखिल भारतीय नाटक और लोकनृत्य समारोह के समापन समारोह का उद्घाटन डॉ कृष्णमोहन त्रिपाठी, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लालगंज, अमन श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव,सपना बनर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलितकर और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ महोत्सव का समापन समारोह शुरू हुआ। फिर मिलने के वादे के साथ सांस्कृतिक कार्यकर्मो मे सबसे पहले 3 ईडियट्स ग्रुप सुल्तानपुर द्वारा अनुपम त्रिपाठी के निर्देशन में नाटक गुल्ली डंडा का मंचन किया गया। कलाकारों की अभिनेता देख दर्शक मंत्रीमुग्ध हो गए। महाश्वेता कला केंद्र मैथन धनबाद के कलाकारों के आदिवासी समूह नृत्य की की प्रस्तुति की तो वही विंग्स डांस क्लास मिर्जापुर, लकी डांस इंस्टीट्यूट भदोही तुमने मनमोहन स्मृतियों की प्रस्तुति की फिर पुरस्कार वितरण का दौर शुरू हुआ बेस्ट ग्रुप फोक डांस का प्रथम अवॉर्ड नृत्यायांजलि कटक उड़ीसा, द्वितीय पुरस्कार महाश्वेता कला केंद्र मैथन धनबाद,तृतीय पुरस्कार नटराज यूथ क्लब साहिबगंज झारखंड व द यूनाइटेड सोशल एंड कल्चरल बूमेन फोरम मणिपुर को मिला। व्यक्तिगत श्रेणी में बेस्ट डांसर अनन्या दास, व किशोर कुमार दलाई उड़ीसा को मिला। रंगत में श्रेष्ठ सात टीमों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव में आभार एवं समापन की घोषणा प्रतिभा निकेतन स्कूल के रमाकांत वर्मा ने किया कार्यक्रम का संचालन सुनील दत्त विश्वकर्मा नें किया। इस अवसर पर देश भर से आए सभी कलाकारों के साथ-साथ संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप करें तैयार: प्रो. वंदना



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में गुरुवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में परिसर के विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट और प्रशिक्षण के लिए संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करे। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को पढाई के साथ-साथ इंटरव्यू और अन्य आवश्यक कौशल से भी लैस करे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए जल्द ही कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि प्लेसमेंट सेल से सभी विभाग के एक- एक शिक्षकों को जोड़ा जाये।

**प्लेसमेंट और प्रशिक्षण के हुई बैठक**

निदेशक प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि इस सत्र के प्लेसमेंट के लिए निरंतर संस्थाओं से सम्पर्क किया जा रहा है। परिसर पाठ्यक्रमों के अधिक से अधिक विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो इसके लिए योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही प्लेसमेंट बुलेटिन प्रकाशित जायेगा।इस अवसर पर प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो देवराज, प्रो एके श्रीवास्तव, प्रो रामनारायण, प्रो गिरधर मिश्र, प्रो संदीप सिंह, प्रो रवि प्रकाश, प्रो राजेश शर्मा, प्रो प्रमोद यादव, प्रो रजनीश भास्कर, प्रो राजेश शर्मा, प्रो सौरभ पाल, प्रो गिरधर मिश्र, डॉ रसिकेश समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में स्पोर्ट वीक का समापन

**आजमगढ़।** प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के तत्वाधान में 27 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलने वाली प्रतिभा स्पोर्ट वीक का आयोजन किया गया । यह आयोजन प्रतिभा निकेतन के स्पोर्ट स्टेडियम में तथा सुखदेव पहलवान स्टेडियम में सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी वह मेडल देकर सम्मानित किया गया। खेल का उद्घाटन क्षेत्रीय क्षेत्रीयक्रीड़ा अधिकारी सिराज ने फीता काटकर किया स मुख्य अतिथि दिनेश सिंह क्रिड़ा सचिव प्रा न्ती माध्यमिक क्रिड़ा संघ और आर एसओ स्टेडियम सिराज ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिनेश सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंधक रमाकांत वर्मा का भूरि भूरि प्रशंसा किया और कहा कि इनके द्वारा किसी भी कार्य का इनकार नहीं किया जाता है हमेशा सहयोग में तत्पर रहते हैं और बढ़ चलकर हिस्सा लेते हैं। उनका प्रयास रहता है कि शिक्षा के साथ-साथ खेल को भी प्रोत्साहन मिले इस प्रयास के लिए उनको बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैंस इस अवसर पर आर एस ओ सिराज ने कहा कि ऐसे प्रबंधक जी का जितनी भी तारीफ की जाए कम है। बच्चों को हम बताना चाहते हैं कि खेल का जीवन में बड़ा महत्व है इससे हमारा शरीर वह मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है।

# 200 सड़कों का हुआ निर्माण और विकास, 3 लाख से अधिक पौधरोपण

- नई, चौड़ी और चमचमाती सड़कें श्रद्धालुओं के अनुभव को बनाएंगी यादगार
- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्मानेंट इंफ्रास्ट्रक्चर पर योगी सरकार का फोकस

**अवधनामा संवाददाता**

**महाकुम्भ नगर।** कभी संकरी और खस्ताहाल सड़कों के लिए पहचाने जाने वाले प्रयागराज का आज कायाकल्प हो चुका है। पहले कुम्भ 2019 और अब महाकुम्भ 2025 को देखते हुए योगी सरकार ने यहां की सूरत ही बदल दी है। 2019 कुम्भ के दृष्टिगत जो विकास कार्य हुए, उसे 2025 महाकुम्भ में और विस्तार देते हुए स्थाई कार्यों पर जोर दिया गया है। सनातन आस्था के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ के लिए बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया गया है। आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो, इसको देखते हुए इस बार 200 सड़कों का निर्माण और विकास किया गया है। इन सड़कों को 3 लाख पौधों और एक लाख हॉर्टीकल्चर सैंपलिंग से सजाया गया है।

### कई चुनौतियों का भी करना पड़ा सामना

इन सड़कों का निर्माण तीनों विभागों के लिए कतई आसान नहीं रहा है। इसके लिए इन्हें कई तरह की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है। उदाहरण के तौर पर निर्माण के दौरान कई ऐसे स्थल थे, जहां पर एंक्रोचमेंट था जिन्हें हटाया गया है। श्रद्धालुओं के साथ ही प्रयागराज वासियों की सुविधा के लिए निर्मित इन सड़कों के विकास के लिए कुल मिलाकर 4426 एंक्रोचमेंट को ध्वस्त किया गया है। इसी तरह, कई स्थलों पर निर्माण को लेकर कोर्ट केस का भी सामना करना पड़ा है। कुल मिलाकर 82 कोर्ट केसेज को रिजॉल्व किया गया है। वहीं, निर्माण के दौरान 4893 इलेक्ट्रिक पोल्स को भी यहां से शिफ्ट करने में सफलता प्राप्त हुई है। इतना ही नहीं, सड़कों के निर्माण के साथ-साथ 170 किमी. लंबी अंडरग्राउंड केबिलिंग भी की गई है।

कुल मिलाकर महाकुम्भ के दौरान जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आएंगे तो यहां की सड़कों और उनके सौंदर्यीकरण की मनमोहक छवि के साथ यादगार अनुभव लेकर वापस जाएंगे। प्रयागराज में महाकुम्भ के महाआयोजन को देखते हुए कुल 200 ऐसी सड़कें हैं, जिनका उन्नयन किया गया है। इसमें नई सड़कों का भी निर्माण हुआ है, जबकि सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण भी किया गया है। सड़कों के निर्माण और विकास में तीनों विभागों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसमें सबसे ज्यादा काम प्रयागराज नगर निगम की ओर से किया गया है, जिसने कुल 78 सड़कों का नव निर्माण, चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण करने में सफलता प्राप्त की है। इसके बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 74 और प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने कुल 48 सड़कों का विकास किया है। इसके साथ ही सड़कों का सौंदर्यीकरण भी किया गया है। खासतौर पर विभिन्न तरह के पौधों को यहां सजाया गया है, जबकि हॉर्टीकल्चर सैंपलिंग्स भी की गई हैं। इन 200 सड़कों पर कुल मिलाकर 3 लाख पौधों को रोपित किया गया है, जबकि एक लाख हॉर्टीकल्चर सैंपलिंग्स को प्लांट किया गया है। इन्हीं सड़कों के माध्यम से श्रद्धालुओं का संगम तक आवागमन सुगम हो सकेगा और उन्हें दिव्य आनंद की अनुभूति प्राप्त होगी।

# छावनी क्षेत्र में श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी का भव्य प्रवेश

**महा निर्वाणी अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में भव्य सिंहासन पर सवार दर्जनों महामंडलेश्वर हुए शामिल**



**अवधनामा संवाददाता**

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ क्षेत्र में सनातन धर्म के ध्वज वाहक अखाड़ों के प्रवेश का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी ने राजसी वैभव के साथ छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। शहर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर संतों का भव्य स्वागत किया गया। कुम्भ मेला प्रशासन की तरफ से भी अखाड़े के महात्माओं का स्वागत किया गया।

सनातन धर्म के 13 अखाड़ों में सबसे धनवान कहे जाने वाले श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी ने छावनी क्षेत्र में प्रवेश किया। अलोपी बाग के निकट स्थित महा निर्वाणी अखाड़े की स्थानीय छावनी से अखाड़े का भव्य जुलूस उठा। सबसे पहले महा मंडलेश्वर पद का सृजन करने वाले इस अखाड़े में इस समय 67 महा मंडलेश्वर हैं। अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा में भी इसकी झलक देखने को मिली। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद जी की अगुवाई में यह छावनी प्रवेश यात्रा शुरू हुई जिसमें आगे आगे अखाड़े के इष्ट भगवान कपिल जी का रथ चल रहा था, जिसके बाद आचार्य महामंडलेश्वर का भव्य रथ श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहा था।

### अखाड़े में दिखी नारी शक्ति की झलक

नारी शक्ति को महा निर्वाणी अखाड़ा ने हमेशा विशिष्ट स्थान दिया है। अखाड़ों में मातृ शक्ति को स्थान भी सबसे पहले महा निर्वाणी अखाड़ा ने दिया। अखाड़ा के सचिव महंत जमुना पुरी बताते है कि साध्वी गीता भारती को अखाड़ों की पहली महा मंडलेश्वर होने का स्थान प्राप्त है जो उन्हें 1962 में प्रदान किया गया था। निर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी हरि हरानंद जी की शिष्या संतोष पुरी तीन साल की उम्र में अखाड़े में शामिल हुई और उन्हें ही यह उपलब्धि हासिल है। दस साल की उम्र में वह गीता का प्रवचन करती थी जिसके कारण राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें गीता भारती का नाम दिया और संतोष पुरी अब संतोष पुरी से गीता भारती बन गई। छावनी प्रवेश यात्रा में भी इसकी झलक देखने को मिली जिसमें चार महिला मंडलेश्वर भी शामिल हुई। यात्रा में वीरांगना वाहिनी सोजत की झांकी में भी इसकी झलक देखने को मिली। छावनी यात्रा में पर्यावरण संरक्षण के कई प्रतीक भी साथ चल रहे थे। पांच किमी लंबा सफर तय करके शाम को अखाड़े ने छावनी में प्रवेश किया।

# केजरीवाल की झूठी राजनीति का होगा अंत: केशव मौर्य

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** तीन दिवसीय प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस के प्रांगण में जनता दर्शन किया। उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और झूठे प्रचार की राजनीति में माहिर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की असलियत जनता के सामने आ चुकी है। धोखे, भ्रम और भ्रष्टाचार की राजनीति का अंत तय है। 2025 में दिल्ली भी हरियाणा और महाराष्ट्र की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की नई इबारत लिखेगी। और दिल्ली में सुशासन का कमल खिलेगा। प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया की जनता दर्शन के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य किसानमोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अन्नू सिंह, पर्व प्रांत संघ चालक रस के डॉ विश्वनाथ लाल निगम, वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष राम रक्षा द्विवेदी, भाजपा नेता रंजन पांडे के आवास पहुंचकर एवं नव वर्ष की बधाई दी एवं भाजपा नेता अजय कुमार पांडे की दादी स्वर्गीय गुलाब कली के निधन के पश्चात उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर सांसद प्रवीण पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक दीपक पटेल, विधायक पूजा पाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, यमुना पार जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति, गंगा पार जिला अध्यक्ष कविता पटेल, कौशांबी जिला अध्यक्ष धर्म राजसिंह पटेल, क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, वरुण केसरवानी रवि, कुंज बिहारी मिश्रा, राजेश केसरवानी रमेश पासी, प्रमोद मोदी आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक बाइक की टक्कर में भाई-बहन समेत तीन की मौत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना अंतर्गत अकबरआदमपुर रेलवे क्रासिंग के पास बृहस्पतिवार को लगभग दो बजे ट्रक और बाइक की टक्कर में भाई बहन समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गई। केराकत थाना क्षेत्र के पसेवा गांव निवासी अरुण कुमार (25) व बहन आरती (18) लाइन बाजार थाना अंतर्गत मीरपुर गांव निवासी बबीता (10) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। नगर के क्षेत्राधिकारी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रक चालक व ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आर्यन की गेंदबाजी से विप्लव की असान जीत



**प्रयागराज।** विप्लव क्रिकेट क्लब ने मोती लाल सर्व समाज कल्याण अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता में राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्रिकेट क्लब को एक तरफा मुकाबले में छह विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में आर्यन प्रजापति की अचूक गेंदबाजी (5.2-2-11- 8) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। गुरुवार को भानु प्रताप मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राइजिंग स्टार फाउंडेशन क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 23.2 ओवर में महज 68 रन, ( राघव दुबे 21, आदित्य राय 17 रन, आर्यन प्रजापति 8/11, अमन गुप्ता 1/06, शिवम केशरवानी 1/13) पर बिखर गई। जवाब में विप्लव क्रिकेट क्लब की टीम 19.2 ओवर में चार विकेट पर 72 रन ( ईशान सिंह 25, अमन गुप्ता 13 नाबाद, सौरभ यादव 12 रन, शिवम यादव 1/03, राधे वर्मा 1/06, उत्कर्ष सिंह 1/08, आदित्य राय 1/12) पर बना लिए। प्रतियोगिता में शुक्रवार को भवम क्रिकेट क्लब व फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी के बीच प्रातः नौ बजे से खेला जाएगा।

### काव्यांशु ने श्री सहायक क्लब को जिताया



**प्रयागराज।** श्री सहायक क्लब ने डीएसए क्लब को 38 रन से हराकर विंटर त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज में पूरे अंक प्राप्त किये। डॉ. केएन काटजू कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में श्री सहायक क्लब ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 192 रन (काव्यांशु व अंशुमान शर्मा 30-30, कौशल निषाद 29 नाबाद, ईशान केसरवानी 2/18, कार्तिकेय तिवारी 2/25, उमर अशफाक 2/40) बनाएज। जवाब डीएसए क्लब की टीम 22.3 ओवर में 154 रन (सुधांशु सिंह 36, हर्षित राज यादव 23, काव्यांशु 3/33, सूर्याश 2/22, शिव कुमार व नैतिक रस्तोगी एक-एक विकेट) पर सिमट गई। काव्यांशु को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

### अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराती है एचडीएफसी म्युचुअल फंड: डॉ ए.के मिश्रा



**आजमगढ़।** जनपद में अब एचडीएफसी म्युचुअल फंड की ब्रांच खुल चुकी हैं। गुरुवार को शहर के रोडवेज बंधे से सटे इस ब्रांच का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ ए.के मिश्रा पूर्व सीएमओ व कम्पनी के क्लस्टर हेड चंदन कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया है। इसके पूर्व एच डी एफ सी म्युचुअल फंड के एमडी नवनीत मुनोत के द्वारा पूरे भारतवर्ष में वर्चुअल उदघाट्न किया गया है। क्लस्टर हेड ने बताया कि अब इस शाखा के खुलने से हमारे निवेशकों को इधर उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है वह यहां आकर सलाह लेकर निवेश कर सकते है। ब्रांच हेड अमित यादव ने बताया कि हमारी संस्था देश की तीसरी बड़ी संस्था है। जो अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराती है। अब आजमगढ़ में भी ग्राहकों को बैटर सर्विसेज देने के लिया तैयार है। इस दौरान अरविंद कुमार अग्रवाल, अमित कुमार सिंघल, नरेंद्र कुमार गुप्ता, राकेश कुमार राय, घनश्याम यादव, जितेंद्र शर्मा, नीलांबुज गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### रंगकर्म अद्भुत भाव संप्रेषण की सबसे प्राचीन ललित कला है- रवीन्द्र कुशवाहा

**प्रयागराज।** इस वर्ष 2025 में सांस्कृतिक संस्था अभिनव प्रयागराज ने अपने संस्थापना दिवस एक जनवरी को आज 45 वर्ष पूर्ण करते हुए पहले की स्मृति परम्परा को पुनर्स्थापित करते, संस्था के यश समृद्धि के लिए विधिवत पूजा यज्ञ हवन एवं कलात्मक संगोष्ठी कार्यक्रम अपने कार्यालय काला डांडा हिम्मतगंज के प्रेक्षा दीर्घा में सम्पादित किया। इस अवसर पर एक रंग गोष्ठी रंगकर्म में ललित कलाओं की उपयोगिता÷ की सफल गोष्ठी अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवि- चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुशवाहा का माल्यार्पण अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह से संस्था अध्यक्ष शैलेश श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया। संगोष्ठी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुशवाहा कहां कि रंगकर्म (नाट्य-कला) ही अद्भुत भाव संप्रेषण की सबसे प्राचीन ललित कला है इसमें अन्य ललित कलाओं का सामंजस्य पूर्ण सदुपयोग ही? इसको सबसे ज्यादा प्रभावशाली बनाता है। प्रसिद्ध वरिष्ठ रंगअभिनेत्री प्रतिमा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि रंगकर्मी अपने नाटकों में अनेको रंगो का, संगीत का प्रयोग तो करते हैं पर बहुधा वो इसके आनुपातिक प्रयोग को भूल जाते हैं।

# प्रधान सहायक हेतु किया गया विदाई समारोह का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** प्रदीप कुमार सिंह प्रधान सहायक चकबन्दी विभाग का विदाई समारोह आजमगढ़ के समस्त चकबन्दी परिवार के सदस्यों द्वारा बड़े धूमधाम से नेहरूहाल के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालता प्रसाद अहिरवार बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी तथा संचालन विवेक श्रीवास्तव सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल कुमार पाण्डेय उप संचालक चकबन्दी आजमगढ़ तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में रामप्रवेश सिंह ब0अ0च0 उपस्थित थे। कार्यक्रम में चकबन्दी विभाग आजमगढ़ के समस्त कर्मचारी व अधिकारी द्वारा प्रदीप कुमार सिंह को अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित करते हुए। भावबिनि विदाई दी गयी (कार्यक्रम में अपने उद्धबोधन में चकबन्दी अधिकारी सघ के महामंत्री राधेश्याम वर्मा द्वारा प्रदीप कुमार सिंह द्वारा सेवाकाल में किये गये कार्यो की सराहना की गयी सत्येन्द्र मिश्रा पूर्व मंत्री प्रा0क्षे0नि0कर्मचारी संघ द्वारा अपने उद्बोधन में प्रदीप कुमार सिंह को एक अनुशासित कर्मचारी बताया उन्होने कहा कि समय से आना व अपने दायित्वों को निर्वहन समय से पूर्ण करना यह इनकी विशेषता रही है। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बबोधन में कहा गया कि प्रदीप कुमार सिंह एक अनुशासित व कर्मठ कर्मचारी के रूप में रहे उन्होने अपने अधिकारियों का हमेशा सम्मान किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल पाल मंत्री प्रा0सं0नि0 कर्मचारी संघ व अभिषेक श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष प्रा0क्षे0 मि0 कर्मचारी संघ प्रदीप दूबे शेषनाथ राम. रामबहादुर धीरज सिंह देवीदत्त दूबे संजय चौहान मालती, पूजा, सुबाष सत्येन्द्र चौबे शुभम, दुर्गेश आदि सैकड़ों कर्मबारी उपस्थित रहें।

# शेयर बाजार में मजबूत बढ़त; सेंसेक्स 80 हजार के करीब पहुंचा, निफ्टी में 446 अंकों का उछाल

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक नए साल में लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद




हुए। वित्तीय, ऑटो और आईटी शेयरों में खरीदारी से गुरुवार को बेंचमार्क सेंसेक्स 1,436 अंक चढ़कर दो सप्ताह के उच्च स्तर पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,436.30 अंक या 1.83 प्रतिशत उछलकर 79,943.71 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 1,525.46 अंक या 1.94 प्रतिशत बढ़कर 80,032.87 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 445.75 अंक या 1.88 प्रतिशत बढ़कर 24,188.65 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से बजाज फिनसर्व में करीब 8 फीसदी की तेजी आई जबकि बजाज फाइनेंस में 6 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। मारुति, टाइटन, महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक अन्य प्रमुख लाभ में रहे। सन फार्मा एकमात्र पिछड़ी कंपनी बनकर उभरी।

**विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर में 12 महीने के निचले स्तर पर**

घरेलू और निर्यात रिफंड दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद दिसंबर में सकल जीएसटी संग्रह साल-दर-साल 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये हो गया। एक मासिक सर्वेक्षण में गुरुवार को कहा गया कि नये व्यावसायिक ऑर्डरों और उत्पादन में धीमी वृद्धि के कारण भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर में 12 महीने के निचले स्तर पर आ गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स दिसंबर में 56.4 पर था, जो नवंबर में 56.5 से कम था, जो परिचालन स्थितियों में कमजोर सुधार को दर्शाता है। गिरावट के बावजूद, मुख्य आंकड़ा 54.1 के अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर रहा, जिससे मजबूत वृद्धि दर का संकेत मिलता है। पीएमआई की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है।

एशियाई बाजारों में सियोल, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में ज्यादातर गिरावट देखी गई। बुधवार को नए साल की छुट्टी के कारण अमेरिकी बाजार बंद रहे।एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,782.71 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.09 प्रतिशत बढ़कर 75.47 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बुधवार को 2025 के पहले कारोबारी सत्र में बीएसई बेंचमार्क 368.40 अंक या 0.47 प्रतिशत चढ़कर 78,507.41 पर बंद हुआ। निफ्टी 98.10 अंक या 0.41 प्रतिशत बढ़कर 23,742.90 पर पहुंच गया।

आयातकों के बीच डॉलर की मजबूत मांग और विदेशी फंड की निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे टूटकर 85.73 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार 2024 के दौरान अधिकांश मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में बढ़त दर्ज की गई और इस साल भी यह मजबूत स्थिति में बना रहेगा। इसके अलावा, लगातार विदेशी फंड की निकासी ने निवेशकों की भावनाओं को और प्रभावित किया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ खुला और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले दिन के दौरान 85.79 के निचले स्तर और 85.68 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा।

## दादा के सपने को पूरा करने के लिए पिता ने दिखाया अटूट समर्पण, जामनगर में बोलीं ईशा अंबानी पीरामल



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी ने अपने पिता धीरूभाई अंबानी के सपने को पूरा करने के लिए अटूट समर्पण दिखा। उनके लिए कर्तव्य से बड़ा कुछ भी नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी-पीरामल ने जामनगर रिफाइनरी के 25 साल पूरे होने परकर्मचारियों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस रिफाइनरी की परिकल्पना रिलायंस के संस्थापक धीरूभाई अंबानी ने की थी और जिसे मुकेश अंबानी ने आगे बढ़ाया।

कार्यक्रम में बोलते हुए ईशा अंबानी पीरामल ने कहा, आज जब हम जामनगर के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो मुझे अपने दादाजी की मौजूदगी महसूस हो रही है और मैं उन्हें बहुत याद कर रही हूं। यह उनका सपना था, एक ऐसा सपना जो उनके दिल में बसता था। उन्हें यह देखकर बहुत गर्व होता कि जाम नगर आज क्या बन गया है।

कार्यक्रम के दौरान ईशा ने अपने पिता मुकेश अंबानी अटूट समर्पण की भी चर्चा की और कहा, मैंने अपने पिता के सपने को साकार करने के लिए उनके (मुकेश अंबानी के) पूर्ण समर्पण को देखा है। मेरे पिता मुकेशभाई अंबानी एक दूरदर्शी और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति है। उनके लिए कर्तव्य से बड़ा कुछ नहीं है। उनके लिए अपने पिता के सपनों से बड़ा कुछ नहीं है।

ईशा ने मुकेश अंबानी के बारे में कहा, आप न केवल एक व्यवसायी के रूप में, बल्कि एक बेटे, एक पिता और एक इंसान के रूप में हमारी प्रेरणा हैं। जामनगर और आपने हमें दिखाया है कि जब हम एकता, जुनून और उद्देश्य के साथ बढ़ते हैं तो कुछ भी असंभव नहीं है। जामनगर स्वर्ग है और हम इसे अपना घर कहते हुए बहुत भाग्यशाली महसूस करते हैं।÷ जामनगर रिफाइनरी का संचालन 1999 में शुरू हुआ था। पिछले कुछ वर्षों में, यह भारत की औद्योगिक शक्ति और नवाचार का प्रतीक बन गया है, जिसने देश की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक आकाश अंबानी ने जामनगर में 24 महीनों में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

# लुकआउट की रिपोर्ट: आईओएस उपकरणों पर फिशिंग हमलों का सबसे बड़ा खतरा

बोस्टन की डेटा-केंद्रित क्लाउड सुरक्षा कंपनी लुकआउट ने एक अध्ययन में पाया है कि एंड्रॉइड के मुकाबले आईओएस डिवाइस फिशिंग और वेब कंटेंट खतरों का ज्यादा सामना कर रहे हैं। यह अध्ययन 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-अगस्त) में किया गया था।

> **खुलासा**
>
> **हाल ही में, लुकआउट थ्रेट लैब के शोधकर्ताओं ने दो प्रमुख मोबाइल सर्विलांस सॉफ़्टवेयर फैमिली की खोज का खुलासा किया है।**

लुकआउट थ्रेट लैब के शोधकर्ताओं ने कुछ अहम और चिंताजनक निष्कर्ष साझा किए। इनमें पाया गया कि पिछले तीन महीनों में उद्यमों पर प्रमाण-पत्र चोरी और फिशिंग के प्रयासों में 17त्न की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही, मैलिशियस ऐप्स की संख्या में 32% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

अध्ययन ने यह भी बताया कि आईओएस डिवाइस फिशिंग और वेब खतरे का ज्यादा सामना कर रहे हैं। 2024 की पहली तीन तिमाहियों में, 19% एंटरप्राइज़ आईओएस डिवाइस हर तिमाही में कम से कम एक बार मोबाइल फिशिंग हमले का शिकार हुए। इसके मुकाबले, सिर्फ 10.9% एंटरप्राइज़ एंड्रॉइड डिवाइस इसी अवधि में मोबाइल फिशिंग हमलों का सामना कर रहे थे।

मोबाइल खतरों का माहौल लगातार बदल रहा है और तेजी से बढ़ रहा है। लुकआउट ने बताया है कि साइबर अपराधी अब अपने तरीके बदल रहे हैं और हमलों की शुरुआत में ही मोबाइल उपकरणों को निशाना बना रहे हैं।

हाल ही में, लुकआउट थ्रेट लैब के शोधकर्ताओं ने दो प्रमुख मोबाइल सर्विलांस सॉफ़्टवेयर फैमिली की खोज का खुलासा किया है। ये दोनों सॉफ़्टवेयर चीन और रूस से संबंधित एडवांस्ड परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी) समूहों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। यह दिखाता है कि मोबाइल डिवाइस न केवल व्यक्तिगत बल्कि व्यावसायिक डेटा के लिए भी एक बड़ा जोखिम बन गए हैं।

लुकआउट के पास 220 मिलियन से अधिक उपकरणों, 360 मिलियन ऐप्स और अरबों वेब आइटम्स का एक शक्तिशाली और एआई-संचालित डेटा सेट है। इस डेटा से कंपनी को वैश्विक स्तर पर उभरते ट्रेंड्स का पता चलता है। यह जानकारी हर उद्योग और क्षेत्र की सुरक्षा टीमों को यह समझने में मदद करती है कि मोबाइल खतरों से डेटा को कैसे सुरक्षित रखा जाए।

लुकआउट ने बताया कि मोबाइल उपकरणों की कमजोरियां गंभीर जोखिम पैदा कर सकती हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए कंपनी मोबाइल डिवाइस की टेलीमेट्री को एंटरप्राइज़ एंडपॉइंट सुरक्षा रणनीतियों के साथ जोड़ती है। इसके लिए SIEM (सिक्योरिटी इंफॉर्मेशन एंड इवेंट मैनेजमेंट), SOAR (सिक्योरिटी ऑटोमेशन और रिस्पॉन्स), या XDR (एक्सटेंडेड डिटेक्शन और रिस्पॉन्स) जैसे उन्नत तकनीकी टूल्स का उपयोग किया जाता है।

## नवाज शरीफ के पोते की शादी में शामिल हुआ भारतीय बिजनेसमैन, विशेष विमान से पहुंचे थे लाहौर

**नई दिल्ली।** पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के पोते की जैद हुसैन नवाज की शादी हाल ही में धूमधाम से लाहौर में हुई है। वहीं पीएमएल-एन के एक नेता ने बताया की इस शादी में कई भारतीय बिजनेस समेत 700 लोगों ने शिरकत की है। लाहौर में इस शादी समारोह में पहुंचे मेहमानों की सुरक्षा के लिए जति उमरा और उसके आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

भारतीय उद्योगपति सज्जन जिंदल अपने परिवार के साथ लाहौर में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के पोते की शादी में शामिल हुए हैं। पीएमएल-एन के एक नेता ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि जेएसडब्ल्यू स्टील के प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल उन 700 स्थानीय और विदेशी मेहमानों में शामिल थे, जिन्होंने रविवार को लाहौर में नवाज शरीफ के पोते जैद हुसैन नवाज के जाति उमरा रायविंड आवास में शादी समारोह में हिस्सा लिया है।

**जिंदल परिवार के शरीफ परिवार के साथ मजबूत संबंध**

पाकिस्तान में सत्तारूढ़ दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि इस शादी में कई अन्य भारतीय भी शामिल हुए हैं। बता दें कि, जिंदल परिवार के शरीफ परिवार के साथ मजबूत संबंध हैं और कथित तौर पर जिंदल परिवार ने नवाज शरीफ के बेटे हुसैन नवाज को खाड़ी में स्टील मिल स्थापित करने में मदद की थी।

**विशेष विमान से मुंबई से लाहौर पहुंचा था जिंदल परिवार**

शरीफ परिवार ने भारतीय मेहमानों, खासकर सज्जन जिंदल परिवार के एक दिवसीय दौरे को कम महत्वपूर्ण रखा। जानकारी के मुताबिक, जिंदल परिवार विशेष विमान से मुंबई से लाहौर पहुंचा था। वहीं मेहमानों की सुरक्षा के लिए जति उमरा और उसके आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## मोदी सरकार ने यूपीए सरकार से पांच गुना अधिक रोजगार सृजित किया, केंद्रीय श्रम मंत्री का दावा

**नई दिल्ली।** 2004 से 2014 तक संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के कार्यकाल की तुलना में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में लगभग पांच गुना अधिक नौकरियां पैदा हुईं हैं। केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह दावा किया है।

केंद्र सरकार ने पिछले एक दशक में रोजगार को काफी बढ़ावा दिया है। 2004 से 2014 तक संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के कार्यकाल की तुलना में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में लगभग पांच गुना अधिक नौकरियां पैदा हुईं हैं। केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह दावा किया है।

मनसुख मांडविया ने एएनआई से खास बातचीत में बताया, ÷आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 2004 से 2014 के बीच, यूपीए के 10 साल के कार्यकाल के दौरान 2.9 करोड़ नौकरियां पैदा हुईं। और 2024 में, सिर्फ एक साल में, 4.9 करोड़ नौकरियां पैदा हुई हैं, और ये आंकड़े मेरे अपने नहीं हैं, मैं आरबीआई के आंकड़ों का हवाला दे रहा हूं।

आंकड़ों से पता चलता है कि 2004 से 2014 के बीच, यूपीए सरकार ने 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा कीं। इसके विपरीत, मोदी सरकार ने 2014 से 2024 तक के अपने कार्यकाल में 17.19 करोड़ नए रोजगार सृजित किए। अकेले वर्ष 2023-24 में 4.6 करोड़ रोजगार सृजित हुए। आंकड़ों के अनुसार, यूपीए के तहत दस वर्षों में रोजगार में महज 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, मौजूदा सरकार के तहत रोजगार में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कृषि क्षेत्र, जिसमें यूपीए शासन के दौरान रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट देखी गई थी। 2014 से 2023 के दौरान इसमें 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विनिर्माण क्षेत्र में भी पर्याप्त प्रगति देखी गई, जिसमें पिछले 10 वर्षों में रोजगार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि यूपीए के तहत इसमें केवल 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सेवा क्षेत्र में 2014 से 2023 के बीच 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि 2004 से 2014 के बीच इस क्षेत्र की वृद्धि दर 25 प्रतिशत थी।

## दिसंबर में भारत की विनिर्माण वृद्धि दर 12 महीने के निचले स्तर पर, पीएमआई के आंकड़े जारी

**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर दिसंबर में 12 महीने के निचले स्तर पर आ गई, क्योंकि नए व्यापार ऑर्डर और उत्पादन में धीमा विकास हुआ। गुरुवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स दिसंबर में 56.4 पर था, यह नवंबर के 56.5 से कम रहा, जो परिचालन स्थितियों में कमजोर सुधार को दर्शाता है। गिरावट के बावजूद, मुख्य आंकड़ा 54.1 के अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर रहा, जिससे मजबूत वृद्धि दर का संकेत मिलता है। पीएमआई की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, औद्योगिक क्षेत्र में मंदी के रुझान के और अधिक संकेत के बीच भारत की विनिर्माण गतिविधि 2024 में नरम रुख के साथ मजबूत रही। नए ऑर्डरों में विस्तार की दर साल में सबसे धीमी रही, जो भविष्य में उत्पादन में कमजोर वृद्धि का संकेत देती है। प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबाव के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि बाधित हुई। लैम ने कहा कि नये निर्यात ऑर्डरों की वृद्धि में कुछ वृद्धि हुई है, जो जुलाई के बाद सबसे तेज गति से बढ़ी है।

सर्वेक्षण में कहा गया है, हालांकि कुल नए कारोबार की तुलना में नई निर्यात बिक्री की दर धीमी रही, लेकिन निर्यात की वृद्धि की गति मजबूत हुई, क्योंकि कंपनियां दुनिया भर से अंतर्राष्ट्रीय ऑर्डर प्राप्त करने में सक्षम रहीं। सर्वेक्षण के अनुसार, विकास की पर्याप्त दर के परिणामस्वरूप खरीद स्तर और रोजगार में और अधिक वृद्धि हुई।

## सीआरआई पंप्स ने एमएसईडीसीएल, मुंबई, महाराष्ट्र से 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम के लिए 754 करोड़ रुपयों का ऑर्डर प्राप्त किया



**लखनऊ।** सीआरआई पंप्स ने अपनी प्रतिबद्धता को स्थिरता और अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। इस ऑर्डर का मूल्य 754 करोड़ रुपये है और यह ÷मागेल त्याला सौर कृषी पंप ÷ योजना का हिस्सा है इस नियुक्ति के साथ, सीआरआई पंप्स अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा देने, महाराष्ट्र के कृषि परिदृश्य को सशक्त बनाने और एक हरित एवं अधिक स्थायी भविष्य में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन श्री जी. सौंदरराजन ने कहा, ÷हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि एमएसईडीसीएल ने इन सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए हमें चुना है। यह बड़ा ऑर्डर नवाचार और ऊर्जा-कुशल, टिकाऊ पंपिंग समाधानों के विकास में सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताओं, गहन उद्योग विशेषज्ञता और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ, सीआरआई पंप्स इन सिस्टम्स की निर्बाध डिलीवरी और इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करता है। जब विश्व अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा है, छ्रढ्ढ पंप्स पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने वाले सौर पंपिंग सिस्टम प्रदान करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 2024 में 3,26,329 गाड़ियां बेचकर कैलेंडर वर्ष की अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 2024 में कैलेंडर वर्ष की अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ बिक्री दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसमें 3,26,329 इकाइयों की बिक्री की गई जो 2023 में बेची गई 2,33,346 गाड़ियों की तुलना में 40% की प्रभावशाली वृद्धि है। यह उपलब्धि बाजार की विविध जरूरतों की पूर्ति के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उपयुक्त वाहन देने के प्रति टीकेएम की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इससे बाजार में इसकी उपस्थिति बढ़ती है।

2024 की कुल बिक्री में 3,00,159 गाड़ियां घरेलू बिक्री से आईं, जबकि 26,232 गाड़ियां निर्यात से आईं, ये न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी मेक इन इंडिया के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दृढ़ता से दर्शाता है।

इसके अलावा, दिसंबर 2024 में, टीकेएम ने 29,529 गाड़ियां बेचीं, जो दिसंबर 2023 में बेची गई 22,867 गाड़ियों की तुलना में 29% की साल-दर-साल वृद्धि दर्शाती है। कंपनी ने घरेलू बाजार में 24,887 गाड़ियां बेचीं और 4642 इकाइयों का निर्यात किया।

सफलता के प्रमुख कारक -

2024 में एसयूवी और एमपीवी सेगमेंट महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में उभरे। इनमें इनोवा हाइक्रॉस,

अर्बन क्रूजर हाइराइडर और हाईलक्स प्रमुख भूमिका में रहे।

अर्बन क्रूजर टैसर और ऑल-न्यू कैमरी हाइब्रिड के नए लॉन्च के साथ-साथ इनोवा हाइक्रॉस, फॉर्च्यूनर

लीडर एडिशन, टोयोटा रूमियन और इनोवा क्रिस्टा में नए ग्रेड और सीमित संस्करणों की शुरूआत नए

ग्राहकों का स्वागत करने में सहायक रही है।

देश भर में डीलरशिप और सर्विस टचपॉइंट्स के लगातार बढ़ते नेटवर्क ने ग्राहकों के लिए पहुंच और सुविधा

सुनिश्चित की। वर्तमान में कंपनी के पास 1110 से अधिक टचपॉइंट्स हैं।

बैंगलोर, दिल्ली और गुवाहाटी में एक-एक आउटलेट के साथ नई टोयोटा यूज्ड कार आउटलेट - टीयूसीओ


जैसी अभिनव मूल्यवर्धित सेवाओं की श्रृंखला का उद्देश्य बढ़ते हुए यूज्ड कार बाजार की जरूरतों को पूरा करना है। टी केयर पहल का उद्देश्य प्रीसेल से लेकर आफ्टरसेल और रीपर्चेज तक की सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करना है। इसमें सभी को एक ब्रांड के तहत एकीकृत किया गया है जिसका उद्देश्य सुविधा और परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करना है, जिसने विकास की कहानी को और मजबूत किया है।

मजबूत प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय के वाइस प्रेसिडेंट, श्री सबरी मनोहर ने कहा, हमें 2024 को रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के साथ बंद करने पर बेहद गर्व है, जिसने साल-दर-साल 40त्न की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है। एसयूवी और एमपीवी सेगमेंट पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 20त्न की दर से बढ़े हैं। हम स्थिरता, निर्भरता के मूल्य प्रस्ताव, बढ़ी हुई सुरक्षा और बेहतर पुनर्विक्रय मूल्य प्रदान करने वाले वाहनों की ओर उपभोक्ता वरीयताओं में बढ़ते बदलाव को भी देख रहे हैं, जिससे हमारी बिक्री बढ़ रही है। यह मील का पत्थर ब्रांड टोयोटा के प्रति हमारे ग्राहकों के भरोसे और विश्वास,

हमारे डीलर भागीदारों की अटूट प्रतिबद्धता और हमारी टीम के सदस्यों के अथक प्रयासों को दर्शाता है।

जैसे-जैसे हम 2025 की ओर बढ़ रहे हैं, हम नवाचार को बढ़ावा देकर, ग्राहक संपर्क बिंदुओं का विस्तार करके और हरित गतिशीलता समाधान प्रदान करके भारत की ऑटोमोटिव विकास कहानी में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौजूदा प्रवृत्ति को देखते हुए, हमें विश्वास है कि हम अपनी बाजार स्थिति को और मजबूत करेंगे और इस प्रकार भारत के ऑटोमोबाइल विनिर्माण आधार को वैश्विक बनाने के साथ-साथ टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देने में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे।

# नए साल के पहले दिन मुंबई में लोगों ने खूब खरीदा सोना, 400 करोड़ रुपये से अधिक का हुआ



**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन सोने के भाव 1,854 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ने के बाद भी नए साल में मुंबई ने जमकर सोने की खरीदारी की है। नए साल के अवसर पर मुंबई में 400 करोड़ रुपये का सोने का कारोबार हुआ हुआ। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार नए साल का स्वागत सोने की खरीदारी से किया गया। 90 प्रतिशत खरीदारी शादी ब्याह के लिए हो रही है। पुराने गहनों को तोड़कर नए बनाने की मांग भी बढ़ी है।

नए साल के पहले दिन सोने के भाव 1,854 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ने के बाद भी नए साल में मुंबईकरों ने जमकर सोने की खरीदारी की है। नए साल के अवसर पर मुंबई में 400 करोड़ रुपये का सोने का कारोबार हुआ हुआ। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार नए साल का स्वागत सोने की खरीदारी से किया गया है। नए साल के पहले दिन 400 करोड़ रुपये का व्यापार बाजार में देखने को मिला है। बुधवार को सोने का भाव 78,880 रुपये प्रति 10 ग्राम रहे। उपभोक्ताओं पर सोने के भाव बढ़ने को कोई विशेषर असर देखने को नहीं मिला इसके विपरित बिक्री में वृद्धि देखने को मिली है। आनेवाले दिनों में सोने का भाव 1000 रुपये तक रोज बढ़ने का अनुमान एसोसिएशन लगा रहा है।

**शादी ब्याह को लेकर खरीदारी बढ़ी**

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार जैन बताते हैं कि सोने के भाव बढ़ने की संभावना दिसंबर से ही लगाई जा रही थी। दिसंबर में सोने का भाव 76,162 रुपये प्रति दस ग्राम थे, तीन प्रतिशत जीएसटी लगने के बाद यह दाम 77,010 रुपये प्रति दस ग्राम हो गए, जो एक जनवरी को बढ़कर 78,880 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। सोने के भाव बढ़ने से ज्वेलर्स को डर था कि बिक्री प्रभावित होगी, लेकिन इसके विपरीत खरीदारी बढ़ गई है। यह खरीदारी शादियों को लेकर की जा रही है। हमारेअनुमान के मुताबिक नए साल में मुंबई में लगभग 20 लाख शादियां होनी हैं।

**सोने के बार और पुराने गहनों को तोड़कर नया बनवाले की मांग अधिक**

जैन बताते हैं कि वे उपभोक्ता जो सोने में निवेश को लेकर खरीदारी कर रहे है उनमें सोने की बार मांग अधिक है। वर्तमान समय में 10 प्रतिशत बिक्री सोने के बार की है। शादियों के लिए लोग जडाऊ आभूषण की खरीदारी कर रहे हैं। 90 प्रतिशत खरीदारी शादी ब्याह के लिए हो रही है, जिसमें पुराने गहनों को तोड़कर नए बनाने की मांग बढ़ी है। हमारा अनुमान है कि केवल मुंबई में ही 20 लाख शादियां होनी है। इसलिए आनेवाले दिनों में बिक्री बढ़ने की संभावना है। उनका कहना है प्रतिदिन सोने की कीमतों 1000 रुपये 2000 रुपये बढ़ने की आशंका है, जिसकी वजह से सोने के दाम जनवरी में ही एक लाख रुपये तक पहुंचने की संभावना है।

**आगे भी खरीदारी बढ़ने की उम्मीद**

कोठारी ब्रदर्स के महावीर कोठारी बताते हैं कि सोने की कीमते घरेलू बाजार में बढ़ रही है। पिछले तीन दिनों में सोने की कीमतों 1,000 रुपये तक की मजबूती देखी गई है। आनेवाले दिनों में शादी ब्याह की वजह से सोने सहित चांदी की बिक्री 25 से प्रतिशत से अधिक बिक्री की उम्मीद है। बड़े बाजारों से ही नहीं छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में भी सोने की बिक्री देखने को मिलेगी। शादी ब्याह के अलावा इसकी दूसरी वजह सोने में निवेश भी है।

## कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण एफएमसीजी कंपनियों पर दबाव

**नई दिल्ली।** कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के मार्जिन पर दबाव बढ़ रहा है। इसका असर उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में सामने आ सकता है। गेंहू, खाद्य तेल और डेयरी उत्पादों के दाम बढ़ने के कारण नए साल में उपभोक्ताओं को बिस्कुट सहित कुछ अन्य चीजों पर अधिक खर्च करना पड़ सकता है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियां (एफएमसीजी) कच्चे माल की बढ़ती कीमतों की वजह से अपने मार्जिन पर दबाव देख रही है। इससे पहले भी पाम तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से कंपनियों ने साबून और पर्सनल केयर उत्पादों के दाम में वृद्धि की थी। वर्तमान समय में भी गेंहू, खाद्य तेल और डेयरी उत्पादों के दाम बढ़ने की वजह से कंपनियों पर दाम बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है। नए साल में उपभोक्ताओं को बिस्कुट सहित कुछ अन्य चीजों के अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। रिसर्च कंपनी कैंटर की एक रिपोर्ट के अनुसार शहरी क्षेत्र में खाद्य महंगाई दर 11.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो पिछले 15 महीने में सबसे अधिक है और इसका असर एफएमसीजी कंपनियों पर पड़ा है। साल 2025 की पहली छमाही में एफएमसीजी कंपनियों की वृद्धि धीमी रहने की संभावना है।

**खाद्य पदार्थों की कीमतों पर आगे भी दिख सकता है दबाव**

एक्सिस सिक्योरिटीज के विशेषज्ञ का कहना है कि भविष्य में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आने के कोई संकेत नहीं। जिसका सीधा असर कंपनियों के साथ उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा। रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों को अभी तक कम नहीं किया है जिसकी वजह से वस्तुओं की लागत और इनपुट लागत में बढ़ी हुई है। देखा जाए तो ब्याज दर में कमी करने के बाद इसका चक्र दो तिमाहियों या तीन तिमाहियों के बाद देखने को मिलता है। जिससे कीमतों में गिरावट होती है। हमें उम्मीद है कि कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली तिमाही में भारतीय रिजर्व बैंक व अन्य केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कम करना शुरू कर देंगे, जिसके बाद कैलेंडर वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में एफएमसीजी कंपनियां अच्छा प्रदर्शन करेंगी। टीमलीज की रिपोर्ट के अनुसार एफएमसीजी कंपनियां 2025 की दूसरी तिमाही में अच्छा प्रदर्शन करेंगी।

**ग्रामीण क्षेत्र में सुधार से वित्त वर्ष 2026 की वृद्धि को समर्थन मिलेगा**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अध्यक्ष धीरज रैली बताते हैं शहरी मांग में मंदी और निजी पूंजीगत खर्च में सुधार कम होने के कारण इसमें गिरावट हो सकती है, जबकि ग्रामीण मांग में वृद्धि होगी, क्योंकि सरकार द्वारा इन क्षेत्रों के लिए कई तरह की सरकारी योजनाओं चलाई जा रही हैं और आगामी बजट में सरकार ग्रामीण इलाकों की ओर ध्यान देगी, जिसकी वजह से यहा से मांग बढ़ेगी। इसका सीधा फायदा एफएमसजी कंपनियों को होगा। एक्सिस सिक्योरिटीज के विश्लेषक प्रियम टोलिया कहते हैं, हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2025 में एफएमसीजी मांग में सुधार की संभावना कम है।

# डीएम ने रैन बसेरा, जिला अस्पताल व रेलवे स्टेशनों का लिया जायजा

## कोई भी निराश्रित व्यक्ति बाहर न रहे, रैन बसेरों में सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध हो

अवधनामा ब्यूरो



पडरौना स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने रात्रि में ठंड के दृष्टिगत रैन बसेरा, जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंतजामों और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पडरौना स्थित जलकल भवन, रेलवे स्टेशन पर आगंतुकों का हाल जाना।

उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति बाहर न रहे। उन्होंने रैन बसेरा में आवश्यकतानुसार बिस्तर और कंबल की संख्या सुनिश्चित करने व अलाव आदि की व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया। कहा कि जो भी यात्री आ रहे हैं, उनका विवरण रखते हुए सत्यापन अवश्य करें। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों के लिए किए गए इंतजामों को देखा और आवश्यक निर्देश दिए इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कंबल वितरण भी किया गया। जिलाधिकारी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पर्याप्त साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था और अस्पताल परिसर में शौचालय सहित सभी वार्डों में बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के संदर्भ में सख्त निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने ठंड के दृष्टिगत मरीजों के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक निर्देश देते हुए जिला अस्पताल में मरीजों के लिए बढ़ते ठंड के दृष्टिगत आवश्यक इंतजाम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी खुले में न सोए और नजदीकी रैन बसेरा में जाए। वहां ठंड के दृष्टिगत जिला प्रशासन को ओर से सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं और आवश्यकता होने पर व्यवस्थाओं में वृद्धि का निर्देश भी संबंधित को दिया गया है। निरीक्षण के दौरान संबंधित गण उपस्थित रहे।

# रामकोला में प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं की लगाई गई प्रदर्शनी

अवधनामा ब्यूरो



प्रदर्शनी का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के दृष्टिगत ब्लॉक रामकोला में गुरुवार को सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह, खंड विकास अधिकारी विजय सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया।

प्रदर्शनी में केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्र के माध्यम से प्रदर्शनी को लोगों ने देखा। खंड विकास कार्यालय रामकोला के प्रांगण में सरकार के विभिन्न योजनाओं का से संबंधित पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रदर्शनी का उद्देश्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचना है। प्रदर्शनी के मुख्य गेट पर ही काशी और मथुरा की लोक संस्कृति तथा विकास को दर्शाता सुंदर तस्वीर लगाई गई थी, इसके अलावा कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भरता ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण, महाकुंभ दीपोत्सव, किसानों के गन्ने का मूल्य भुगतान, 18 मंडलों में आवासीय विद्यालय का निर्माण, स्वरोजगार से स्वालंबन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, घरों में बिजली कनेक्शन, गन्ना, चीनी, आलू ,दूध एवं आंवला उत्पादन में अग्रणी, आधुनिक एवं अलौकिक श्री राम नगरी अयोध्या, पात्र लोगों को राशन उपलब्ध कराना आदि योजनाओं का आंकड़ा सहित पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई थी। ब्लॉक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विकासखंड के 41 गांवो के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत तथा जनता तक सरकार द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणार्थ योजनाओं के बारे में जानकारी देनी है, उन तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करनी है। प्रदर्शनी के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आवास, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, गरीब परिवार की महिलाओं को गैस कनेक्शन सहित कई जनकल्याणकारी कार्यों योजनाओं से आमजन को बताया गया।

# शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रानिक की दुकान में लगी आग



शॉर्ट सर्किट से लगी इलेक्ट्रानिक की दुकान में आग

अवधनामा ब्यूरो

**तुर्कपट्टी के कालेज रोड पर स्थित है दुकान, आग लगने से मची अफरा तफरी**

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में एक इलेक्ट्रानिक की दुकान में शॉर्ट सर्किट से भूषण आग लग गई। आग की लपटे देख अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। देखते ही देखे दुकान में रखा लाखों रुपए का उपकरण जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

पीड़ित दुकानदार वीरेन कुशवाहा पुत्र रामानंद कुशवाहा निवासी नौतन हरदो थाना तुर्कपट्टी का निवासी है। थाने में तहरीर देकर जिक्र किया है कि कालेज रोड पर मेरा 20 वर्षो से इलेक्ट्रानिन का दुकान है। रोज की भांति गुरुवार की शाम दुकान बांधकर घर चला गया। थोड़े देर बाद फोन आया कि मेरे दुकान में आग लग गई है। मौके से गया तो देखा कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। इसकी सूचना 112 पुलिस को दिया तथा वहां मौजूद लोगों की मदद से आग पर काबू लाया गया तबतक लाखों रुपए का उपकरण जलकर खाक हो गया। जब तक आग पर काबू पाते तब तक दुकान में रखा दर्जनों टीवी, डीटीएच साउंड, वायर, प्रेस, इनवर्टर सहित तमाम इलेक्ट्रिक से संबंधित उपकरण जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि इस आग लगी में मेरा लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया है।

# देखभाल के अभाव में सुख रहा पाम और चंपा का पौधा

## नपं मथौली के तरफ से लाखों रुपए खर्च कर लगाया गया है पौधा

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** करीब पांच माह पूर्व नगर पंचायत से लगाया गया लाखों रुपए से पाम व चंपा का पौधा देखभाल के अभाव में सुख रहा है, लेकिन जिम्मेदारों पर इसकी नजर नहीं पड़ रही है। बता दें कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पांच माह पूर्व नगर के विभिन्न वार्डों, मुख्य जगहों व चौराहों पर करीब ग्यारह सौ फास्टेल पाम और एल्बा चंपा का पौधा लगाया गया, लेकिन देखभाल के अभाव में आज सुख रहा है। हाटाङ्ककप्तानगंज मार्ग पर मथौली से घिवहीं तक नगर सीमा के दोनों तरफ पौधा लगाया गया है। आज हालत यह है कि उक्त पौधे का देखभाल न होने के कारण ऊपरी हिस्सा सुख गया है। कई जगह टूटकर जमीन पर गिर पड़ा है। कई जगह तो आधे हिस्से से टूटकर लटक गया है। लेकिन नगर के जिम्मेदारों को प्रतिदिन आते जाते पौधे दिखाई देते है। जानकारों की माने तो चंपा के पौधे को हफ्ते में दो बार पानी देना चाहिए। मिट्टी की ऊपरी परत सूख जाने पर भी इसे पानी देना चाहिए। चंपा के पौधे को हर 2-3 महीने में खाद की आवश्यकता है लेकिन नगर के जिम्मेदार इसपर ध्यान नहीं दे रहे है। जहां जहां पौधा लगाया गया है वहां अतिक्रमण फैला हुआ है। हां इतना जरूर हुआ है कि उक्त पौधे के नाम पर लाखों रूपये नगर पंचायत से खारिज कर लिया गया है। कुल मिलाकर नवसृजित नगर पंचायत में खरीददारी से लेकर निर्माण कार्य तक खूब लूट मची हुई है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी से सर्वेश कुमार श्रीवास्तव से वार्ता करने की कोशिश की गई उनका फोन बजता रहा लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इस तरह से उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।

# जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनेगा बसपा सुप्रीमो का जन्म दिन

**गौरीगंज (अमेठी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्म दिन 15 जनवरी को जन कल्याण कारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पार्टी के लोगों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। गुरुवार को विधानसभा कमेटियों के पदाधिकारियों की बैठक में सांगठनिक कार्ययोजना पर चर्चा हुई। बैठक में मंडल प्रभारी सर्वेंद्र अम्बेडकर और मंडल प्रभारी छोटे लाल मौर्य ने पार्टी नेतृत्व की ओर से दिए गए दिशा-निर्देश साझा किए। सर्वेन्द्र अम्बेडकर ने कहा बहुजन समाज पार्टी ही देश की एक मात्र पार्टी है जो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति और भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना को संघर्षरत है। बसपा का संगठन कार्यकर्ताओं के खून पसीने की कमाई से चलता है। चार बार के अपने मुख्य मंत्रित्व काल में कभी भी धन्नासेठों और पूंजीपतियों को महत्व नहीं दिया और सर्वसमाज के हितों को सुरक्षित रखते हुए सरकार चलाई। मंडल प्रभारी छोटे लाल मौर्य ने कहा सत्ता पक्ष हो या विपक्ष दोनों पूंजीपतियों के इशारे पर झूठी राजनीति कर रहे हैं।

# नववर्ष पर महिला से हुई चैन स्नेचिंग का पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार



अवधनामा ब्यूरो

**महिलाओं के पास से एक मंगलसूत्र का लाकेट, तीन कटा पीली धातु का चैन बरामद की**

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र में नव वर्ष के अवसर पर एक महिला के साथ हुई चैन स्नेचिंग के मामले में गुरुवार को खुलासा करते हुए गैंग की तीन महिलाओं को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। पुलिस इन महिलाओं के पास एक मंगलसूत्र, तीन पीली धातु का चैन सहित नगदी बरामद किया।

रामकोला थाने में एक महिला ने तहरीर देकर जिक्र किया था कि नववर्ष के मौके पर अनुसुईया मन्दिर रामकोला पर दर्शन हेतु आई हुई थी जहां किसी के द्वारा गले का चेन चुरा लिया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस मुकदमा दर्ज कर शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित कर पड़ताल में जुट गई। गुरुवार को रामकोला पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरा आदि के मदद से घटना का अनावरण करते हुए घटना में सम्मिलित तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के एक मंगलसूत्र का लाकेट, चोरी के तीन कटा पीली धातु का चैन व 1800 नगदी बरामद किया। महिला अभियुक्ताओं द्वारा पूछताछ में बताया गया कि ये लोग भीड़ व मेले में जाकर मौका देखकर महिलाओं के गले से चैन चुरा लेती हैं और उसे बेचकर धन अर्जित करती हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक आनन्द कुमार गुप्ता थाना रामकोला, उ.नि. दिनेश यादव, करिश्मा यादव, सीता, शिव बदन यादव व चन्दन कुमार शामिल रहे।

# पटना साहिब ट्रेन यात्रियों को बांटे गए लंगर



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कड़ाके की सर्दी के बीच नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले से सेवादारों ने लंगर तैयार करके बुधवार को पटना साहिब रेल यात्रियों को स्टेशन पहुंचकर लंगर वितरित किए। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से बाबा मनोहर सिंह की अगुवाई में 52 दिवसीय लंगर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ 20 दिसंबर से हुआ है जो अनवरत चल रहा है। बुधवार को भी सर्द मौसम में सेवादारों ने श्रद्धापूर्वक लंगर तैयार किया और पंजाब मेल ट्रेन पर पटना साहिब यात्रियों के लिए वितरण करने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां लंगर और चाय का श्रद्धालुओं ने विधिवत वितरण किया। इस मौके पर सरदार हरबंस सिंह सुनील त्रिपाठी अरुण रोहित गुरविंदर सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी ने गृहमंत्री से की मुलाकात



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिले के सलेमपुर के विधायक व प्रदेश सरकार में ग्राम्य विकास व ग्रामीण अभियंत्रण राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने नव वर्ष के मौके पर बुधवार को नई दिल्ली जाकर देश के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की बधाई दी। इस दौरान उनका पुत्र अभिषेक भी मौजूद थे। राज्यमंत्री ने बताया कि गृहमंत्री ने विकास कार्यों में भरपूर सहयोग का भरोसा दिलाया। राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार विकास का इतिहास रच रही है। नव वर्ष में विकास की गाड़ी अत्यधिक तेजी से आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के फार्मूले पर चलकर बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है।

# पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में देवरिया पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में नव वर्ष के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून बनाए रखने हेतु तथा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दीपेन्द्रनाथ चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत सभी थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक की चेकिंग की गयी। उक्त बैंक चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा बैंक की सुरक्षा करना, जनपद में किसी प्रकार की लूट/छिनैती की घटना न हो, किसी भी व्यक्ति के साथ ए.टी.एम में किसी प्रकार की धोखा धड़ी की घटना न हो, पेट्रोल पंप पर किसी प्रकार की घटना न हो, बैंक के आस पास दिख रहे संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी जिससे मोटर साइकिल/वाहन चोरी की घटनाएं न हो।

# सीएमओ ने जनता को समर्पित की राजेश अग्रहरि की तीसरी एम्बुलेंस



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राघव राम सेवा संस्थान के अध्यक्ष, प्रसिद्ध उद्योगपति और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने अपना 54वां जन्म दिन पीड़ितों की सेवा और धर्मार्थ कार्यों के साथ मनाया। जन्म दिन पर राजेश अग्रहरि ने अपने परिवार के साथ मरीजों की सेवा के लिए तीसरी एम्बुलेंस जनता को समर्पित की। एक दर्जन गरीबों, पीड़ितों और जरूरत मंदों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता और राशन किट भी प्रदान की। एक टन मसाला कुम्भ मेले में महात्माओं की भोजन व्यवस्था के लिए भेजा है। राजेश अग्रहरि परिवार की उपस्थिति में सी एम ओ डा अंशुमान सिंह ने एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पिछले सप्ताह सराय खेमा में बोलोरो एक्सीडेंट से दो लोगों की मृत्यु हो गई थी और एक लोग गंभीर रूप से घायल थे। जिनका इलाज ट्रामा सेंटर में लखनऊ में चल रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने मृतक अरविंद कुमार उर्फ भालू सवनगी और छोटे लाल सवनगी सरैया के परिजनों को दस -दस हजार रुपए और राशन किट, तथा गंभीर रूप से घायल मनोज कुमार को इलाज के लिए 25000, प्रदान किया गया। रानीपुर संग्रामपुर के कड़ेदीन चौहान को प्रोस्टेट के इलाज के लिए 34000 की आर्थिक मदद दी गई। 2025 महा कुंभ मेले में कुंभ में आए हुए दर्शनार्थियों को भोजन के लिए एक गाड़ी मसाला भी भेजा गया। सात अन्य लोगों को राशन किट दिया गया है । सूर्यनारायण कश्यप, मोहन मौर्य शिवनंदन मिश्रा,राणा प्रताप सिंह, साबिर अली, अनिरुद्ध गुप्ता, ग्राम ग्राम सभा थोरी, उस्मान कबड्डी अमेठी को राशन किट दिया गया। एम्बुलेंस के लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन चंद्रमा देवी, हिमांशु अग्रहरि,विशाल अग्रहरि, डॉ अजय अग्रहरि, जिला पंचायत के ई ओ नरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया, वीरेंद्र यादव, उदयराज यादव आदि मौजूद रहे।

# एक रात में हुई दो बड़ी चोरियां

## लाखों रुपए की ज्वैलरी व नकदी उठा ले गए चोर



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत पुन्नपुर गांव के पास स्थित ज्वैलरी और किराने की दुकान में घुसे नकाबपोश चोर लाखों रुपए की ज्वैलरी और नगदी उठा ले गए। चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर दी गई है। बुधवार की रात पुन्नपुर नहर के पास एक नकाबपोश चोर महुए के पेड़ के सहारे छत पर चढ़कर ज्वैलरी व्यवसाई पन्नालाल बरनवाल के दुकान में घुसकर बैग में रखे लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर और करीब 75 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। इसके साथ ही बगल के किराना दुकान कैश काउंटर में रखे हजारों रुपए नगद चोर उठा ले गया। चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसमें बेखौफ नकाबपोश चोर घटना को अंजाम देने के बाद दबे पांव छत के रास्ते फरार हो गया।सुबह घटना की जानकारी होने पर व्यवसाई के होश उड़ गए। तुरंत घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस के अलावा संग्रामपुर पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने सूचना के बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज और घटना स्थल पर बारीकी से जांच पड़ताल की और मौके से चोर द्वारा घटना में प्रयुक्त पेचकश को बरामद कर शीघ्र घटना का खुलासा करने की बात कही है।

# नए साल के जश्न में पी गये दो करोड़ की मदिरा

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** नए साल के जश्न में कुशीनगर के लोग दो करोड़ रुपए का शराब पी गए। बताया जा रहा है कि साल के आखिरी दिन रोज की तुलना में दोगुनी शराब की बिक्री हुई है। आम तौर पर शराब की जो खपत शहर में होती है, उससे कहीं ज्यादा स्पिरिट (शराब) 31 दिसम्बर को बिकी। इस दौरान अधिकृत बियर बारों और वाईन शॉप्स के साथ ही अकास्मिक लायसेंस पर लगभग एक लाख पेटी शराब बिकी। यह आंकड़ा केवल विदेशी मदिरा का है। देशी मदिरा की कितनी बिक्री हुई है इसका आंकलन गुरुवार तक आबकारी विभाग भी नहीं लगा पाया था। विभागीय जानकारों के अनुसार, एक लाख पेटी की बिक्री यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में लगभग नौ लाख लीटर स्पिरिट की खपत हुई है। नए साल पर इतनी बड़ी मात्रा में शराब बिक्री का शायद यह पहला ही मौका है। इस बीच एक दिन में जिस हिसाब से शराब की बिकी है, उससे करीब दो करोड़ रुपए से ज्यादा के व्यापार होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, बिक्री का यह आकंड़ा अभी स्पष्ट नहीं है। फिर भी आबकारी विभाग के सूत्रों की माने तो अब तक एक दिन में हुई बिक्री का यह एक प्रकार से रिकॉर्ड है। बताया जाता है कि आम दिनों में शहर में पचास हजार से भी कम पेटी शराब की खपत हो पाती है। नए साल पर शराब तो खूब बिकी लेकिन ड्रिंक के मामले नाम मात्र के ही दर्ज हो पाए हैं। जानकार कहते हैं कि जब इतनी बड़ी मात्रा में शराब खपत है तो यह जाहिर सी बात है कि अधिकांश लोगों ने इसका सेवन होटल, बार, रेस्टोरेंट में ही किया होगा। यह भी समझा जा सकता है कि शराब का सेवन कर ज्यादातर लोग अपने वाहन स्वयं चलाकर गए होंगे। फिर भी ड्रिंक एण्ड ड्राइव के मामले कायम नहीं हो सके, जो अपने आप में आश्चर्यजनक है। जबकि पुलिस ने नए वर्ष के जश्न के मद्देनजर शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर कड़ी चैकिंग लगाई थी। जानकारों की माने तो पर्याप्त मात्रा में ब्रिथ एनलाईजर न होने के कारण पुलिस मामले दर्ज नहीं कर सकी। कार्रवाई के डर से अवैध बिक्री नहीं हो सकी। इस वर्ष आबकारी विभाग ने नए वर्ष के पूर्व ही अवैध शराब के व्यापार पर शिंकजा कसना शुरु कर दिया था। जानकारों की माने तो यही वजह रही कि इस वर्ष हर साल की तरह अवैध बिक्री पर बहुत हद तक अंकुश लगाया जा सका। उधर सूत्रों का कहना है कि अवैध तरीके से शराब की बिक्री तो हुई है, लेकिन फिलहाल इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता कि कितनी मात्रा में स्पिरिट बिकी ही।

# अवैध बालू खनन में लगी नाव को खनन विभाग ने तोड़वाया



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** ठंड का मौसम शुरू होते ही खनन माफिया सक्रिय हो गए है। रातभर छोटी गंडक नदी इनके कब्जे में रह रही है। गुरुवार को अवैध खनन की सूचना पर खनन अधिकारी अभिषेक सिंह हाटा कोतवाली पुलिस के साथ देवरार पिपरा घाट पहुंचे जहां भनक लगते ही खनन माफिया भाग निकले। वहीं अवैध खनन में लगी नाव को टीम ने जेसीबी मशीन से तोड़वा दिया। इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि छोटी गंडक नदी हाटा, कप्तानगंज व कसया तहसील क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसके इर्द गिर्द दर्जनों से ज्यादा घाट है जहां से क्षेत्र के तमाम बालू माफिया अवैध खनन में लगे रहते है। पिछले दिनों खनन विभाग के लगातार छापेमारी से ये गोरख धंधा कुछ हद तक रुका लेकिन जैसे ही ठंड का मौसम शुरू हुआ अवैध खनन जोर पकड़ने लगा। रात भर गंडक नदी खनन माफियाओं के कब्जे में रह रही है। गुरुवार को हाटा तहसील क्षेत्र के देवरार पिपरा घाट पर अवैध खनन की शिकायत पर पहुंची खनन विभाग की टीम को देखकर माफिया भाग निकले। मौके से खनन में लगी नाव को जेसीबी मशीन से तोड़वा दिया गया। इस कार्रवाई से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में खनन अधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा कि किसी भी सूरत में अवैध खनन होने नहीं दिया जाएगा। अगर खनन के दौरान कोई भी व्यक्ति पकड़ा जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**हाटा तहसील क्षेत्र के देवरार पिपरा घाट का मामला**

# निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन अब 07 जनवरी 2025 को

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों और सर्विस मतदाताओं से संबंधित निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन, जो पूर्व में 06 जनवरी 2025 निर्धारित था, अब संशोधित कर 07 जनवरी 2025 को किया जाएगा।

# पुलिस अधीक्षक देवरिया ने थाना महुआडीह का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर द्वारा थाना महुआडीह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना भवन, परिसर में बने मेस तथा बैरकों का औचक निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही थाना मालखाना व थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टरों की गहनता से अवलोकन कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। थाना कार्यालय के सभी रजिस्टरों का अवलोकन किया गया, जिसके क्रम में भूमि विवाद सम्बन्धित सभी मामलों को भूमि विवाद रजिस्टर में अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया व राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण कराने व विवादित सभी प्रकरणों में निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया। इसी क्रम में फ्लायी सीट रजिस्टर को चेक किया जिसमें थानें के सभी हिस्ट्रीशीटरों की प्रभावी निगरानी करने हेतु निर्देश दिया गया तथा समाधान रजिस्टर की चेकिंग की गयी जिसमें सम्बन्धित मामलों को समय से निस्तारण करने व फीडबैक लेने हेतु निर्देश दिये गए। महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर का निरीक्षण किया गया जिसके क्रम में बताया गया कि महिला सम्बन्धी अपराधों को महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर पर जरूर अंकित करें तथा सभी मामलों का निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कंप्यूटर/सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण करते हुए सीसीटीएनएस कर्मचारियों से CCTNS के सभी फार्मो की फीडिंग के बारे में पूछताछ की गयी तथा संबन्धित कर्मियों को समय से फीडिंग करने हेत निर्देश दिए गए तथा IGRS से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करवा कर जांच आख्या समय से अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे एक भी प्रार्थना पत्र डिफाल्टर न हो सके तथा प्रदेश में जनपद देवरिया का रैंक अच्छा हो सके थाना परिसर के निरक्षण के क्रम में बैरक का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न कर करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर राजस्व वसूली तथा प्रवर्तन कार्य की समीक्षा के लिए आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि कर-करेत्तर राजस्व वसूली से सम्बन्धित विभागों के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक कर मानक के अनुसार वसूली सुनिश्चित करायें। वसूली प्रमाण-पत्र के वापसी की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि किन्हीं कारणों से तहसीलों द्वारा वापस की गयी आर.सी. को सम्बन्धित पोर्टल से भी डिलीट कर डाटा को अनिवार्य रूप अद्यतन कर दिया जाय।

बैठक में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की मदवार समीक्षा में पाया गया कि माह नवम्बर 2024 के लिए भू-राजस्व मद के लिए निर्धारित लक्ष्य 12.50 लाख के सापेक्ष रू. 4.67 लाख की वसूली की गयी है जो कि लक्ष्य का 37.36 प्रतिशत है। वाणिज्य कर के लिए निर्धारित लक्ष्य रू. 1816.03 लाख के सापेक्ष 1380.99 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 76.04 प्रतिशत, स्टाम्प तथा निबन्धन मद में लक्ष्य रू. 1937.00 लाख के सापेक्ष 1437.74 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 74.23 प्रतिशत, आबकारी मद में लक्ष्य रू. 4552.00 लाख के सापेक्ष 3829.86 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 84.14 प्रतिशत, बैंक देय मद में लक्ष्य रू. 135.89 लाख के सापेक्ष 272.69 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 200.67 प्रतिशत तथा विद्युत मद में लक्ष्य रू. 3500.00 लाख के सापेक्ष 3130.00 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 89.43 प्रतिशत है।

इसी प्रकार परिवहन मद में लक्ष्य रू. 695.08 लाख के सापेक्ष 795.07 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 114.39 प्रतिशत, वानिकी मद में लक्ष्य रू. 165.00 लाख के सापेक्ष 56.73 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 34.38 प्रतिशत, अलौह खनन मद में लक्ष्य रू. 200.00 लाख के सापेक्ष 181.97 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 90.99 प्रतिशत, मण्डी समिति मद में लक्ष्य रू. 227.48 लाख के सापेक्ष 233.30 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 102.56 प्रतिशत, स्थानीय निकाय मद में लक्ष्य रू. 55.61 लाख के सापेक्ष 63.50 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 114.19 प्रतिशत तथा बांट माप में मद में लक्ष्य रू. 7.20 लाख के सापेक्ष 7.43 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 103.19 तथा सिंचाई विभाग अन्तर्गत मासिक लक्ष्य रू. 452.70 लाख के सापेक्ष 1840.20 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 406.49 प्रतिशत है। इस प्रकार कुल 17 मदों में मासिक लक्ष्य रू. 13757.93 लाख के सापेक्ष 13236.19 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 96.21 प्रतिशत है।

इस सम्बन्ध में डीएम मोनिका रानी ने कर करेत्तर से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी स्तर पर प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि किसी भी विभाग की राजस्व वसूली लक्ष्य से कम नहीं होनी चाहिए। डीएम ने ऐसे विभाग जो अभी लक्ष्य से काफी पीछे हैं उन्हें निर्देश दिया कि वसूली बढ़ाये जाने के लिए सप्ताहवार लक्ष्य निर्धारित कर वसूली के अभियान संचालित कर मानक के अनुरूप वसूली सुनिश्चित करें। डीएम ने तहसीलों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से अमीनवार व मदवार वसूली की समीक्षा करते रहें। एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि ग्रामों के भ्रमण के दौरान सम्बन्धित ग्राम बड़े बकायेदारों से राजस्व की भी समीक्षा भी करें। डीएम ने कर-करेत्तर से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को बताया कि आर.सी. मिलान के लिए रोस्टर निर्धारित कर दिया गया है सभी विभाग विशेषकर सभी बैंक आर.सी. का मिलान अवश्य करा लें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीडीओ राज कुमार, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सम्बन्धित एसडीएम, सरयू नहर खण्ड के नोडल अधि.अभि. दिनेश कुमार, जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह सहित कर-करेत्तर से सम्बन्धित विभागीय अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध शराब के एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वाछिंत 1 अभियुक्त को अवैध अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर मु.अ.सं.- 01/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना रसूलपुर में वाछिंत अभियुक्त सलमान पुत्र शकील उर्फ होजी बोना निवासी कबूतर वाली गुदडी झम्मैया टोला थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को अवैध अंग्रेजी शराब 25 पव्वे (रॉलय स्टैग) सहित वकीलपुरा मण्डी के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर मु.अ.सं. 05/2025 धारा 60/63 आब0 अधि0 पजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सलमान उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## उ.प्र. ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का संशोधित कार्यक्रम निर्धारित

**अवधनामा संवाददाता**

- विकास खण्डों में सम्पन्न होगी दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय

**बहराइच।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधान के कारण 01 सप्ताह के राष्ट्रीय शोक के उपरान्त ग्रामीण खेल लीग अन्तर्गत 03 से 07 जनवरी 2025 तक एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, बैडमिंटन, कबड्डी, वालीबाल, फुटबाल विधाओं में ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 दिसम्बर से 01 जनवरी 2025 तक ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होनी थी परन्तु पूर्व प्रधानमंत्री के निधन के कारण आयोजन को स्थगित कर दिया गया था।

डी.ओ. पी.आर.डी. ने बताया कि 02 व 03 जनवरी को ब्लाक पयागपुर अन्तर्गत बी.आर.सी. खेल मैदान पुरानी तहसील पयागपुर, 03 व 04 को ब्लाक अन्तर्गत सहादज इण्टर कालेज नानपारा, हुजूरपुर के ग्रामीण स्टेडियम हुजूरपुर व मिहींपुरवा के ग्रामीण स्टेडियम सेमरहना, 04 व 05 को कैसरगंज के परमहंस डिग्री कालेज, महसी के स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज, शिवपुर के राम प्यारे शिव शंकर इण्टर कालेज शिवपुर व विशेश्वरगंज के जय भारती लघु माध्यसमिक इण्टर कालेज विशेश्वरगंज 05 व 06 को चित्तौरा के मानस इण्टर कालेज तथा 06 व 07 जनवरी को जरवल के एकलव्य महाविद्यालय जरवल रोड, नवाबगंज के जू.हा.स्कूल नवाबगंज, फखरपुर के बालार्क महाविद्यालय फखरपुर, रिसिया के बृज नरेश इण्टर कालेज रिसिया, तेजवापुर के ग्रामीण स्टेडियम मरौचा में ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## फिरोजाबाद महोत्सव प्रतियोगिता 10 जनवरी को

**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद में आयोजित होने वाले फिरोजाबाद महोत्सव-2025 के लिए इस वर्ष फिरोजाबाद छात्र-छात्राओं द्वारा महोत्सव हेतु प्रतियोगिता के माध्यम से आकर्षक लोगो एवं थीम डिजाइन किए जाने का निर्णय लिया गया है। लोगो एवं थीम डिजाइन हेतु प्रतियोगिता 10 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी एवं निर्णायक मण्डल द्वारा सर्वश्रेष्ठ चयनित लोगो व थीम डिजाइन को फिरोजाबाद महोत्सव के आयोजन में प्रयोग किया जाएगा। चयनित सर्वश्रेष्ठ लोगो व थीम डिजाइन के विजेता को फिरोजाबाद महोत्सव के मुख्य मंच से सम्मानित भी किया जाएगा। इस सम्बन्ध में प्रतियोगियों द्वारा 8 जनवरी 2025 तक कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी, कलेक्ट्रट डबरई, फिरोजाबाद में अपरान्ह 4:00 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

## जरूरतमंद और दिव्यांगजनों की मदद करनी चाहिए: डॉ. गीता

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** नव वर्ष के अवसर पर कोमल फाउंडेशन द्वारा जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद के सहयोग से कम्बल वितरण कार्यक्रम नगला बरी चौराहा झगडेश्वर बगीची पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को जेएस विश्वविद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डॉण् गीता यादव एवं जिला कारागार फिरोजाबाद की उप जेलर क्षमा शर्मा और राज्य युवा पुरस्कार विजेता व कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया द्वारा कम्बल वितरण किये गये। कम्बल पाकर सभी जरूरतमंद दिव्यांगजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद की वाइस चेयरपर्सन ने कहा कि ठिठुरन भरी सर्दी के इस मौसम में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कम्बल वितरण करना एक सच्ची मानव सेवा है। हमें हमेशा जरूरतमंद और दिव्यांगजनों की मदद करनी चाहिए। जिला कारागार की उप जेलर क्षमा शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों व जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस ठिठुरन भरी सर्दी से बचाव के लिए कोमल फाउंडेशन और जेएस विश्वविद्यालय ने जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कम्बल वितरण कर बहुत ही पुनीत कार्य किया है। राज्य युवा पुरस्कार विजेता व कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने कहा कि कोमल फाउंडेशन विगत कई वर्षों से सर्दी से बचाव हेतु दिव्यागजनों और जरूरतमंद लोगों को निरंतर कम्बल वितरण करती आ रही है और आगे भी यह सेवा जारी रहेगी। कंबल वितरण कार्यक्रम में चिश्ती ट्रांसपोर्ट के समाजसेवी जीशान हुसैन, ताजसेवा समिति के अध्यक्ष सलीम भाई, श्रीनारायण दिव्यांग सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप प्रजापति, चिराग सोसाइटी के अध्यक्ष जफर आलम, मुख्तार आलम, कोमल फाउंडेशन के अनिल कुमार,अजय कुमार, वॉलियंटर लाखन सिंह, अंजली राठौर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बुलट से तेज आवाज निकालने पर दो शांति भंग में निरुद्ध

**शिकोहाबाद।** नारायण तिराहा पर बुधवार रात लगभग नौ बजे बुलट मोटरसाईकिल को युवक तेज रफ्तार से चलाते हुए तेज पटाखा छोड़ने जैसी आवाज निकाल रहे थे। कई बार इस तरह की आवाज निकाल कर लोगों को डराने वाले युवकों का बैजल मिष्ठान भंडार के स्वामी ने विरोध किया तो युवकों में मारपीट हो गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बुलट मोटर साइकिल को कब्जे में लेकर सीज कर दिया, जबकि दोनों युवकों को शांति भंग में निरुद्ध कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि एक बुलट मोटर साइकिल पर सवार दो युवक बुलट को तेज रफ्तार पर चलाते हुए तेज पटाखा छोड़ने वाली आवाज निकाल रहे थे। आरोप है कि युवकों ने कई चक्कर लगाए, जिससे तिराहे पर मौजूद दुकानदार और ग्राहकों में काफी डर बढ़ गया। जब दुकान स्वामी ने इसका विरोध किया तो दोनों युवक झगड़ा करने पर उतारू हो गए। गाली गलौज करने से वहां भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों को हिरासत में ले लिया और बुलट को सीज कर दिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे अजीत कुमार निवासी आदर्श नगर पुलिस चौकी के सामने थाना शिकोहाबाद और संदीप निवासी रहचटी को शांति भंग में निरुद्ध किया है।

## मानव सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं: डीएम



- जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा करने से मन को मिलती है संतुष्टि
- उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के लेखपालों के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाएं कम्बल, सार्वजनिक स्थानों पर नियमित रूप से जलें अलाव: जिलाधिकारी अंजनी कुमार

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में गरीब, निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के 210 व्यक्तियों को कम्बल वितरण करते हुये कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं हैं, असहाय, जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा करने से मन को संतुष्टि मिलती है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने कड़ाके की सर्दी की ठिठुरन से बचाने के लिए गरीबों को कंबल उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में धनराशि अवमुक्त की है, प्राप्त धनराशि से प्रत्येक तहसील के पात्र गरीबों को कंबल वितरित किये जा रहे हैं साथ ही समाज के संभ्रान्त व्यक्तियों, समाज सेवियों के माध्यम से भी जरूरतमंदों को कम्बल उपलब्ध कराये जा रहे हैं ताकि उन्हें कड़ाके सर्दी मे किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि गरीब व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु जन सहयोग, समाज सेवियों से कम्बल, स्वेटर आदि का वितरण करायें ताकि कोई भी जरूरतमंद सर्दी से परेशान न रहे, अधिकारी आमजन की सुविधा को ध्यान में रख कार्य करें, समाज में प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान से जीने का हक है, जरूरतमंद तक शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य करें, कोई भी पात्र व्यक्ति संचालित योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी ने संजीव कुमार, बालेश्वर, नीरा देवी, साधना, गुड्डी, नीतू, महादेवी, निर्मला देवी, बेवी, राधा देवी, सीमा, लाखन सिंह, यदुनाथ सिंह, उपासना देवी, सुशीला देवी, मनोज कुमार, मनोज मिश्रा, राकेश, इमरान, लालसिंह, मेघनाथ, रामौतार, प्रभुदयाल, गुलशन, जमील, राम जानकी, सरला, दिनेश, सरोज, प्रीतम, लक्ष्मी देवी, मोहन लाल, राज किशोर, राजेश्वर, लालू, प्रांशू आदि को अपने कर कमलों से कम्बल उपलब्ध कराये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, डिप्टी कलेक्टर ध्रुव शुक्ला, काली चरन, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## तमंचा बनाने वाले तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार



**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस में तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह गैंग तमंचा बनाकर लोगों को जगह-जगह सप्लाई करने का काम करता है थाना नगला सिंघी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी के तमंचा बनाकर लोगों को सप्लाई करने वाले गैंग के कुछ सदस्य एक स्थान पर खड़े हैं सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो उसको देखकर बदमाश भागने लगे। जिसमें से तीन बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया तीनों को जब थाने लाया गया तो उन्होंने स्वीकार किया कि वे तमंचा बनाकर लोगों को सप्लाई करने का काम भी करते हैं तीनों ने अपना नाम पप्पू उर्फ मोहन पुत्र श्यामलाल वीरभान पुत्र मुरारी लाल बाणासुर पुत्र श्यामलाल सभी निवासीगढ़ गुरुकुआ थाना नगला सिंघी बताया जिनको पुलिस ने जेल भेज दिया है थाना प्रभारी नगला सिंघी ने बताया कि इन बदमाशों का क्षेत्र में इतना आतंक है कि इनके खिलाफ कोई भी गवाही देने के लिए तैयार नहीं है तीनों पर विभिन्न स्थानों में कई मुकद्दर भी दर्ज हैं गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी शिवकुमार चौहान अनिल कुमार देवेंद्र राकेश आदित्य कुमार आदि शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## नगर के गल्ला मंडी में उपजिलाधिकारी की रोक के बावजूद भूमाफिया कर रहे हैं अवैध निर्माण

**सुल्तानपुर।** नगर की गल्ला मंडी की बेशकीमती जमीन पर बिना नक्शा पास कराए रात के अंधेरे में भूमाफिया अवैध निर्माण कर रहे हैं।उक्त जमीन नगर पालिका की नजूल लैंड है।करोड़ों रुपए कीमत की उक्त जमीन पर उपजिलाधिकारी ने किसी भी तरह के निर्माण पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हुए है, बावजूद नगर कोतवाली पुलिस की सह पर भूमाफिया अवैध निर्माण करने में जुटे हुए हैं। पीड़ित अभिषेक कुमार उर्फ साजन जब उसे मना करने जाता है तो भूमाफिया के गुंडे उसे मारने के लिए दौड़ा लेते हैं,रही सही कसर कोतवाली नगर पुलिस पूरा कर दे रही है,उसने बताया कि उक्त जमीन पर उसकी पुस्तैनी दुकान बनी हुई है,किंतु भूमाफिया उसे उसका हक न देकर पूरे पर निर्माण करवाकर बेच लेना चाहते हैं।उसने बताया कि उसकी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा भी किया जा रहा है और उसे ही कोतवाली पुलिस ढूंढ भी रही है। वह ड्राइवरी करके अपने परिवार का पेट पालता है। वह अपने घर भी नहीं रह पा रहा है,उसके घर पर पुलिस दबिश देकर उसे ही ढूंढ रही है। पीड़ित साजन ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से न्याय करने की गुहार लगाई है।उक्त संबंध में उपजिलाधिकारी सदर से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि अभी कार्य तो रुकवा दिया गया है,भविष्य में भी अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## मारपीट में मेडिकल कराए जाने के लिए, पीड़ित डीएम के जनता दर्शन में पहुंचकर न्याय की लगाई गुहार



**सुल्तानपुर।** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बेनीपुर के रहने वाली राजश्री पत्नी राम भरोसे ने जिलाधिकारी के जनता दर्शन में एक शिकायत पत्र दिया। जिसमें बताया गया कि उन्हीं के गांव के रहने वाले दयाराम पुत्र समई, सुनील व अजीत कुमार पुत्र दयाराम ने 31.12.2024 को जमीन का विवाद को लेकर हमला कर दिया।जिसमें मेरे पति राम भरोसे और मेरे सर में काफी गंभीर चोट लगी।जिसकी शिकायत थाने पर लिखित में किया गया।थाने पर सिर्फ एनसीआर लिखकर खाना पूर्ति कर दिया।उसके और उसके पति को काफी गंभीर चोट लगी है। चोट के कारण उसे चक्कर आ रहा है।लंभुआ सीएससी पर मेडिकल कराया गया, लेकिन उसका सर पकड़ कर ही मेडिकल कर दिया गया। बिना कोई ट्रीटमेंट के मेडिकल हुआ, लेकिन वह इस मेडिकल से संतुष्ट नहीं है।उसने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर री मेडिकल के लिए गुहार लगाया है।

## जनता के पैसे से लखनऊ में नेताजी ने की न्यू ईयर पार्टी,अश्लील डांस पर थिरके

**लंभुआ/सुल्तानपुर/लखनऊ।** भाजपा नेता व लम्भुआ नगर पंचायत के अध्यक्ष ने राजधानी लखनऊ में न्यू ईयर पार्टी आयोजित की। भाजपा नेता की पार्टी में मंहगी शराब परोसी गई। भद्दे डांस का आनंद उठाते भाजपा नेता अवनीश सिंह ऊर्फ अंगद दिखाई दिए। सभ्यता व संस्कार की बात करने वाली भाजपा पार्टी के नेता ने ये कौन सा संदेश दिया है। क्षेत्र की जनता में उक्त मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। सोशल मीडिया पर उक्त पार्टी का वीडियो वायरल हो जाने से अफरा तफरी मची हुई है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा:अब परीक्षा केंदे से 500 मीटर के दायरे में नहीं होगी फोटो स्टेट की दुकान

**सुलतानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए और ज्यादा सख्ती बरती जा रही है। पहले परीक्षा केंद्र से 200 मीटर की परिधि में फोटो स्कैन, फोटो स्टेट समेत अन्य चीजों पर बैन रहता था। लेकिन इस बार केंद्र से 500 मीटर की परिधि में कोई फोटो स्टेट की दुकान नहीं होगी। साइबर कैफे, पीसीओ, फोटो स्कैनर आदि की दुकान भी इस दायरे में बंद रहेगी।

## बिजली कर्मचारी की संपत्ति को हल्का लेखपाल के सहयोग से अज्ञात महिला ने हड़पा

**सुल्तानपुर।** थर्मल पावर हाउस में कार्यरत कर्मचारी चांद मोहम्मद की मौत के बाद अज्ञात महिला ने दवा ठोंककर संपत्ति हथिया ली। लेखपाल रिंकू पाल को हमराही बनाकर वास्तविक उत्तराधिकारियों को संपत्ति से बेदखल कर दिया। पीड़ित नाती शमीम खान ने परिवार के साथ जिलाधिकारी जनता दर्शन में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। तत्कालीन एसडीएम विदुषी सिंह के निर्देशों को भी लेखपाल ने ठेंगा दिखा दिया। लंभुआ तहसील क्षेत्र के तातो मुरैनी गांव से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना बोलीं,मामले की जांच कराकर पीड़ित को न्याय दिलाएंगे।

## राम नाम रसिया हो, प्रभु मन बसिया हो, परम सौभाग्य

**सुलतानपुर।** लंभुआ भदैंया ब्लॉक के चाचपारा जगदीशपुर ग्रामसभा में चल रही नवदिवसीय रामकथा के तृतीय दिवस पर कथावाचक अजय शास्त्री जी ने राजाराम जी के चरित की ऐसी व्याख्या सुनाई कि भक्तों की अश्रु धारा रुक ही नहीं रही थी। रामावतार से लेकर पूर्व सूर्यवंश की पीढ़ियों के जन्मदिवस और हर कर्ताकारक की व्याख्या सुनकर भक्तगण भाव-विभोर हो रहे थे। कथा श्रवण करने वाले भक्तों में ग्राम प्रधान जयप्रकाश यादव, अश्विनी यादव उर्फ गुड्डू,कुलदीप यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य हरीराम यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य डॉ राम उदित यादव, दयाराम यादव,डाश कपिल यादव,श्याम बहादुर यादव, राम सुमेर यादव, पवन कुमार यादव, सत्य नारायण तिवारी, सुरेशचंद्र तिवारी,बद्री प्रसाद पाण्डेय,रजनीश पांडेय,सोनू ,राम लखन पांडेय एवं अन्य भक्तों का तांता लगा रहा।

## जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक 08 जनवरी को

**बहराइच।** जिला पोाण/कन्वर्जेन्स समिति की समीक्षा हेतु 08 जनवरी 2025 को अपरान्ह 04:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी है। उल्लेखनीय है कि बैठक के लिए पूर्व निर्धारित तिथि 06 जनवरी 2025 को श्री गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती के अवसर पर अवकाश घोषित होने के दृष्टिगत अब यह बैठक पूर्व निर्धारित समय एवं स्थान पर 08 जनवरी 2025 को सम्पन्न होगी। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर ने दी।

# 31 मार्च तक रहेगी स्टांप कमी के वादों की समाधान योजना

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अवगत कराया है कि स्टांप कमी के वादों की समाधान योजना पुनः लागू की जा रही है, जिससे स्टांप वाद जो लंबित हैं, जिनमें राज्य सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है, इस क्षति को दूर किया जा सके, स्टांप वादों के त्वरित निस्तारण के लिए उसमें निहित स्टांप कमी की धनराशि को शीघ्रतिशीघ्र प्राप्त करने के लिए तथा जन सामान्य को अधिकाधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त स्टांप कमी के वादों की एक समाधान योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। उक्त योजना निम्नवत क्रियान्वित की जाएगी।

सभी जनपद स्तरीय स्टाम्प कलेक्टर न्यायालयों एवं सी.सी.आर.ए. के पीठासीन अधिकारी अपने न्यायालय में लम्बित समस्त स्टाम्पवादों-स्टाम्प अपीलों एवं स्टाम्प निगरानियों में पक्षकारों को इस पत्र के साथ संलग्न प्रारूप पर एक नोटिस भेजेंगे, जिससे वाद के सभी संबंधित पक्षकारों को इस योजना की सम्यक जानकारी हो जाये।

समाधान योजना के लागू होने के पूर्व तक योजित किसी भी स्टाम्पवाद-स्टाम्प अपील एवं स्टाम्प निगरानी वाद में, यदि पक्षकार संदर्भण आख्या में इंगित स्टाम्प कमी की धनराशि को नियमानुसार देय ब्याज के साथ अदा करने का इच्छुक है, तो पक्षकार द्वारा संबंधित न्यायालय-सी.सी.आर.ए. में पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। संबंधित न्यायालय- सी.सी.आर.ए. के पीठासीन अधिकारी ऐसे प्रार्थना पत्र के प्राप्त होते ही संबंधित स्टाम्पवाद-स्टाम्प अपील एवं स्टाम्प निगरानी में एक सप्ताह के अन्दर तिथि नियत करते हुए (आवश्यकता पड़ने पर नियत तिथि को संशोधित करते हुए) इसी अवधि में संदर्भण आख्या में इंगित स्टाम्प कमी की धनराशि की पुष्टि हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

संदर्भण आख्या में इंगित स्टाम्प कमी की धनराशि की पुष्टि के उपरान्त संबंधित न्यायालय- सी.सी.आर.ए. उक्त नियत तिथि को पक्षकार को पुष्टि की गई स्टाम्प कमी की धनराशि तथा ब्याज एवं रु. 100/- के टोकन अर्थदण्ड की धनराशि को नियमानुसार एक सप्ताह में कोषागार के मद संख्या-0030, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन में जमा करने हेतु अवगत करायेंगे। प्रश्नगत वाद में उक्त समाधान योजना के अन्तर्गत विनिश्चित की गई धनराशि जमा कराये जाने की रसीद के साथ प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर कोषागार से जमा धनराशि की पुष्टि न्यायालय-सी.सी.आर.ए. के कर्मचारी द्वारा एक सप्ताह के अन्दर तिथि नियत करके पत्रावली पर आख्या प्रस्तुत की जायेगी। तत्पश्चात न्यायालय-सी.सी.आर.ए. के पीठासीन अधिकारी स्टाम्प कमी एवं ब्याज धनराशि मय अर्थदण्ड के कोषागार में जमा कराये जाने की पुष्टि के प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत रसीद के दृष्टिगत वाद को रु. 100/- के टोकन अर्थदण्ड के साथ निस्तारित कर देंगे। इस प्रकार कमी की धनराशि एवं नियमानुसार देय ब्याज की धनराशि की अदायगी के उपरान्त न्यायालय- सी.सी.आर.ए. के पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रलेख पर स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 42 के अन्तर्गत प्रमाण पत्र अंकित करने के साथ ही यह वाद स्टाम्प प्रभार्यता के संबंध में अन्तिम रूप से निस्तारित माना जायेगा। यह समाधान योजना 31 मार्च, 2025 की अवधि तक प्रभावी रहेगी। किसी भी पक्षकार द्वारा इस अवधि में योजना के प्रभावी रहने की अन्तिम तिथि से पूर्व पुष्टि की गई स्टाम्प कमी की धनराशि नियमानुसार ब्याज एवं रु. 100/- के टोकन अर्थदण्ड की धनराशि के साथ जमा करने पर उसे इसका लाभ प्राप्त होगा। इस अवधि में उक्त समाधान योजना के अन्तर्गत निस्तारित प्रकरणों के संदर्भ में प्रत्येक कलेक्टर स्टाम्प-सी.सी.आर.ए. के पीठासीन अधिकारी, प्रत्येक माह निस्तारित प्रकरणों की संख्या एवं उसमें आरोपित एवं वसूल की गई स्टाम्प कमी का विवरण निम्नांकित प्रारूप में आयुक्त स्टाम्प को उपलब्ध करायेंगे। यह समाधान योजना 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी।


# कार्यालय : रतन सेन इण्टरमीडिएट कॉलेज, बाँसी- सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 224-226/2024-25/ दिनांक 02-01-2025

## निविदा/टेण्डर

रतन सेन इण्टरमीडिएट कालेज, बाँसी-सिद्धार्थनगर में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत होने वाले निर्माण कार्य (शिक्षण कक्ष, प्रयोगशाला आदि) के लिए ईंटों (अव्वल) की आपूर्ति हेतु पंजीकृत/अधिकृत फर्म, व्यक्तियों, संस्था से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 03-01-2025 से 10-01-2025 तक दोपहर 12.00 बजे तक डाली जायेंगी, जो निविदा डालने की अन्तिम तिथि को ही दोपहर 02.00 बजे निविदा दाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय रतन सेन इण्टरमीडिएट कॉलेज, बाँसी-सिद्धार्थनगर में खोली जायेंगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तो की जानकारी एवं निविदा फार्म कार्यालय दिवस में विद्यालय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(संजय कुमार दूबे)
प्रधानाचार्य
रतन सेन इण्टरमीडिएट कालेज
बाँसी-सिद्धार्थनगर

(रानी वसुन्धरा कुमारी)
प्रबन्धक
रतन सेन इण्टरमीडिएट कालेज
बाँसी-सिद्धार्थनगर

# 500 बेडेड चिकित्सालय ओपीडी का शुभारंभ

सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी गंभीर बीमारियों के इलाज की ज़रूरत को पूरा करेगा: कुलपति

वहाज अली निहाल



**सैफई, इटावा।** यूपीयूएमएस के अर्न्तगत् संचालित नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी 500 बेड्ेड चिकित्सालय की ओपीडी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डा0)पी0के0जैन ने फीता काटकर एवं भगवान गणेश की पूजा अर्चना के बाद किया। शुभारंभ अवसर पर पूर्व वीसी प्रो0 (डा0)प्रभात कुमार सिंह, प्रतिकुलपति प्रो0(डा0)रमाकान्त यादव, कुलसचिव प्रो0 (डा0) चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक प्रो0 (डा0) एस0पी0सिंह, प्रभारी-ओपीडी प्रो0 (डा0) गणेश कुमार वर्मा, प्रो0 (डा0) आई0के0 शर्मा, निदेशक वित्त जगरोपन राम, संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबन्धन) डा0 धीरज श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उमाशंकर, कार्यदायी संस्था यूपीआरएन के प्रोजेक्ट मैनेजर ए0के0 सिंह, विभिन्न विभागों के फैकेल्टी मेम्बरस, चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। पहले दिन सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी में 203 मरीजो ने दिखाया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डा0) पी0के0जैन ने 500 बेड्ेड सुपर स्पेशियलिटी के शुभारंभ पर बताया कि 500 बेडेड सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय की स्थापना का उद्देश्य इटावा तथा आस-पास के जिलों के लोगों के गंभीर बीमारियों के इलाज की जरूरत को पूरा करने के लिए शुरू किया गया है। यहाँ ओपीडी के शुरू होने से मरीजों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। 500 बिस्तरों वाला यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल आधुनिक चिकित्सा सुविधायें प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में ओपीडी ब्लाक को शुरू किया गया है। इसके बाद आप्रेशन व भर्ती प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जायेगी।

प्रतिकुलपति एवं विभागाध्यक्ष न्यूरोलॉजी प्रो0(डा0)रमाकान्त यादव ने बताया कि सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में मरीजों के लिए ओपीडी सेवा शुरू हो चुकी है। इस सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में अत्याधुनिक ओपीडी, आईपीडी, आपातकालीन चिकित्सा के अलावा गहन चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध है। सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय प्रदेश तथा देश के सभी हिस्से से आये मरीजों को सरकारी दर पर बेहतर चिकित्सकीय सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। चिकित्सा अधीक्षक प्रो0 (डा0) एसपी सिंह ने बताया कि 500 बेडेड सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय की ओपीडी में अभी न्यूरोलॉजी, स्लीप मेडिसिन, न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी, रेडिएशन ऑकोलॉजी (कैंसर ओपीडी) सर्जिकल गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, पेन क्लिनिक, यूरोलॉजी, एण्डोक्राइन सर्जरी, कार्डियोवेस्कुलर एण्ड थोरोसिक सर्जरी (सीबीटीएस), ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन आदि की ओपीडी शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन विभागों के शुरू हो जाने से आपातकालीन स्थिति में बाहर जाने वाले मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार मिल सकेगा।

## खड़े ट्रक से टकराई फोर व्हीलर, एक की मौत

**हमीरपुर।** जनपद के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में एक चार पहिया अनियंत्रित हो रोड पर खडे ट्रक से टकरा जाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।जिससे गाड़ी सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा पांच लोग गंभीर रूप से घायलहो गए। जिन्हें आनन फानन में पुलिस द्वारा इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडोरा के पास हाइवे पर सुबह एक तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया वाहन रोड किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।जिसमे सवार महेश सिंह पुत्र सरदार सिंह 33 वर्ष निवासी राजापुर थाना परसरापुर जनपद गोंडा ,लल्लू सिंह पुत्र जगजीवन सिंह 37 वर्ष, जयहिंद यादव पुत्र प्रकाश चंद निवासी कानपुर, हनुमान सिंह निवासी गोंदा ,नन्हे सिंह यादव निवासी बरदही जनपद गोंडा ,शुभम शर्मा निवासी लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुँची पीआरवी व थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आनन फानन में सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा शुभम शर्मा को मृत घोषित कर दिया।

# प्रदर्शनी पंडाल में सर्वधर्म सम्मेलन में शांति का दिया संदेश

अवधनामा ब्यूरो



भगवान महावीर जी ने विश्व शांति के लिए जियो और जीने दो का संदेश दिया था- धर्मेंद्र जैन

**इटावा।** प्रदर्शनी पंडाल में कौमी एकता सर्व धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुफरान अहमद अति विशिष्ट अतिथि मुकेश यादव उप जिला विद्यालय निरीक्षक विशिष्ट अतिथि संजय कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री, जैन धर्म के प्रवक्ता धर्मेंद्र जैन ने सर्वधर्म सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा भगवान महावीर ने विश्व शांति के लिए जियो और जीने दो का संदेश दिया था आज के समय में भगवान महावीर के संदेश की बहुत आवश्यकता है चारों तरफ आतंकवाद एवं अशुद्ध वातावरण फैलता जा रहा है इसको केवल और केवल अहिंसा परमो धर्म ही एक रास्ता है जो शांति स्थापित कर सकता है भगवान महावीर विश्व शांति के उपासक थे।

कार्यक्रम को सुबोधनन्द जी महंत कालीबाड़ी बाबा अमरीक सिंह गुरु का ताल आगरा धर्मेंद्र जैन प्रवक्ता जैन समाज डॉक्टर पदमा त्रिपाठी डॉक्टर शैलेंद्र कुमार शर्मा प्राचार्य मौलाना अफान मीर शम्सी जबर सिंह शाक्य आशीष तिवारी श्रीमती अनुपम चौधरी इंजीनियर आशीष प्रताप चौहान ने संबोधित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी सतीक मंसूरी जिला प्रवक्ता इकरार अहमद युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा मोहम्मद राजा आकाश वर्मा चक्रेश कुमार जैन सुबोध जैन महावीर जैन नवनीत जैन बाबा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक गुरमुख सिंह अरोड़ा एडवोकेट विशेष सहयोगी रामसेवक सिंह चौहान परमजीत सिंह नईमुद्दीन हाजी हसन ने सभी अतिथियों का शाल उढ़ाकर व बैज लगाकर स्वागत किया।

# हैंडबॉल में स्टेडियम ए टीम विजेता व स्टेडियम बी टीम उप विजेता रही



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जनपद प्रदर्शनी एवं महोत्सव के तत्वाधान में एक दिवसीय हैंडबॉल एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओ का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया।

हैंडबॉल में स्टेडियम ए टीम विजेता व स्टेडियम बी टीम उपविजेता रही। 100 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में सत्यदेव ने पहला, आदित्य ने दूसरा, सुमित ने तीसरा बालिका वर्ग में तनु ने पहला, वैष्णवी ने दूसरा, शिवी ने तीसरा, 200 मीटर बालक वर्ग में रोशन ने पहला निशांत ने दूसरा, अंकित ने तीसरा, बालिका वर्ग में शिवी ने पहला, तनु दूसरा, इसीता यादव ने तीसरा, 400 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में अनुज ने पहला, अभिनव ने दूसरा, दिगेंद्र ने तीसरा, बालिका वर्ग मे स्वार्थी ने पहला, तनु ने दूसरा, आराधना ने तीसरा, 800 मीटर दौड़ में वासुदेव ने पहला, अंकित ने दूसरा, अंशुल ने तीसरा, बालिका वर्ग में कुसुमलता ने पहला, आराधना ने दूसरा, शिवांगी ने तीसरा, 1500 मीटर दौड़ में अनिकेत ने पहला, अभिषेक ने दूसरा, नमन ने तीसरा, बालिका वर्ग में कुसुमलता ने पहला, शिल्पी ने दूसरा, दिव्या ने तीसरा 3000 मीटर बालक वर्ग में अनिकेत ने पहला, वासुदेव ने दूसरा, दीपक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालिका वर्ग में स्वार्थी ने पहला, सुहानी ने दूसरा, वैष्णवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में अभिषेक ने पहला, सत्यदेव ने दूसरा, आदित्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक में मोहित ने पहला, अमित ने दूसरा, अर्जुन ने तीसरा गोला फेंक में डोंसल ने पहला, विवेक ने दूसरा, आशुतोष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि शांति स्वरूप पाठक, विशन चंद्र अग्रवाल, रमाशंकर चौधरी ने समस्त विजेताओं को पुरस्कृत किया। समस्त प्रतियोगिताएं गौरव पाठक व प्रमिला पाठक के संयोजन में संपन्न हुई। सौरव पाठक, राजेश जादौन, योगेंद्र चौधरी, इंद्रजीत सिंह, अर्चना चौधरी, अवधेश सिंह राठौर, एपी यादव, अमित यादव, नृपेंद्र चतुर्वेदी , प्रदीप यादव, सत्यनारायण प्रसाद ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## सात जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय कस्बे सहित क्षेत्र में घरों और खेतों में जमकर जुआ हो रहा है जबकि कभी कभी पुलिस कुछ छोटे जुआरियों को पकड़ कर अपना गुडवर्क साबित कर देती है लेकिन गांधी की आंधी के चलते बड़े फड़ संचालित होते रहते हैं। कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक मोहित कुमार ने अपनी टीम के साथ नरायच के निकट भमौरा रोड से कुछ दूर झाड़ियों की आड़ में जुआ खेल रहे जयकरन, अलहम खान, छुट्टन, मुमताज उददीन, गुमान सिंह, बालेश कुमार और अजीम उर्फ ईशा सभी निवासी नरायच को गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपियों के पास से जामातलाशी और मालफड़ सहित लगभग बीस हजार रुपए बरामद किए गए हैं सभी के विरुद्ध जुए की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

जबकि पुलिस ने कस्बे के क्योटरा मोहल्ला में एक घर में छापेमारी की जहां पर बड़ा जुआ हो रहा था।मोहल्ले में चर्चा है कि पुलिस ने लाखों रुपए का लेनदेन कर जुआरियों को छोड़कर मामला सुलटा दिया है। जो कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कस्बे में बांटे गए कम्बल



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में मौलाना सलीम जाफरी वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले गुरुवार को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने पहुंचकर निराश्रित लोगों को कंबल एवं स्वेटर वितरित किया, हालांकि मंत्री इस कार्यक्रम में भी राजनीति करने से नहीं चूके तथा मौजूद निराश्रित लोगों के सामने ही विपक्ष पर निशाना साधना शुरू कर दिया और मौजूदा सरकार की उपलब्धियां तथा प्रदेश एवं केंद्र में विपक्ष की कमियां गिनाना नहीं भूले। इस दौरान कंबल पाने की चाहत में हजारों की तादाद में महिलाएं एवं पुरुष एकत्र हुए। कस्बे के मकतब रहमानिया परिसर में गुरुवार को मौलाना सलीम जाफरी वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले कंबल एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज मंत्री दानिश आजाद अंसारी तथा विशिष्ट अतिथ कमरुद्दीन जुगनू ने कस्बे के जरूरतमंद लोगों को कंबल व स्वेटर वितरित किए। हालांकि कार्यक्रम में अधिक भीड़ होने के चलते थोड़ी देर अफरा तफरी का माहौल हो गया लेकिन कमेटी ने बड़े ही सूझबूझ के साथ भीड़ को काबू में कर शालीनता के साथ मौजूद लोगों को कंबल वितरित कराया। कार्यक्रम के आयोजक निजामुद्दीन पावर ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह गरीबों, निराश्रितों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन मौलाना खान ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टेशन में सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सौंपा ज्ञापन



मौदहा हमीरपुर। कानपुर बांदा रेल खण्ड में सबसे अधिक आय देने वाले रेलवे स्टेशन रागौल में बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कस्बे के समाजसेवी ने डीआरएम को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। कस्बे के समाजसेवी सय्यद शहबाज अली ने अपने साथियों के लिए मण्डल रेल प्रबंधक को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन स्टेशन मास्टर रागौल को सौंपा जिसमें रेलवे स्टेशन के दोनों प्लैटफॉर्म पर लगे नलों से पर्याप्त पानी की सप्लाई, शौचालयों का ताला खोलकर जनता को सुविधा उपलब्ध कराने और शौचालय की नियमित सफाई,दोनों प्लेटफार्म को स्वच्छ रखने के लिए कूड़ेदान और स्पेशल ट्रेनों को नियमित करने के साथ ही एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुट ओवरब्रिज लिफ्ट के साथ ही प्रतीक्षालय को सुविधा युक्त और आधुनिक बनाए जाने की मांग की गई है इस दौरान लगभग एक दर्जन समाजसेवी युवक मौजूद रहे।

### एनटीपीसी माइनिंग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही तक कोयला उत्पादन में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी माइनिंग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के तीसरी तिमाही तक शानदार प्रदर्शन करते हुए 30.88 मिलियन मीट्रिक टन (MMT) कोयला उत्पादन किया, जो साल दर साल (YoY) 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके साथ ही एनटीपीसी के पावर स्टेशनों को 30.55 MMT कोयला भेजा गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि है।एनटीपीसी कोल माइनिंग ने लगातार अपने उत्पादन लक्ष्यों को पार किया है, जिससे यह कैप्टिव कोयला माइनिंग क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। अब तक, एनटीपीसी माइनिंग ने 134.87 MMT से अधिक कोयला उत्पादन किया है और 132.98 MMT से अधिक कोयला पांच सक्रिय कैप्टिव कोल माइन्स से भेजा है, जिनमें झारखंड के पाकरीबारवाडीह, केरंडारी और चत्तिबारियातु, ओडिशा का दुलंगा और छत्तीसगढ़ का तलैपाली शामिल हैं, जिससे एनटीपीसी के थर्मल पावर स्टेशनों के लिए ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।यह अद्वितीय प्रदर्शन एनटीपीसी की कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए किए गए लगातार प्रयासों का परिणाम है। एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि प्राप्त करने के लिए कई रणनीतियों और तकनीकों का उपयोग किया है। एनटीपीसी देश को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, कोयला उत्पादन और आपूर्ति में इस अद्वितीय वृद्धि के साथ अपनी संचालन क्षमता में सुधार जारी रखे हुए है।

### एनटीपीसी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 326 बिलियन यूनिट (BU) उत्पादन किया हासिल

**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर यूटिलिटी एनटीपीसी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (Q3) के अंत तक 326 बिलियन यूनिट (BU) का उत्पादन दर्ज किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 3.82 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। तीसरी तिमाही (Q3) के अंत तक एनटीपीसी के कोयला स्टेशनों ने 76.20 प्रतिशत की क्यूमुलेटिव प्लांट लोड फैक्टर (PLF) हासिल किया। कैलेंडर वर्ष 2024 के अंत तक एनटीपीसी लिमिटेड की स्थापित क्षमता 76,598 मेगावाट (MW) तक पहुंच गई, जिसमें इस वर्ष 2,724 MW की क्षमता जोड़ी गई। इन उपलब्धियों से एनटीपीसी लिमिटेड की यह प्रतिबद्धता मजबूत होती है कि वह देश को विश्वसनीय और किफायती बिजली आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम है। एनटीपीसी लिमिटेड की 76.6 GW की परिचालन क्षमता के अलावा, अतिरिक्त 29.5 GW की क्षमता, जिसमें 9.6 GW नवीकरणीय क्षमता शामिल है, निर्माणाधीन है। कंपनी 2032 तक 60 GW नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी लिमिटेड ने कई नए व्यवसाय क्षेत्रों में भी कदम रखा है, जैसे कि ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज, वेस्ट-टु-इनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन समाधान आदि, और केंद्रीय शासित प्रदेशों के लिए बिजली वितरण के लिए निविदा प्रक्रिया में भाग लिया है।

## पुरानी रंजिश के चलते पीटा, फायरिंग का भी आरोप

**मौदहा हमीरपुर।** घर जा रहे युवक को गांव के लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते बुरी तरह से पीट दिया जबकि पीड़ित ने फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है जबकि कोतवाली प्रभारी ने मामले की जांच की बात कही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी किनायत अली पुत्र अनजान अली ने क्षेत्राधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गुरुवार की सुबह करीब साढे दस बजे जब वह घर जा रहा है तभी मांचा में मजार के निकट गांव के ही अजीम पुत्र इनायत अली उर्फ बच्चू,कुददूस अली पुत्र बदर अली,मजहर अली पुत्र कुददूस अली अपने हाथों में नाजायज तमंचा और लाईसेंसी बंदूक लेकर आ गए और पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे,इतना ही नहीं पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की थी लेकिन पीड़ित किमी तरह से बच गया अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी।जबकि उक्त लोगों की मारपीट से पीड़ित को गंभीर चोंटे आई हैं।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है जबकि फायरिंग की बात बेबुनियाद है।

# नारायन कॉलेज ने उत्साह और उल्लास के साथ किया नव वर्ष का स्वागत



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स में नव वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने रिबन काट कर नव वर्ष 2025 का स्वागत किया। तत्पश्चात शारीरिक शिक्षक यादवेन्द्र पाल सिंह ने छात्र/छात्राओं एवं समस्त विद्यालय स्टाफ को स्वस्थ्य एवं निरोगी जीवन यापन के लिये महत्वपूर्ण शारीरिक अभ्यास करवाये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओ को स्वस्थ्य एवं निरोगी रहने के लिये शारीरिक अभ्यास को अपनी दिनचर्या में अवश्य सम्मिलित करना चाहिये। उन्होने छात्र-छात्राओं को 2025 के संकल्प में गीता के सार को महत्ता देने के लिये कहा जिसमें फल की चितां किये बगैर कर्म को करते रहने की बात कही गई है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने समस्त छात्र-छात्राओं और विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं को नव वर्ष 2025 की शुभकामनायें दीं। विशेष सभा में जनपद स्तरीय आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इन कार्यक्रमों में समूह नृत्य बालिका एवं बालक वर्ग के द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले नाट्य प्रतियोगिता, बालिका वेरायटी शो के छात्र-छात्राओं एवं उनके प्रशिक्षक संदीप यादवसाइंस फेयर के छात्र-छात्राओं एवं उनके प्रशिक्षक नवीन कुमार, कला कौशल एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतियोगी एवं उनके प्रशिक्षक टॉनी सायमन को प्रमाण पत्र, मेडल एवं ट्राफी प्रदान की गई। इस उपलक्ष्य में यूनिटी हाउस के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। जिसमें नव वर्ष सभी के लिये उन्नति एवं प्रगति के द्वार खोले तथा सम्पन्नता चारों ओर फैले ऐसी कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल कॉर्डिनेटर उरूसा रिज़वान, गौरी अग्निहोत्री, ऋतु कनौजिया, प्राची पालीवाल, साक्षी चतुर्वेदी तथा लवली मुखर्जी आदि अध्यापक- अध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नगर में श्री राम दरबार की निकाली गई भव्य शोभायात्रा

भंडारे का हुआ आयोजन

शोभायात्रा में सम्मिलित हुए भक्तगण



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** विश्व के कल्याण के लिए राबर्ट्सगंज नगर के आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ के समापन पर गुरुवार को मानस पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद नगर में भव्य श्रीराम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जय मां गायत्री जागरण ग्रुप के प्रसिद्ध भजन गायक सूरज गुप्ता और संगीतकार छोटू शुक्ला द्वारा श्रीराम के एक से बढ़कर एक भजनों को गाया गया। इस शोभायात्रा में 108 भूदेव हाथों में भगवा ध्वज लिए एवं श्री राम भक्त भजनों के धुन पर नाचते गाते जयसिया राम का गगनभेदी जयघोष लगाते हुए शामिल हुए। इसके एक दिन पूर्व मानस पंडाल में बुधवार को रात्रिकालीन प्रवचन में अयोध्याधाम से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक नीरज भैया ने श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा पर प्रकाश डाला। कथावाचक ने भगवान श्रीराम का पुष्पक विमान से सीता, लक्ष्मण, हनुमान, जामवंत, सुग्रीव, अंगद आदि के साथ अयोध्या आगमन और श्रीराम राज्याभिषेक की कथा मार्मिक ढंग से वर्णन किया। वही मानस मंच पर समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में इस नौ दिवसीय अयोजन में लगे सभी पदाधिकारियों समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन महामंत्री सुशील पाठक, शिशु त्रिपाठी, डॉ धर्मवीर तिवारी, मिठाई लाल सोनी, किशोर केडिया, महेश दुबे,, विमलेश पटेल, राजेश जयसवाल, मनु पांडे, हर्षवर्धन, शुभम शुक्ला, प्रशांत जैन, रविंद्र पाठक, चंदन चौबे, मनीष केडिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कानपुर को हराकर राठ ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

अवधनामा संवाददाता



**मुस्करा हमीरपुर।** कस्बे में रॉयल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन कानपुर और राठ की टीम के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें राठ ने कानपुर की टीम को हरा दिया।

कस्बे में रॉयल क्रिकेट टूर्नामेंट समिति की ओर से आठ दिवसीय टूर्नामेंट कराया जा रहा है। जिसके आज दूसरे दिन के मैच में कानपुर टीम और राठ टीम के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें कानपुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी को चुना और 16 ओवर में ऑल आउट होकर 80 रन का लक्ष्य राठ टीम के सामने रखा। जवाब में उतरी राठ की टीम ने शुरुआत के पांच विकेट जल्दी खोज दिए। छठवें विकेट के बल्लेबाज रविंद्र साहू ने 51 रन बनाकर मैच को पलट दिया। राठ की टीम ने दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए 17 ओवर में 5 विकेट खोकर 80 रन बनाकर जीत का परचम लहराया। राठ की ओर से बल्लेबाजी कर रहे आदर्श और रविंद्र साहू ने छक्का, चौकों की बरसात कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मैच देखने के लिए मां कालिका माता तालाब का ग्राउंड दर्शकों से खचाखच भरा रहा। मैच देखने के लिए आए विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत, जिला पंचायत सदस्य करण सिंह, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मनोज राजपूत और छानी प्रधान ने रॉयल ग्रुप की ओर से कराए जा रहे टूर्नामेंट की खूब सराहना की। तो वहीं मैच का रोमांच और उत्साह से भरा आंखों देखा हाल कॉमेंटेटर सैंडी द्विवेदी और अश्वनी पाण्डेय ने सुनाया। रॉयल ग्रुप के अध्यक्ष ताज मोहम्मद ने बताया कि शुक्रवार को बांदा और कदौरा की टीमों के बीच क्रिकेट का मुकाबला दोपहर 12:00 बजे से होगा।

## बैंकर्स के साथ डीएम नें की एक महत्वपूर्ण बैठक

**हमीरपुर।** बैंको के जमा ऋण अनुपात में सुधार के उद्देश्य से बैंकर्स के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। पंजाब नेशनल बैंक ,स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया एवं बैंक ऑफ़ बड़ौदा का सीडी रेसियों/जमा ऋण अनुपात खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडी रेशियो में सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता के साथ ऋण दिया जाए इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में जानबूझकर ऋण न देने वाले बैंकर्स पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# एनटीपीसी विंध्याचल में मना नववर्ष

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** राष्ट्र की विशालतम विद्युत सयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के प्रशासनिक भवन की टेरिस पर दिनांक 02-01-2025 को प्रातः 09:30 बजे खुले आसमान के नीचे कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार द्वारा केक काटकर नववर्ष 2025 का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी सी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, कमांडेंट केऔसूब पंकज बलियान, सभी महा प्रबन्धकगण, सभी विभागध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारीगण, अध्यक्ष नीव, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण के साथ-साथ अन्य अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्ष 2025 सभी के जीवन में नए उत्साह एवं ऊर्जा का संचार करे और सभी मिलकर एनटीपीसी-लिमिटेड के साथ-साथ अपनी परियोजना एनटीपीसी-विंध्याचल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। हमें एनटीपीसी पर गर्व है, हमें गर्व है अपने विंध्याचल स्टेशन पर जिसने विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान से राष्ट्र के विकास को प्रगति प्रदान की है और राष्ट्र का विशालतम विद्युत सयंत्र बनने की उपलब्धि प्राप्त की है। पिछले एक वर्ष के दौरान हमारे स्टेशन नें नई उचाइयों को प्राप्त किया है और कई उपलब्धियाँ हासिल की है। विगत वर्ष हम सभी ने अनेक चुनौतियों का सामना सामूहिक उत्तरदायित्व के बोध के साथ एक टीम के रूप मे बड़ी ही कुशलता एवं पेशेवर दृष्टिकोण के साथ किया। मुझे विश्वास है कि हम अपनी कार्य दक्षता एवं टीम भावना से विंध्याचल स्टेशन के विद्युत उत्पादन की गौरवशाली परंपरा को बनाए रखेंगे। प्रशासनिक-भवन के पश्चात नववर्ष के अवसर पर परियोजना के स्टेज-1 सर्विस बिल्डिंग, कोन्फ्रेंस हॉल में केक कटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा नें नववर्ष के सुअवसर पर केक काटा और सभी कर्मचारियों को आने वाले वर्ष हेतु अपनी शुभकामनाएँ दी। साथ ही परियोजना के स्टेज 04, सेवा भवन मे भी महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु द्वारा नववर्ष के सुअवसर पर केक काटकर सभी कर्मचारियों को आने वाले वर्ष हेतु अपनी शुभकामनाएँ दी गई। इस अवसर पर प्लांट क्षेत्र के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में हुआ 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश: योगी

## विकास के आयामों को बंद करती थीं पिछली सरकारें, डबल इंजन सरकार कर रही नव सृजन : मुख्यमंत्री

- नए साल में नई गति से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा उत्तर प्रदेश -मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 1533 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया

अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारें जहां विकास के आयामों, उद्योगों, कारखानों को बंद करने और उन्हें बेचने में लगी रहती थीं, वहीं भाजपा की डबल इंजन सरकार नव सृजन और नया निर्माण कर विकास का माहौल बनाने में जुटी हुई है। मिसाल के तौर पर गोरखपुर के बंद खाद कारखाने और पिपराइच की बंद चीनी मिल को देखा जा सकता है। पूर्व की सरकारों ने जहां इसे बंद कर दिया था और बेचने की तैयारी में थीं, वहीं डबल इंजन की सरकार ने इन्हें फिर से चला कर दिखा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में नए साल में उत्तर प्रदेश नई गति से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। यहां नौकरी और रोजगार के अवसर और तेजी से बढ़ेंगे और यहां के युवाओं को कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा।



### समाज और देश की अमानत थे इंसेफेलाइटिस से मरने वाले बच्चे

सीएम योगी ने डबल इंजन सरकार में आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि एक समय समाजवादी पार्टी की सरकार में इंसेफेलाइटिस से बड़े पैमाने पर बच्चों की मौतें होती थीं। यह बच्चे समाज और देश की अमानत थे लेकिन जाति के नाम पर समाज को बांटने का पाप करने वालों ने इसके बारे में तनिक भी नहीं सोचा। इंसेफेलाइटिस से करने वाले 90 प्रतिशत बच्चे दलित और अल्पसंख्यक समाज के थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इंसेफलाइटिस की बीमारी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।

### आज हो रहे आधुनिक गोरखपुर के दर्शन

सीएम योगी ने कहा कि आज का गोरखपुर आधुनिक भारत के आधुनिक उत्तर प्रदेश के आधुनिक गोरखपुर का दर्शन करा रहा है। जबकि सपा की सरकार में गोरखपुर में बिजली नहीं मिलती थी, लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती थीं। बीआरडी मेडिकल कॉलेज खुद बीमार हो गया था तो लोगों का बेहतर इलाज कैसे करता। 1990 में सपा और कांग्रेस सरकार ने गोरखपुर के खाद कारखाना को बंद कर दिया। पिपराइच की चीनी मिल बंद ही नहीं थी बल्कि इसे बेचने की तैयारी की जा रही थी। सड़कों की दशा ऐसी थी कि पता ही नहीं चलता था कि सड़क पर गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क है। रामगढ़ताल गंदगी का ढेर बना हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है तो रामगढ़ताल पर्यटन का नया केंद्र बन गया है। गोरखपुर का खाद कारखाना और पिपराइच की चीनी मिल दोबारा चालू हो गई है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था सुदृढ़ हो गई है और गोरखपुर में एम्स भी शुरू हो गया है। हर तरफ टूलेन, फोरलेन और सिक्सलेन की रोड कनेक्टिविटी है। उन्होंने कहा कि गोड़धोईया नाला का कार्य पूर्ण होते ही जलभराव की समस्या का भी स्थायी समाधान हो जाएगा।

सीएम योगी नए साल के दूसरे दिन गुरुवार को गोरखपुर में रोड कनेक्टिविटी, किसान हित और खाद्य एवं दवा सुरक्षा से जुड़ी 1533 करोड़ रुपये की नौ विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 1478 करोड़ 80 लाख 68 हजार रुपये के चार विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 53 करोड़ 73 लाख 66 हजार रुपये के पांच विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जनता इंटर कॉलेज चरगांवा में हुए समारोह में सीएम ने कहा कि विकास की ये परियोजनाएं आने वाले समय मे नए गोरखपुर का दर्शन और भी सशक्तरूप में कराएंगी।

### गोरखपुर में पांच साल में धरातल पर उतरे 15 से 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्य करने का जज्बा होना चाहिए। समाज के प्रति जवाबदेही का जज्बा होगा तो सभी समस्याओं का समाधान भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज गोरखपुर में की पिपराइच की चीनी मिल चल रही है, खाद कारखाना चल रहा है, गोरखपुर में चिड़ियाघर भी खुल गया है। गोरखपुर में लखनऊ, वाराणसी सहित सभी तरफ से शानदार रोड कनेक्टिविटी है। विकास होने से रोजगार के नए-नए अवसर भी आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में पांच साल में 15 से 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर चुका है। उद्योग लगने से हजारों युवाओं को रोजगार की गारंटी मिली है। आज गोरखपुर में चार विश्वविद्यालय हैं, वेटरिनरी कॉलेज भी बन रहा है।

**महाकुम्भ-2025 को भव्यता, दिव्यता एवं अलौकिकता के साथ सम्पन्न कराने में प्रत्येक सनातनी अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक पालन करेः पर्यटन एवं संस्कृति**

# 16 जनवरी से कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगेः जयवीर सिंह




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री त्नजयवीर सिंह ने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक, अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ-2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि यह भारतीय आस्था के स्पंदन का प्रतीक होगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि महाकुम्भ से जो भी श्रद्धालु लौटकर जाये वह एक सुखद अनुभूति लेकर जाए। उन्होंने कहा कि विश्वभर के सनातन संस्कृति को मानने वाले लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के इस महाकुम्भ में आने की संभावना है। त्नजयवीर सिंह आज गोमती होटल में महाकुम्भ-2025 की तैयारियों को लेकर मीडिया बन्धुओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को ठहरने, आने जाने में कोई कठिनाई न हो। इसके साथ ही इतने विशाल मानव समुद्र की सुरक्षा के लिए वायु, जमीन तथा पानी से नजर रखने की तैयारी की गयी है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए धार्मिक त्रिकोण काशी, अयोध्या एवं प्रयागराज को जोड़कर भ्रमण के लिए तैयार किया गया है। पर्यटन निगम इसके लिए विभिन्न पैकेज के द्वारा सुविधायें भी सुलभ करायेगा। त्नजयवीर सिंह ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज देशभर के कलाकारों के संगम का भी अवसर प्रदान करेगा। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए विविध विधाओं के शीर्ष कलाकार 43 दिन तक अपनी-अपनी भाषाओं में प्रस्तुती देंगे। इसके लिए पद्मश्री, पद्म विभूषण एवं ख्याति प्राप्त कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। मेला अवधि के दौरान महाकुम्भ सांस्कृतिक नगरी का रूप ले लेगा। महाकुम्भ में भव्यता, दिव्यता एवं अलौकिकता का अनुभव कर सके, इसके लिए तमाम सुविधायें सुलभ कराई जायेगी। उन्होंने नववर्ष की बधाई देते हुए मीडिया बन्धुओं एवं प्रदेश के जागरूक नागरिकों से अपील की कि सनातन संस्कृति को उचाई पर ले जाने के लिए महाकुम्भ-2025 की ब्राण्डिग एवं मार्केटिंग भी करे। पर्यटन मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ-2025 में आस्था की डुबकी लगाने के लिए देश के केन्द्रीय नेताओं एवं प्रदेश एवं संघ क्षेत्रों के त्नराज्यपाल, मुख्यमंत्रियों तथा एलजी को भी आमंत्रित किया गया है।

# माधुरी जैसा बनने का सपना एक दिन मेहनत से करूंगी पूरा : जितिका



**हाइप फैक्ट्री का हिस्सा बनकर खुद को साबित करेंगी युवा मॉडल जितिका अरोड़ा**

**लखनऊ।** अपने हुनर को सबके सामने लाकर माधुरी दीक्षित जैसी सफल अभिनेत्री बनने का सपना देखने वाली युवा मॉडल व अभिनेत्री जितिका अरोड़ा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। जितिका विपिन अग्निहोत्री के ओटीटी पर जल्द ही आने वाले रियलिटी शो हाइप फैक्ट्री में अपनी कला और अपने अनुभव को प्रदर्शित करेंगी। जितिका गुरुवार को लखनऊ पहुंची जहां उन्होंने इस शो की तैयारी और अपने कैरियर से जुड़ी बातों को सांझा किया। जितिका अरोड़ा ने बताया कि वो मेहनत के ज़रिए सफल होना चाहती हैं ना कि कोई शॉर्ट कट अपना कर अपने को साबित करना चाहेंगी । जितिका ने कहा कि सबसे ज़रूरी होता है परिवार का सपोर्ट, अगर माँ बाप और भाई बहन का साथ हो और भगवान पर भरोसा है तो सफलता आपके कदम चूमेंगी। जितिका ने कहा कि आज के ज़माने में हर क्षेत्र में ख़राब लोग होते हैं लेकिन उनसे घबराना और डरना नहीं चाहिए बल्कि खुद सही और ग़लत का फ़ैसला करे और खुद पर यक़ीन रखकर अपना मक़ाम हासिल करें।

# घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़

- शिकायत पर भाई-बहन को पीटा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र में पड़ोसी गांव के युवक ने घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी युवती को धमकाते हुए भाग गया। जिसके बाद युवती भाई को लेकर आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची। तब आरोपित ने अपने परिवारिक सदस्यों के संग मिलकर भाई-बहन से मारपीट की। हालांकि, शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती (20) गत 29 दिसम्बर की शाम घर पर अकेली थी। इसी बीच बनेवापुरवा गांव का निवासी प्रमोद उसके घर में घुस आया और उसे अकेला पाकर सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाने लगा। इस पर युवती ने उसे घर से बाहर निकलने को कहा तब आरोपी छेड़खानी करने लगा। पीड़िता ने बताया कि किसी तरह उसने आरोपित को धक्का देकर मदद के लिए शोर मचाया। तब आरोपित उसे धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। परिजनों के घर लौटने पर युवती ने आपबीती सुनाई। जिसके बाद वह भाई को लेकर आरोपित के घर पहुंची। शिकायत करने पर प्रमोद ने भाई-बहन से मारपीट करते हुए परिवार संग मिलकर दौड़ा लिया। दूसरे दिन परिवार संग थाने पहुंची पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रमोद के खिलाफ छेड़छाड़ समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### प्रधान पुत्रों ने महिला से की छेड़छाड़, दी धमकी

इटौंजा इलाके में रहने वाली एक महिला ने ग्राम प्रधान के बेटों पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। आरोपी कई दिनों से पीड़िता को परेशान कर रहे थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक मार्कण्डेय यादव के मुताबिक, क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनकी बेटी किसी काम से अस्पताल जा रही थी। रास्ते में ग्राम प्रधान के बेटों संदीप और कुलदीप ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने आपत्तिजनक टिप्पणी की। पीड़िता ने टोका तो आरोपियों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। यही नहीं आरोपी ने महिला के साथ अश्लील हरकतें भी की। पीड़िता ने शोर मचाने का प्रयास किया तो संदीप और कुलदीप ने उसका गला दबा दिया। ग्रामीणों को आता देख आरोपी पीड़िता को धमकाते हुए भाग निकला। पीड़िता ने मामले की शिकायत इटौंजा पुलिस से की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आरडीएसओ ने जन जागरूकता शिविर का किया आयोजन



**लखनऊ।** भारत के क्षय रोग उन्मूलन प्रयासों की दिशा में और टीबी उन्मूलन पर 100 दिवसीय सघन अभियान के अंतर्गत, आरडीएसओ अस्पताल, लखनऊ द्वारा दिनांक 02/01/25 को एक जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान आरडीएसओ के निवासियों को टीबी के लक्षणों और उसके उपचार के बारे में जागरूक किया गया। डॉ. कमल किशोर/पीसीएमओ और डॉ. अनुज कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और बीमारी के बारे में उपयोगी जानकारी दी।

# नव वर्ष पर खाटू श्याम मन्दिर में उमड़ी भीड़, एक लाख से अधिक भक्तों ने किये दर्शन

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर में नये साल पर एक लाख से अधिक भक्तों ने दर्शन किया। श्याम परिवार के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि इस नववर्ष पर पिछले वर्षो की तुलना में काफी अधिक श्याम भक्तों ने बाबा के दर्शन किये। उन्होंने बताया कि सुबह 6 बजे से मन्दिर खोल दिया गया था, उसी समय से भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। एक अनुमान के अनुसार एक लाख से अधिक भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन किये। मंदिर कमेटी ने इस बार भक्तों को किसी प्रकार की आसुविधा न हो इसके लिए सुलभ दर्शन लाइन के साथ पार्किंग की व्यवस्था की थी। वाहनों की पार्किन के लिए गोमती रिवर फ्रंट पर व्यवस्था की गई थी। दर्शन के लिए इस तरह से व्यवस्था की गई थी कि सभी भक्तलाइन में लगकर बाबा के दर्शन के किये। सभी भक्तों ने 7 मिनट के अंदर श्याम बाबा के दर्शन किये। पूरे दिन ये व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही और भक्तश्याम बाबा के दर्शन करते रहे। शाम को श्याम बाबा के भजनों के लिए पवन मिश्रा ने समां बांध दिया। उधर डालीगंज स्थित माधव मन्दिर में दर्शन के लिए सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह मंगला आरती से शाम तक भक्तों ने राधा माधव के दर्शन किए। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि नववर्ष पर राधा माधव के दर्शन के लिए भक्तों के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे आने वाले सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। इसके साथ ही महिलाओं द्वारा संकीर्तन कर नव वर्ष उत्सव से मनाया गया।

### महिला ने पति पर लगाया नशे की गोली का सेवन कर कुकर्म करने का आरोप

**लखनऊ।** आशियाना थाने में एक महिला ने पति पर नशीली गोली का सेवन कर अप्राकृतिक संबंध और देवर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती का विवाह वर्ष 2021 में हरदोई निवासी शख्स के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद पति शराब और नशीली गोलियां खाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म करता था। विरोध कर मारपीट करता था। जून 2023 में पति ने अप्राकृतिक दुष्कर्म का फिर से प्रयास किया। पीड़िता ने ससुरालवालों से शिकायत की लेकिन किसी ने कुछ नहीं सुना। पीड़िता ने बताया कि जब पति का पैर टूटा था तो देवर ने छेड़छाड़ की। ससुराल वालों की प्रताड़ना से आजिज आकर पीड़िता जुलाई माह में मायके चली गई थी। आरोप है कि पति वहां भी पहुंचकर हंगामा काट चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 07 जनवरी, 2025 को होगा

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी त्नवदीप रिणवा ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) का तथा सर्विस मतदाताओं से संबंधित मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 07 जनवरी, 2025 को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी, 2025 के स्थान पर अब 07 जनवरी, 2025 को किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया सर्विस मतदाताओं से संबंधित मतदाता सूचियों का भी अंतिम प्रकाशन 07 जनवरी, 2025 को किया जायेगा। इस संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित कर दिया गया है।

### पीएम नरेंद्र मोदी से मिले मंत्री दिनेश प्रताप सिंह



**लखनऊ।** नव वर्ष के प्रथम दिन प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) त्नदिनेश प्रताप सिंह के परिवार की तीन पीढियों को एक साथ दुनिया के सबसे लोकप्रिय जननेता एवं भारत के यशस्वी आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पंचवटी परिवार ने आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्तकरते हुए उन्हें नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

### सहायक आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) त्ननितिन अग्रवाल जी के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्तत्नरामप्रीत चौहान को गंभीर अनियमितता में प्रथम दृष्टया लिप्त पाये जाने पर तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की जांच हेतु विशेष सचिव, आबकारी त्नदिव्य प्रकाश गिरि को जाँच अधिकारी नामित किया गया है। आबकारी मंत्री ने बताया कि अक्टूबर, 2024 में स्टार लाइट ब्रुकेम लि0, नवाबगंज आसवानी, गोण्डा में सहायक आबकारी आयुक्तके पद पर त्नरामप्रीत चौहान के तैनाती के दौरान 27,610 बल्क ली0 ई0एन0ए0 की चोरी होने के प्रकरण में उनकी संलिप्तता प्रकाश में आयी है। इससे आबकारी विभाग को भारी राजस्व की क्षति होने की सम्भावना है। उक्त के दृष्टिगत त्नरामप्रीत चौहान को निलम्बित किये जाने का आदेश दिये गये है तथा प्रश्नगत प्रकरण की जांच हेतु विशेष सचिव, आबकारी विभाग त्नदिव्य प्रकाश गिरि को जाँच अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस नीति के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग में किसी भी स्तर पर अनियमितता पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# पीएनबी ने हासिल किया पीसीआई-डीएसएस 14.0.1 प्रमाणन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पंजाब नैशनल बैंक, ने बैंकिंग परिवेश में कार्ड डेटा सुरक्षा के लिए वैश्विक स्वर्ण मानक, पीसीआई-डीएसएस वी4.0.1 (पेमेंट कार्ड इंडस्ट्री डेटा सिक्योरिटी स्टैंडर्ड) को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है। यह प्रमाणन सुनिश्चित करता है कि कार्ड डेटा से जुड़ी सभी प्रमुख प्रक्रियाएं और प्रणालियाँ कड़ी सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करती हैं, जिससे ग्राहकों का विश्वास बढ़ता है और भुगतान सुरक्षा तंत्र भी मजबूत होता है। वीजा, मास्टरकार्ड और रूपे कार्डो को जारी करने वाला पीएनबी अपने भुगतान प्रणाली के ढांचे के प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ उद्योग की अग्रणी प्रथाओं को लागू करने में हमेशा सबसे आगे रहा है। यह बैंक के ग्राहकों के विश्वास को मजबूत करने और ग्राहकों के डेटा की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अत्यधिक सुरक्षित प्रणाली बनाने के प्रयासों को दर्शाता है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, अतुल कुमार गोयल ने अत्यंत गर्व के साथ इस अभूतपूर्व उपलब्धि की घोषणा करते हुए प्रमाणीकरण को प्राप्त करने में शामिल समर्पित टीम को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, हमें यह पीसीआई डीएसएस (V-4.0.1) प्रमाणन प्राप्त करके गौरवान्वित महसूस हो रहा है, जो हमारे ग्राहकों की भुगतान जानकारी की अखंडता और गोपनीयता बनाए रखने की दिशा में पंजाब नैशनल बैंक की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अंतर्राष्ट्रीय मानक के साथ बैंक का अनुपालन हमारे ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा करता है और हमारे हितधारकों के विश्वास को बढ़ाता है। यह नवाचार, सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के पालन के साथ नेतृत्व करने के हमारे वादे को मजबूत करता है।

# ए.के. शर्मा ने कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

- कूड़ा कचरा प्रबंधन को आधुनिक बनाने के साथ वैज्ञानिक विधि से कूड़े का किया जा रहा निपटान
- जोन-02, 05, 08 क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, डोर टू डोर कूड़ा उठान अब होगी चाक-चौबंदः शर्मा

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने लखनऊ शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को मजबूती प्रदान करने के लिए 150 इलेक्ट्रिक कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यावरण के अनुकूल व प्रदूषण रहित ये कूड़ा कलेक्शन गाड़ियां प्रतिदिन जोन-02, 05 व 08 के क्षेत्रीय निवासियों के दरवाजे पहुंचकर सेग्रीगेटेड कूड़ा उठाने का कार्य करेगी। इस कार्य में इन गाड़ियों को चलाने एवं कूड़ा उठाने तक में लगभग 05 हजार महिला एवं पुरूषों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा ने गुरूवार को लखनऊ नगर निगम जोन-08 के हिन्दनगर वार्ड, अवध चौराहा के पास सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत से ही स्वच्छता की लहर देश में चल पड़ी है। अब सभी सफाई स्वच्छता के प्रति सचेत और जागरूक हैं। स्वच्छता अब हमारे जीवन की कार्य संस्कृति बन गयी है।

सभी निकायों में भी सफाई स्वच्छता को लेकर आपस में प्रतिस्पर्धा हो रही है। एक दूसरे से अपने नगर को ज्यादा स्वच्छ दिखाने का प्रयास हो रहा है। लखनऊ शहर सभी निकायों के लिए आदर्श बन गया है। क्योंकि यहां के लिए मुस्कुराइये कि आप लखनऊ में है, कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के नगर अब देश की स्वच्छता रैंकिंग में पहले दूसरे पायदान पर आने लगे हैं, इसके लिए सभी नगरवासी, निकाय कार्मिक और सफाई मित्र बधाई व सम्मान के पात्र हैं।